


# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी


## राज्य में गाड़ियों की संख्या

| | |
|---|---|
| दोपहिया | 74.80 लाख |
| तीनपहिया | 1.26 लाख |
| कार | 4.42 लाख |
| कमर्शियल वाहन | 6.15 लाख |
| अन्य वाहन | 5.13 लाख |
| कुल वाहन | 95,75,343 |




### हालात खराब, इसलिए केंद्रीय परिवहन मंत्रालय ने एक साथ 4 साल का बीमा पैकेज किया अनिवार्य

# राज्य में 95 लाख गाड़ियां, 45 लाख बिना बीमा सड़कों पर दौड़ रहीं, इनमें थोक में दोपहिया

गिरीश केशरवानी ▶▶| रायपुर

अलग खबर

वाहन मालिकों द्वारा बीमा रिन्यूवल की अनदेखी आम समस्या बन गई है। राज्य में कुल 96 लाख गाड़ियों में से 45 लाख से ज्यादा गाड़ियों का बीमा रिन्यूअल नहीं हुआ है। देश में यह आंकड़ा 16.5 करोड़ से ज्यादा है। राज्य के जिन गाड़ी मालिकों ने अपनी गाड़ियों का बीमा रिन्यूवल नहीं कराया है, उनमें दोपहिया गाड़ी मालिकों की संख्या सबसे ज्यादा है। वाहन मालिक खरीदी के समय तो बीमा करा लेते हैं, लेकिन अवधि समाप्त होने के बाद उसका रिन्यूअल नहीं कराते। राष्ट्रीय वाहन डेटाबेस के अनुसार, देशभर में लगभग 16.5 ▶▶|शेष पेज 10 पर




### इसलिए जरूरी है गाड़ियों का बीमा

दुर्घटना, वाहन चोरी या प्राकृतिक आपदा (बाढ़, तूफान आदि) होने पर बीमा कंपनी गाड़ी के मूल्यांकन के आधार पर क्लेम की राशि देती है। बीमा नहीं होने पर सारा आर्थिक बोझ और कानूनी जिम्मेदारी सीधे वाहन मालिक पर आ जाती है। सड़कों पर चलने वाली प्रत्येक गाड़ी के लिए कम से कम थर्ड-पार्टी बीमा होना अनिवार्य है। जो गाड़ी मालिक अपनी गाड़ी का बीमा नहीं कराते, उन पर कड़े जुर्माने का प्रावधान है। पहली बार पकड़े जाने पर दो हजार रुपए का जुर्माना, बार-बार उल्लंघन पर दस हजार रुपए तक जुर्माना या सजा का प्रावधान है। बीमा समाप्त होने पर किसी भी कानूनी अड़चन और भारी आर्थिक नुकसान से बचने के लिए गाड़ी मालिक ऑनलाइन या ऑफलाइन बीमा रिन्यूअल करा सकते हैं। दोपहिया वाहन में दो से चार हजार रुपए जुर्माना के साथ तीन महीने सजा का प्रावधान है।

### एक्सपर्ट व्यू

अपर परिवहन आयुक्त डी. रविशंकर के अनुसार गाड़ी मालिकों को फर्स्ट के साथ थर्ड पार्टी बीमा अनिवार्य रूप से कराना चाहिए। कार्रवाई से बचने केवल सिंगल या थर्ड पार्टी बीमा नहीं कराना चाहिए, इससे गाड़ी मालिकों को आगे चलकर परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। एप के माध्यम से गाड़ियों की जानकारी निकालकर कमी बेसी होने पर कार्रवाई की जाती है।

### टोल प्लाजा में होती है निगरानी

मालवाहक के साथ चारपहिया वाहन जिनका बीमा रिन्यूअल नहीं हुआ रहता, ऐसी गाड़ियों की पहचान टोल प्लाजा में होती है। इसीलिए उनका तत्काल ई-चालान काटकर मैसेज भेज दिया जाता है। शहर के अंदर बगैर बीमा रिन्यूअल के चलने वाली गाड़ियों की पहचान करने एक एप है, उस एप के माध्यम से गाड़ियों के फिटनेस से लेकर बीमा तथा अन्य जानकारी एक क्लिक में मिल जाती है।


सोने का सच्चा भाव
आनंद का सच्चा भाव

| | |
|---|---|
| 18 कैरेट रेट (75.00%) | ₹108693/- |
| 22 कैरेट रेट (91.60%) | ₹132750/- |
| 24 कैरेट रेट (99.99%) | ₹144910/- |

Live Rate आनंद ज्वेल्स के मोबाइल ऐप पर चेक करें।

anand Jewels Pandri, Raipur

*Conditions apply


# पेपर लीक रोकने आज लाएंगे कठोर कानून परीक्षा सुधार के लिए हाईपावर टास्क फोर्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली


प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शिक्षा सुधारों को लेकर गंभीर नजर आ रहे हैं, पहले एनटीए में प्रशासनिक बदलाव के साथ ही पूर्व शिक्षामंत्री धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा भी स्वीकार कर लिया। इस बीच, रविवार शाम पीएम मोदी ने इंस्टाग्राम पर अब तीसरा वीडियो शेयर किया है। इसमें कहा है, हमने फास्ट ट्रैक कोर्ट बना दिए हैं। हम कल संसद में कठोर सजा के साथ प्रावधान ला रहे हैं। उन्होंने घोषणा की है कि नंदर नीलेकणी की अध्यक्षता में परीक्षा सुधारों पर एक हाई लेवल टास्क फोर्स का गठन किया गया। इधर, विपक्ष ने छात्रों पर 'पुलिस की ज्यादती' को लेकर संसद में सरकार को घेरने की रणनीति बनाई है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार शाम 7 बजे के करीब अपने सोशल मीडिया पर परीक्षा प्रणाली में सुधार को लेकर नया वीडियो जारी किया। उन्होंने बताया कि परीक्षा सुधारों के लिए नंदन नीलेकणि के नेतृत्व में हाई पावर्ड टास्क फोर्स का गठन किया गया है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार छात्रों के भविष्य को सुरक्षित बनाने के लिए लगातार कई कदम उठा रही है। उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने छात्रों के भविष्य से छेड़छाड़ की, वे आज जेल में हैं। प्रधानमंत्री ▶▶|शेष पेज 10 पर

### परीक्षा प्रणाली में होगा सुधार

प्रधानमंत्री ने कहा कि भविष्य को ध्यान में रखते हुए परीक्षा प्रणाली को भरोसेमंद, पारदर्शी और तकनीक आधारित बनाया जाना जरूरी है। विश्व प्रसिद्ध प्रौद्योगिकी विशेषज्ञ नंदन नीलेकणि के नेतृत्व में हाई पावर्ड टास्क फोर्स गठित करने का निर्णय लिया गया है।

### प्रधानमंत्री मोदी ने जारी किया नया वीडियो संदेश, चार दिन में पोस्ट किया तीसरा वीडियो



### जोशी ने शिक्षा मंत्री का कार्यभार संभाला



नवनियुक्त केंद्रीय शिक्षा मंत्री प्रह्लाद जोशी ने पदभार संभाल लिया है। धर्मेंद्र प्रधान के शनिवार को पद से इस्तीफा देने के बाद जोशी को शिक्षा मंत्री नियुक्त किया गया। जोशी को शिक्षा मंत्रालय का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। वह उपभोक्ता मामलों के मंत्री हैं।

### विपक्ष ने बनाई रणनीति

कांग्रेस के नेतृत्व वाला विपक्ष प्रदर्शनकारी छात्रों पर पुलिस की कथित 'ज्यादती' को लेकर संसद में सरकार पर दबाव बनाए रखने की तैयारी में है। इस दौरान वह छात्रों पर हमले के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से माफी की मांग करेगा। सोमवार इंडिया गठबंधन की बैठक में रुख तय किया जाएगा।



### राहुल ने शाह को लिखी चिट्ठी

राहुल गांधी ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को पत्र लिखकर छात्रों पर 'बर्बर हमले' के लिए जवाबदेही तय करने की मांग की है। उन्होंने पूछा कि 'पैलेट गन' समेत 'घातक बल' को मंजूरी क्या शाह ने दी थी।

## खबर संक्षेप

### कूरियर से भेजी जा रही थी पांच करोड़ एफेड्रिन

मुंबई। स्वापक नियंत्रण ब्यूरो की मुंबई क्षेत्रीय इकाई ने अंतरराष्ट्रीय मादक पदार्थ तस्करी नेटवर्क का भंडाफोड़ करते हुए न्यूजीलैंड भेजे जा रहे तीन कूरियर खेपों में छिपाकर रखी गई एफेड्रिन जब्त की है। चेन्नई से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। जब्त एफेड्रिन की कीमत करीब पांच करोड़ रुपए है। एनसीबी ने 21 जुलाई को दो कूरियर और 25 जुलाई को एक कूरियर जब्त किया।

# मलेरिया से 24 घंटे में दो मासूमों की मौत, छात्रावासों के 10 बच्चे पॉजिटिव



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

कांकेर जिले में मलेरिया ने एक बार फिर जानलेवा रूप दिखाया है। महज 24 घंटे के भीतर दो मासूम बच्चों की मौत ने स्वास्थ्य व्यवस्था और छात्रावासों में सुरक्षा इंतजामों पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। मर्दापोटी और इरादाह छात्रावासों की जांच में 10 बच्चे मलेरिया पॉजिटिव पाए गए हैं, जिनमें दो की हालत गंभीर होने पर रायपुर रेफर किया गया है। प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग ने प्रभावित छात्रावासों में ▶▶|शेष पेज 10 पर

### क्षेत्र में विशेष निगरानी

अस्पताल के सह अधीक्षक डॉ. विमल भगत ने बताया कि जिले के अंदरूनी क्षेत्रों से लगातार मलेरिया के मरीज सामने आ रहे हैं। बच्चों में मिक्स मलेरिया संक्रमण पाया गया है, जिसके कारण स्थिति ने गंभीर रूप ले लिया। इधर सीएमएचओ डॉ. आरसी ठाकुर ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग प्रभावित क्षेत्रों में विशेष निगरानी, जांच और उपचार अभियान चला रहा है ताकि संक्रमण को फैलने से रोका जा सके। 22 तारीख से चल रही जाँच में अभी तक कुल 11 बच्चे मलेरिया पॉजिटिव पाए गए हैं।








# सीएम साय बोले- 'मन की बात' में बार-बार छत्तीसगढ़ का उल्लेख गौरव की बात

## मुख्यमंत्री ने फाफाडीह में युवाओं और आमजनों के साथ सुनी पीएम मोदी के मन की बात

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने राजधानी रायपुर के फाफाडीह स्थित दया भवन में युवाओं, जनप्रतिनिधियों और आम नागरिकों के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात का प्रसारण सुना। सीएम ने कहा, 'मन की बात' में बार-बार छत्तीसगढ़ का उल्लेख गौरव की बात है।



मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मन की बात कार्यक्रम देशवासियों के साथ संवाद का एक ऐसा सशक्त मंच बन गया है, जो समाज के बीच हो रहे सकारात्मक और प्रेरणादायी कार्यों को राष्ट्रीय पहचान दिलाता है। देशभर के लोगों को प्रत्येक माह इस कार्यक्रम की उत्सुकता से प्रतीक्षा रहती है। प्रधानमंत्री इस कार्यक्रम के माध्यम से ऐसे व्यक्तियों, संस्थाओं, नवाचारों और जन-अभियानों को सामने लाते हैं, जो बिना किसी प्रसिद्धि या व्यक्तिगत अपेक्षा के समाज और राष्ट्र के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा, प्रधानमंत्री श्री मोदी द्वारा पिछले कुछ महीनों में 'मन की बात' कार्यक्रम में लगातार छत्तीसगढ़ की उपलब्धियों, सांस्कृतिक विरासत और नवाचारों का उल्लेख किया जाना प्रत्येक प्रदेशवासी के लिए गर्व की बात है। प्रधानमंत्री ने इससे पहले मल्हार की समृद्ध पुरातात्विक विरासत, बस्तर ओलंपिक और बस्तर पंडुम जैसे अभिनव आयोजनों का उल्लेख कर छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक शक्ति, जनजातीय परंपराओं और युवा प्रतिभाओं को राष्ट्रीय मंच प्रदान किया था।

सीएम श्री साय ने कहा, आज के कार्यक्रम में प्रधानमंत्री द्वारा कोरबा में जल संरक्षण और भूजल पुनर्भरण की दिशा में किए जा रहे उत्कृष्ट कार्यों का उल्लेख किया गया। यह छत्तीसगढ़ के लिए एक और गौरवपूर्ण उपलब्धि है। मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री श्री मोदी ने 'कैच द रेन' अभियान के अंतर्गत देशभर में वर्षा जल संचयन, भूजल पुनर्भरण, पुराने जलस्रोतों के पुनर्जीवन और वृक्षारोपण के लिए किए जा रहे प्रयासों की चर्चा की। उन्होंने छत्तीसगढ़ के कोरबा में जल संरक्षण की दिशा में किए जा रहे कार्यों को उत्साहजनक बताते हुए उनकी सराहना की। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा, कोरबा में वैज्ञानिक पद्धति से जल संरक्षण और भूजल पुनर्भरण के लिए भू-स्थानिक मैपिंग, शैलो एक्विफर मैनेजमेंट, रिचार्ज वेल तथा अन्य आधुनिक तकनीकों का उपयोग किया जा रहा है। इन प्रयासों का उद्देश्य वर्षा जल को अधिकतम मात्रा में संरक्षित करना, भूजल स्तर में सुधार लाना और क्षेत्र में जल उपलब्धता को दीर्घकालिक रूप से सुनिश्चित करना है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने आगामी स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर 'हर घर तिरंगा' अभियान को पूरे उत्साह और गौरव के साथ आगे बढ़ाने का आव्हान किया है। इस अवसर पर विधायक पुरंदर मिश्रा, छत्तीसगढ़ राज्य युवा आयोग के अध्यक्ष विश्व विजय सिंह तोमर, राज्य गौ सेवा आयोग के उपाध्यक्ष राजीव लोचन महाराज सहित बड़ी संख्या में युवा, जनप्रतिनिधि, आम नागरिक और गणमान्यजन उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### एआई से महिला की फोटो एडिट कर 5 लाख की डिमांड

**भिलाई।** एआई से एडिट कर महिला का फोटो बनाकर उससे रकम का डिमांड करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। घटना छावनी पुलिस थाना क्षेत्र का है। पुलिस ने बताया कि साम्या खान ने पुलिस में लिखित शिकायत किया। जिसमें मोबाइल नंबर का उपयोग कर सतनामी पारा, ठेंगाभाट, थाना धमधा निवासी रविन्द्र भारती ने 5 लाख रुपए का डिमांड करने लगा। आरोपी ने महिला को धमकी देकर कहा कि महिला के पति को जान से मार देगा। एआई तकनीक का उपयोग कर महिला के फोटो को एडिट कर सोशल मीडिया इंस्टाग्राम पर वायरल करने की भी धमकी दी थी। महिला के पति से उसका जबरन तलाक लेने का दबाव भी बनाया था। शिकायत के बाद पुलिस विवेचना में जुट गई। युवक रविन्द्र को हिरासत में लिया गया। आरोपी से पूछताछ करने पर स्वीकार किया कि एआई तकनीक से फोटो एडिट कर महिला को ब्लैकमेलिंग कर रहा था।

### पैंगोलिन स्केल के साथ तीन आरोपी गिरफ्तार



**जगदलपुर।** इंद्रावती टायगर रिजर्व बीजापुर क्षेत्र में वन्यजीवों के शिकार और तस्करी के खिलाफ वन विभाग ने कार्रवाई करते हुए पैंगोलिन मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। वनमंडल बीजापुर और इंद्रावती टाइगर रिजर्व की संयुक्त टीम ने भोपालपटनम क्षेत्र के सैंड्रापारा गांव में छापेमारी कर आरोपियों के कब्जे से पैंगोलिन स्केल बरामद किए। वन विभाग ने तीनों आरोपियों के खिलाफ वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 (संशोधित 2022) के तहत मामला दर्ज किया। गिरफ्तारी के बाद आरोपियों को मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, बीजापुर की अदालत में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। विभाग को गुप्त सूचना मिली थी कि कुछ लोग पैंगोलिन के स्केल अपने पास रखे हुए हैं। सूचना के आधार पर गठित टीम ने छापेमारी की और तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। इंद्रावती टायगर रिजर्व बीजापुर के निदेशक संदीप बलगा ने बताया कि वन्यजीवों के शिकार और तस्करी में शामिल लोगों के खिलाफ आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। संरक्षित वन्यजीवों की सुरक्षा के लिए विशेष अभियान लगातार संचालित किए जा रहे हैं और किसी भी प्रकार के वन्यजीव अपराध को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### गोवा राज्य की शराब जब्त

**रायपुर।** आबकारी विभाग की टीम ने शनिवार को मुखबिर की सूचना पर मठपुरेना क्षेत्र में स्थित अजय सोनवानी के मकान में दबिश दी। इस दौरान एक प्लास्टिक बाल्टी में 20 पाव एवं 5 पेटियों में रखे रॉयल गोवा व्हिस्की फॉर सेल इन गोवा कुल 249 पाव शराब जब्त किया। इसकी कुल कीमत 29 हजार 880 रुपए है। पुलिस आरोपी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34 (2), 36 एवं 59 (क) के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया है।

## 7 बांधों से नहर के जरिए छोड़ा जा पानी

# बांधों में 69.23 फीसदी जलभराव पिछले साल से बेहतर स्थिति

हरिभूमि न्यूज : रायपुर



छत्तीसगढ़ के प्रमुख और मध्यम जलाशयों में इस मानसून सीजन में पानी का भंडारण पिछले वर्ष की तुलना में बेहतर स्थिति में है। जल संसाधन विभाग की रिपोर्ट के अनुसार, राज्य के 12 प्रमुख जलाशयों में कुल 3840.347 मिलियन घनमीटर पानी उपलब्ध है, जो उनकी कुल लाइव क्षमता का 71.71 प्रतिशत है। पिछले वर्ष इसी अवधि में प्रमुख जलाशयों में लाइव क्षमता का 45.76 प्रतिशत पानी था। 7 जलाशयों/बांधों में पानी स्पिलवे, स्लुइस और नहर के जरिए पानी छोड़ा गया है। इनमें मिनीमाता बांगो, कोसारटेड, श्याम सरगुजा, परलकोट, झुमका, खामरपाकुट, केदार नाला में नहरों के जरिए पानी छोड़ा जा रहा है। इसके अलावा स्पिलवे से सूखा नाला बैराज से पानी छोड़ा जा रहा है।

राज्य के 34 मध्यम जलाशयों में 563.064 मिलियन घनमीटर पानी संग्रहित है, जो कुल लाइव क्षमता का 56.05 प्रतिशत है। पिछले वर्ष की तुलना में यह भी अधिक है, जब मध्यम जलाशयों में 49.12 प्रतिशत पानी उपलब्ध था। रिपोर्ट के अनुसार, प्रमुख और मध्यम जलाशयों को मिलाकर कुल 46 महत्वपूर्ण जलाशयों में 4403.41 मिलियन घनमीटर पानी संग्रहित है, जो कुल लाइव क्षमता का 69.23 प्रतिशत है। पिछले वर्ष इसी तारीख को इन जलाशयों में 57.32 प्रतिशत पानी था, जबकि वर्ष 2024 में यह आंकड़ा 46.29 प्रतिशत था।

प्रमुख जलाशयों में मिनीमाता बांगो जलाशय, कोरबा में सबसे अधिक 78.54 प्रतिशत, दुधावा में 74.07 प्रतिशत, खारंग और मनियारी में 100 प्रतिशत, सिकासार में 76.44 प्रतिशत, तांदुला 46.41 प्रतिशत, सोंढूर में 68.22 प्रतिशत, कोडार में 64.67 प्रतिशत और मुरुमसिल्ली, धमतरी में 50.49 प्रतिशत पानी दर्ज किया गया है। रविशंकर सागर में 48.48 प्रतिशत, केलो में 54.93 प्रतिशत और अरपा-भैंसाझार बैराज में 17.84 प्रतिशत पानी उपलब्ध है। मध्यम जलाशयों में श्याम जलाशय 84.69, छीरपानी 80.14, सुतियापाट 80.70, पिपरिया नाला 72.26, घोंघा 100, झुमका 83.70 और खपरी में 100 प्रतिशत पानी है। परलकोट जलाशय में सबसे कम जलभराव दर्ज किया गया है। यहां 1.29 प्रतिशत लाइव क्षमता में पानी है। वहीं केशवा जलाशय, महासमुंद में 32.47 प्रतिशत पानी दर्ज किया गया है।

### 12 प्रतिशत अधिक पानी

इस तरह देखा जाए तो अब तक राज्य के महत्वपूर्ण जलाशयों में पानी का भंडारण पिछले साल की तुलना में करीब 11.91 प्रतिशत अधिक है। अच्छी बारिश के चलते जलाशयों की स्थिति में सुधार हुआ है, हालांकि कुछ जलाशयों में पानी का स्तर अभी भी अपेक्षाकृत कम है। कुछ क्षेत्रों में पिछले तीन दिनों से बारिश की गतिविधियां कमजोर होने की वजह से बांधों में पानी की आवक कम हो गई है।आने वाले दिनों में इसके बढ़ने पर जलभराव में परिवर्तन आया है।

## 2 लाख की नशीली दवा के साथ तीन युवक गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

दो लाख की नशीली दवाओं के साथ तीन युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उनके पास से भारी मात्रा में नशे की दवा बरामद किया गया है। एएसपी मणीशंकर चंद्रा ने बताया कि छावनी पुलिस को मुखबिर ने सूचना दी कि पावर हाउस परिसर में कुछ युवक प्रतिबंधित नशीली दवाई बेच रहे हैं। टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी कर पकड़ा गया। जहां से शर्मा कॉलोनी, मिलन चौक के पास, कैम्प-2 कमल थापा, ढोलक पारा, न्यू गणेश चौक कैम्प 2 प्रदीप साहू, शारदा पारा, कैम्प-2 शहनवाज आलम उर्फ बिन्नी को पकड़ा गया। उनके पास से पुलिस ने 500 नशीली दवा, टेबलेट जब्त किया गया। जिसकी कीमत दो लाख रुपए की आंकी गई है।

### मारपीट कर लूटपाट आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर।** गुढ़ियारी पुलिस ने मारपीट कर नकदी लूटपाट करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। प्रार्थी लखन यादव 24 जुलाई की रात करीब 11 बजे अपनी दोपहिया वाहन से मध्यप्रदेश जाने के लिए घर से निकला था। उसके पास नकदी रकम भी थी। जब वह दुर्गा नगर अशोक नगर क्षेत्र पहुंचा, तभी एक युवक से उसकी मुलाकात हुई। विक्की घृतलहरे नाम बताते हुए वह लखन से बातचीत करने लगा।

# थाना के बैरक में आरक्षक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ हसौद

हसौद थाना परिसर स्थित बैरक में आरक्षक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बैरक की खिड़की में मच्छरदानी की रस्सी के फंदे पर उसकी लाश लटकती मिली। आत्महत्या के कारण का पता लगाने पुलिस जांच में जुट गई है।



इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार आरक्षक जय लहरे जांजगीर-चांपा जिले के पामगढ़ थाना क्षेत्र के भलवाही गांव का निवासी था और वर्तमान में सक्ती जिले के हसौद थाना में पदस्थ था। शनिवार 25 जुलाई की शाम उसने हसौद थाना के बैरक में फांसी लगा ली। आरक्षक जय लहरे ने बैरक में लगी मच्छरदानी की रस्सी को चाकू से काटकर उसका उपयोग फंदा लगाने में किया। इसके बाद उसने बैरक की खिड़की में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी मिलते ही थाना प्रभारी ने वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को सूचना दी। इसके बाद आवश्यक कार्रवाई करते हुए शव को फंदे से नीचे उतारा गया और पीएचसी हसौद ले जाया गया। पति की आत्महत्या की सूचना मिलने पर मृतक की पत्नी दिलेश्वरी लहरे पीएचसी हसौद पहुंचीं। पति का शव देखते ही वह फूट-फूटकर रोने लगीं। मृतक की पत्नी डभरा क्षेत्र के एक प्राथमिक स्कूल में शिक्षिका के पद पर पदस्थ हैं और अपने दो बच्चों के साथ डभरा में रहती हैं। घटना के बाद परिवार में मातम पसरा हुआ है। रविवार सुबह हसौद तहसीलदार गरिमा मनहर की उपस्थिति में पंचनामा कार्रवाई के बाद शव का पोस्टमार्टम कराया गया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा गया। आत्महत्या के कारणों का फिलहाल स्पष्ट पता नहीं चल पाया है। हसौद पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### बिगड़ते स्वास्थ्य को लेकर चिंतित था आरक्षक

पुलिस से मिली प्रारंभिक जानकारी के अनुसार आरक्षक जय लहरे लंबे समय से स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों से चिंतित था। बताया जा रहा है कि उसका डायबिटीज बढ़ा हुआ था और उसे चलने-फिरने में भी परेशानी होती थी। स्वास्थ्य संबंधी दिक्कतों के कारण वह फील्ड ड्यूटी नहीं कर रहा था और थाना में रहकर कागजी कार्रवाई से संबंधित कार्य करता था। साथी पुलिसकर्मियों के अनुसार वह अपने बिगड़ते स्वास्थ्य को लेकर चिंतित रहता था।

## पार्क में घूमने आई युवती पर जानलेवा हमला, चाकू से रेता गला

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

रविवार की देर शाम नगर के नेहरु पार्क में एक युवती पर जानलेवा हमला कर दिया गया। बाइक से आए युवकों ने लड़की के गर्दन पर चाकू से हमला कर उसका गला रेतने का प्रयास किया। इस दौरान शोर मचाने से आरोपी भाग निकले। इधर आस पास मौजूद लोगों ने युवती को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया जहां से उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर कर दिया है। फिलहाल घायल युवती की पहचान नहीं हो पाई है। सूचना पर पहुंची पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है।



बताया जा रहा है कि रविवार की देर शाम 8 बजे एक युवती शहर के नेहरु पार्क में घूमने आई हुई थी। इसी दौरान बाइक से पहुंचे दो अज्ञात युवकों ने युवती पर जानलेवा हमला करते हुए उसका गला रेतने का प्रयास किया। इस दौरान युवती द्वारा शोर मचाने पर हमलावर भाग निकले। घटना के बाद आनन फानन में युवती को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां से उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर कर दिया गया है। फिलहाल युवती का उपचार मेडिकल कॉलेज अस्पताल में चल रहा है। इस घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। वहीं भीड़ भाड़ वाले क्षेत्र में इस तरह युवती पर जानलेवा हमला किए जाने से जिले में कानून व्यवस्था पर भी सवाल खड़े हो गए है।

## सभी कक्षाओं, शौचालयों, प्रयोगशालाओं और खेल के मैदानों की गहन जांच करनी होगी

# स्कूलों में नया सुरक्षा नियम, छुट्टी से पहले रोज स्कूल परिसर की जांच करेंगे शिक्षक

**बिलासपुर।** प्रदेश में छात्र-छात्राओं की सुरक्षा को लेकर लोक शिक्षण संचालनालय ने नए निर्देश जारी किए हैं। अब सभी स्कूलों में छुट्टी होने से पहले शिक्षक रोजाना स्कूल परिसर का निरीक्षण करेंगे। राज्य में संचालित स्कूलों में अब विद्यार्थियों की सुरक्षा को देखते हुए शिक्षकों को विद्यालय बंद होने के पहले सभी कक्षाओं, शौचालयों, प्रयोगशालाओं और खेल के मैदानों की गहन जांच करनी होगी। लोक शिक्षण संचालनालय ने सभी संयुक्त संचालक और जिला शिक्षा अधिकारियों को यह निर्देश जारी किए हैं। डीपीआई की ओर से जारी निर्देश में कहा गया है कि राज्य के समस्त विद्यालयों में शाला संचालन समयावधि एवं छुट्टी के समय छात्र-छात्राओं की सुरक्षा को लेकर विशेष सतर्कता बरतने की अत्यंत आवश्यकता है। अक्सर यह देखा गया है कि विद्यालय में उचित देखरेख न होने के कारण दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है। इसके अतिरिक्त, असावधानीवश किसी छात्र के कक्षा या शौचालय में बंद रह जाने जैसी घटनाएं भी सामने आती हैं, जो अत्यंत चिंताजनक है।

### यह निर्देश दिए गए

प्रतिदिन विद्यालय बंद होने के पूर्व संस्था प्रमुख यह सुनिश्चित करेंगे कि सभी कक्षाओं, शौचालयों, प्रयोगशालाओं और खेल के मैदानों की गहन जांच कर ली गई है या नहीं। कोई भी छात्र परिसर के भीतर नहीं होने पर ही कमरों और मुख्य द्वार पर ताला लगाया जाएगा। इसके लिए विद्यालय में प्रतिदिन रोटेशन के आधार पर नोडल शिक्षक/कर्मचारी की ड्यूटी लगाई जाएगी, जो छुट्टी के समय पूरे परिसर का निरीक्षण कर ताला बंद करवाने के लिए व्यक्तिगत रूप से उत्तरदायी होगा। साथ ही छुट्टी के समय मुख्य द्वार पर होने वाली भीड़ को नियंत्रित करने और विद्यार्थियों के सुरक्षित निकास के लिए गेट पर शिक्षकों की उपस्थिति अनिवार्य की जाएगी।

### गड्ढे-खुले बोरवेल किए जाएंगे बंद

निर्देश में कहा गया है कि विद्यालय परिसर में गड्ढे व खुला बोरवेल होने पर उसे तत्काल बंद करवाने को कहा गया है। इसके साथ ही बारिश के मौसम में दीवारें गीली होने के कारण खुले बिजली तारों को चेक कर ठीक करावाने के निर्देश दिए गए हैं। दरअसल यह आदेश ऐसे समय आया है, जब हाल के महीनों में स्कूल परिसरों में सुरक्षा को लेकर कई घटनाएं सामने आई हैं। बारिश के मौसम में स्कूल भवनों की जर्जर स्थिति, खुले विद्युत तार, जलभराव, खुले बोरवेल और परिसर में जहरीले जीव-जंतुओं के मिलने जैसी शिकायतों ने चिंता बढ़ाई है। इन्हीं मामलों को देखते हुए लोक शिक्षण संचालनालय ने सभी सरकारी स्कूलों को छुट्टी से पहले नियमित रूप से परिसर का निरीक्षण करने, संभावित जोखिमों की पहचान करने और तत्काल सुधारात्मक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश जारी किए हैं।




# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी




## ऐसा है टमाटर का गणित, फसल ज्यादा होने से इस बार भी कीमत कम

# चार का टमाटर, बेंगलुरु से भाड़ा 10 रुपए, यहां थोक में 16 और चिल्हर में दाम 20 रुपए किलो

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

**खास खबर**

राजधानी रायपुर के साथ ही प्रदेश की सभी सब्जी मंडियों में इस समय टमाटर की आवक बेंगलुरु से हो रही है। वहां पर टमाटर की कीमत सौ रुपए क्रेट यानी चार रुपए किलो है। अब इस चार रुपए ▶▶ शेष पेज 10 पर

### चिल्हर में दाम ज्यादा

राजधानी रायपुर सहित प्रदेश के अन्य सब्जी मंडियों में टमाटर के चिल्हर में दाम ज्यादा हैं। राजधानी रायपुर की अलग-अलग सब्जी मंडियों में इसके दाम 20 से 25 रुपए हैं। चिल्हर कारोबारियों के ▶▶ शेष पेज 10 पर



### भाड़ा ज्यादा लगता है

बेंगलुरु में तो टमाटर के दाम कम हैं, लेकिन भाड़ा ज्यादा होने के कारण इसके दाम यहां पर थोक मे 15 से 16 रुपए हो जाते हैं।

-टी. श्रीनिवास रेड्डी, अध्यक्ष, डूमरतराई थोक सब्जी मंडी

### भाड़े की वजह से रेट बढ़ा

बेंगलुरु में टमाटर के दाम तो महज चार रुपए हैं, लेकिन इसको वहां से रायपुर या प्रदेश के किसी भी शहर तक लाना महंगा साबित हो रहा है। रायपुर के कारोबारियों के मुताबिक बेंगलुरु से रायपुर तक एक क्रेट टमाटर का भाड़ा दो सौ रुपए है। इसकी के साथ लोडिंग और अनलोडिंग का शुल्क अलग से लगता है। ऐसे में एक किलो टमाटर पर यहां तक पहुंचने पर दस रुपए खर्च हो जाते हैं। ऐसे में चार रुपए किलो के टमाटर के दाम 14 रुपए हो जाते हैं। इसमें लोकल थोक कारोबारी इसमें अपना एक से दो रुपए किलो के हिसाब से मुनाफा जोड़कर इसके 15 से 16 रुपए किलो के हिसाब से बेचते हैं।

### इस बार भी दाम कम

आमतौर पर जब भी बेंगलुरु से टमाटर की आवक प्रारंभ होती है तो इसके दाम बढ़ जाते हैं, लेकिन यह लगातार दूसरा साल है जब इसके दाम बहुत कम हैं। इसके पीछे का कारण यह है कि वहां पर टमाटर की भारी फसल हुई है। ऐसे में वहां के किसानों को तो इसके दाम ही नहीं मिल पा रहे हैं। यहां के कारोबारियों के मुताबिक बेंगलुरु में इस समय टमाटर की कीमत 2 से 4 रुपए किलो है। बहुत अच्छी क्वालिटी का टमाटर चार रुपए किलो है।

# पलक झपकते एक करोड़ की लूट जेवरात से भरे बैग ले उड़े बदमाश



## दिनदहाड़े हुई उठाईगिरी





हरिभूमि न्यूज ▶▶ सीतापुर

नगर में दिनदहाड़े सर्राफा कारोबार से एक करोड़ रुपए के सोने के जेवरों की उठाईगिरी की घटना हुई। सुबह दुकान खोलने पहुंचा व्यवसायी सोने के जेवरों से भरा बैग स्कूटी पर रखकर ताला खोल रहा था। इसी दौरान घात लगाकर बैठे लुटेरे पलक झपकते सोने के ▶▶ शेष पेज 10 पर

- सीसीटीवी में कैद हुई घटना, दुकान का ताला खोल रहा था व्यवसायी

### व्यवसायियों में आक्रोश

नगर में दिनदहाड़े हुई इस घटना से नगर के व्यापारी वर्ग में काफी आक्रोश एवं दहशत का माहौल निर्मित हो गया है। दिनदहाड़े हुई इस घटना ने नगर की सुरक्षा व्यवस्था की पोल खोल कर रख दी है। पुलिस के सुस्त रवैये की वजह से लुटेरे एवं अपराधियों के अंदर पुलिस का डर खत्म हो गया, ▶▶ शेष पेज 10 पर

### चल रही है जांच

उठाईगीरी की घटना की जांच चल रही है। सभी पहलुओं पर जांच जारी है। जल्द ही आरोपियों को पकड़ लिया जाएगा।

-राजेश अग्रवाल, एसएसपी

### रेकी कर दिया वारदात को अंजाम

सर्राफा व्यवसायी के बैग में लगभग एक करोड़ रुपए के सोने के जेवर थे। उठाईगिरी की यह घटना सीसीटीवी में कैद हुई है। इस दौरान आरोपी बैग लेकर भागते नजर आए है। इसके साथ ही एक नकाबपोश महिला भी संदिग्ध रूप से घूमते हुए नजर आई है। जिस तरह से चंद मिनटों में आरोपियों ने वारदात को अंजाम दिया है उससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि ▶▶ शेष पेज 10 पर

## अमेरिकी राष्ट्रपति के फैसले से पश्चिम एशिया की स्थिति में नया मोड़

# ईरान पर बड़े हमले से पीछे हटे ट्रंप 13 दिन बाद रुका अमेरिकी एक्शन

*अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने लगातार 13 दिनों तक ईरान पर सैन्य हमले कराने के बाद नए हमलों पर रोक लगाने का निर्देश दिया है। यह फैसला ऐसे समय आया, जब ओमान का प्रतिनिधिमंडल तेहरान पहुंचकर बातचीत कर रहा था। ट्रंप ने कहा कि अमेरिका पूरी तरह तैयार है, लेकिन वह पहले समझौते का रास्ता चाहता है।*

एजेंसी ▶▶ दुबई

अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप का यह फैसला ऐसे समय आया, जब होर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर बातचीत के लिए ओमान का एक प्रतिनिधिमंडल तेहरान पहुंचा। ट्रंप ने साफ किया कि अमेरिका के पास सैन्य कार्रवाई की पूरी क्षमता है, लेकिन उनकी पहली कोशिश बातचीत के जरिए समाधान निकालने की है। ट्रंप के इस फैसले ने पश्चिम एशिया की स्थिति को नया मोड़ दे दिया। बताया गया कि ओमान और ईरान के बीच बातचीत में प्रगति हुई है और सप्ताहांत तक किसी समझौते पर सहमति बन सकती है। अगर ऐसा होता है तो अंतिम फैसला ट्रंप ▶▶ शेष पेज 10 पर

- होर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर तेहरान पहुंचा ओमान का प्रतिनिधिमंडल



### इस्राइल की तैयारी पर कैसा असर

ट्रंप के अचानक फैसले से इस्राइल भी हैरान रह गया। इस्राइल की सुरक्षा कैबिनेट और इस्राइली रक्षा बल को उम्मीद थी कि अमेरिका एक और बड़े हवाई हमले की शुरुआत करेगा। इसी संभावना को देखते हुए इस्राइल ने संभावित जवाबी हमलों से निपटने के लिए अपनी तैयारियां तेज कर दी थीं और पूरे दिन हाई अलर्ट बनाए रखा।

### बड़े सैन्य अभियान की योजना क्यों टली?

रिपोर्ट के अनुसार ट्रंप ने ईरान के खिलाफ बड़े स्तर पर सैन्य अभियान की योजना भी फिलहाल रोक दी है। इसकी एक बड़ी वजह अमेरिकी रक्षा अधिकारियों की चेतावनी बताई गई। अधिकारियों ने कहा कि पश्चिम एशिया में तैनात पैट्रियट एयर डिफेंस इंटरसेप्टर मिसाइलों का भंडार तेजी से कम हो रहा है। आशंका जताई गई कि अगर बड़े स्तर पर युद्ध शुरू हुआ तो अमेरिकी सैनिकों, खाड़ी देशों के सहयोगियों और महत्वपूर्ण ठिकानों की सुरक्षा कमजोर पड़ सकती है।

### इधर, होर्मुज स्ट्रेट में तेल टैंकर में विस्फोट

होर्मुज स्ट्रेट में एक तेल टैंकर समुद्री माइन से टकरा गया, जिसके बाद आग लग गई। यह टैंकर तेहरान की ओर से तय किए गए समुद्री मार्ग से अलग रास्ते से जा रहा था, जिसके बाद वह बारूदी सुरंग से टकरा गया। ईरान पहले भी कई बार चेतावनी दे चुका है कि अगर कोई जहाज उसकी ओर से तय किए गए मार्ग से हटकर चलेगा, तो उसके परिणाम की जिम्मेदारी उसी की होगी।

### अमेरिका की आगे की रणनीति क्या होगी?

व्हाइट हाउस के संचार निदेशक स्टीवन च्यूंग ने कहा कि ट्रंप हमेशा से कूटनीतिक समाधान के पक्षधर रहे हैं, लेकिन अगर ईरान होर्मुज जलडमरूमध्य या सहयोगी देशों के खिलाफ आतंकवादी गतिविधियां जारी रखता है तो सभी विकल्प खुले हैं।



## दो फिफ्टी लगाकर वैभव ने बनाया वर्ल्ड रिकॉर्ड

**हरारे।** वैभव सूर्यवंशी ने जिम्बाब्वे के खिलाफ आखिरी टी20 मुकाबले में अर्धशतकीय पारी खेली। वे 81 रन बनाकर आउट हुए। यह वैभव सूर्यवंशी का टी20 इंटरनेशनल में सर्वोच्च स्कोर रहा। वैभव भले ही शतक से चूक गए लेकिन उन्होंने एक वर्ल्ड रिकॉर्ड बना दिया।

81 रन
49 गेंद
8 चौके
4 छक्के

महिला **48** किलो वर्ग में स्वर्ण पदक



## चानू ने तीसरी बार जीता स्वर्ण

**ग्लास्गो।** भारोत्तोलक मीराबाई चानू ने महिला 48 किलो वर्ग में स्वर्ण पदक अपने नाम कर लिया है। ग्लास्गो राष्ट्रमंडल खेलों में भारत का यह कुल तीसरा और पहला स्वर्ण पदक है। चानू ने स्नैच में 85 किलो और क्लीन एंड जर्क में 105 किलो का वजन उठाया। इस तरह उन्होंने कुल 190 किलो वजन उठाकर राष्ट्रमंडल खेलों में लगातार तीसरी बार स्वर्ण पदक जीता।





अधिसूचित जिले: बस्तर, बेमेतरा, बीजापुर, कोरिया, सारंगगढ़-बिलाईगढ़, गरियाबंद, जांजगीर-चांपा, कबीरधाम, कांकेर, सक्ती, मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी

खरीफ 2026 मौसम हेतु अधिसूचित फसलें धान सिंचित, धान असिंचित, मक्का, उड़द, अरहर, मूँग, मूँगफली, सोयाबीन, कोदो, कुटकी, रागी

**योजना के मुख्य बिंदु :**
- कृषक द्वारा देय प्रीमियम बीमित राशि का अधिकतम 2 प्रतिशत
- शेष प्रीमियम राशि का भुगतान भारत सरकार एवं राज्य शासन द्वारा किया जावेगा
- ओलावृष्टि, जलभराव, बादल फटने, आकाशीय बिजली से नुकसान होने पर स्थानीय आपदा अंतर्गत दावा भुगतान
- स्थानीय आपदा की स्थिति में-धान फसल में जलप्लावन से होने वाली क्षति इस घटक मे शामिल नही है
- फसल कटाई के उपरांत आगामी 14 दिनों तक खेत में सुखाने हेतु बंडलो में रखी फसल को चक्रवात, बैमौसम/चक्रवाती वर्षा से नुकसान होने पर दावा भुगतान
- कम वर्षा या विपरीत मौसम अवस्थाओं के कारण फसल बुवाई विफलता पर दावा भुगतान
- फसल उत्पादन के आधार पर व्यापक क्षति की स्थिति में, राज्य शासन एवं योजना के प्रावधानों के अनुसार फसल क्षति का मूल्यांकन एवं निर्धारण किया जाएगा।
- अनावरी के आंकड़े इस योजना अंतर्गत दावा भुगतान के लिए मान्य नही होंगे

**योजनांतर्गत शामिल होने वाले कृषक :**
- ऋणी कृषकों का बीमा ऋण दायी संस्था द्वारा नियमानुसार किया जायेगा।
- गैर-ऋणी कृषक अपना बीमा बैंक शाखा/कॉपरेटिव सोसाइटी/लोक सेवा केंद्र (CSC)/पोस्ट ऑफिस/AIDE-एजेंट/फसल बीमा ऐप एवं पोर्टल के माध्यम से निर्धारित तिथि के अंदर फसल का बीमा करा सकते है।
- गैर-ऋणी कृषकों हेतु आवश्यक दस्तावेज-नवीनतम आधार कार्ड, बैंक पासबुक, भूमि एवं फसल बुवाई संबंधित दस्तावेज।

**ऋणी कृषक:** ऋणी कृषक जो योजना में शामिल नहीं होना चाहते, उन्हें भारत सरकार द्वारा जारी चयन (Opt-out) प्रपत्रानुसार हस्ताक्षरित घोषणा पत्र बीमा आवेदन की अंतिम तिथि के 7 दिन पूर्व तक संबंधित वित्तीय संस्थान में अनिवार्य रूप से जमा करना होगा।
- योजना से बाहर होने (Opt-Out) का निर्णय पूरी तरह किसान की इच्छा पर आधारित है। किसी भी किसान को बैंक शाखा द्वारा (Opt-Out) के लिये बाध्य नहीं किया जाएगा।
- ऑप्ट-आउट की कार्यवाही केवल एक मौसम-वर्ष के लिए ही लागू होगी; जिसके लिए किसान द्वारा ऑप्ट-आउट घोषणा दी गई है।
- बैंक शाखाएं किसानों द्वारा प्रस्तुत योजना से बाहर होने (Opt-out) की प्रपत्रानुसार हस्ताक्षरित घोषणा पत्र को निरीक्षण/सत्यापन हेतु सुरक्षित रखेंगी।

**अऋणी कृषक:** अधिसूचित इकाई में अधिसूचित फसल लगाने वाले सभी गैर ऋणी कृषक ऐच्छिक तौर पर योजना का लाभ लेने हेतु पात्र होंगें।

योजना सम्बंधित अधिक जानकारी एवं अपनी शिकायत दर्ज करने हेतु कृषि रक्षक पोर्टल हेल्पलाइन नंबर 14447 पर संपर्क करे या व्हाट्सएप चैटबॉट नंबर 70655-14447 का उपयोग करे या www.pmfby.gov.in पर जाएँ या क्रॉप इंश्योरेंस मोबाइल एप का प्रयोग करें या अपने निकटतम कृषि कार्यालय, बैंक शाखा, CSC सेंटर या बीमा कंपनी से संपर्क करें।

स्थानीय आपदाओं से बीमित फसल में नुकसान होने पर 72 घंटे के भीतर फसल नुकसान की सूचना देना आवश्यक है।

PMFBY अंतर्गत दावा भुगतान सफल बनाने हेतु कृपया अपने संबंधित बैंक शाखा से PFMS पोर्टल से खाता संख्या को सत्यापित करवाये अथवा आधार नंबर को सही बैंक खाता से लिंक कराये।

योजना संबंधित अधिक जानकारी के लिए फार्ममित्र ऐप डाउनलोड करें

FARMITRA

www.bajajgeneralinsurance.com • टोल फ्री नंबर: सेल्स - 1800 209 0144 / सर्विस - 1800 209 5858 • BGI-O-1092/06-07-2026


## ज्योतिर्मयी बनीं इंडियन आइडल 16 की विनर



**मुंबई।** ज्योतिर्मयी नायक ने रविवार को इंडियन आइडल 16 का खिताब अपने नाम कर लिया है। ग्रैंड फिनाले में जीत की ट्रॉफी के साथ उन्हें सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन की तरफ से 20 लाख का कैश प्राइज मिला। सिंगिंग रियलिटी शो के इस 16वें सीजन के टॉप 3 फाइनलिस्ट मनराज वीर सिंह, ज्योतिर्मयी नायक और तनिष्क शुक्ला रहे और अंत में ज्योतिर्मयी नायक ने बाजी मारी। तनिष्क पहले रनरअप रहे और मनराज दूसरे रनरअप बने।

## पार्क में घूमने आई युवती पर जानलेवा हमला

**सूरजपुर।** नगर के नेहरु पार्क में रविवार की देर शाम एक युवती पर जानलेवा हमला हो गया। बाइक से आए युवकों ने लड़की के गर्दन पर चाकू से हमला कर उसका गला रेतने का प्रयास किया। इस दौरान शोर मचाने से आरोपी भाग निकले। इधर आस पास मौजूद लोगों ने युवती को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर कर दिया है। फिलहाल घायल युवती की पहचान नहीं हो पाई है।


inh 24x7

छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें

TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366



ISBM UNIVERSITY

KNOWLEDGE • WISDOM • HUMANITY

BCI Bar Council of India | Association of Indian Universities | Chhattisgarh Private Universities Regulatory Commission | UGC University Grant Commission | All India Council for Technical Education | PCI Pharmacy Council of India



LAUNCH YOUR FUTURE WITH ISBM UNIVERSITY

New Campus in Heart of Raipur - Near Nalanda Parisar - 1 Km approx.

•Ultra Modern Campus •A.I. + M.L. Classes for All Student

•Free Career Guidance with Prior Appointment

CHOOSE A UNIVERSITY THAT PUTS YOU FIRST!

NAAC ACCREDITED | INTERNATIONAL ASSOCIATION OF UNIVERSITIES | AACSB Business Education Alliance Member

ADMISSION OPEN 2026-27

Hostel Facility Available Boys/Girls

10,000+ Students & Alumni | 25+ Awards & Recognitions | 150+ Recruiters Network | 200+ National & International Conferences

50+ MoUs & Tie-Ups | 750+ Research Publications | 20+ Patents | ₹2.5cr+ Research Fellowship

OUR PROGRAMS

- PHARMACY
- LAW
- INFORMATION & TECHNOLOGY
- LIBRARY & INFORMATION SCIENCE
- COMMERCE & MANAGEMENT
- JOURNALISM & MASS COMM.
- HOTEL MANAGEMENT
- INNOVATION & COMPUTING
- DESIGN
- ENGINEERING & TECHNOLOGY
- SCIENCE
- ARTS & HUMANITIES
- YOGA & NATUROPATHY
- PhD

Shreeram Addiction

+91 9109333333, +91 7880170727

Raipur Campus - ISBM University, Ring Road No. 1, Near Sarona Bridge, Tatibandh, Raipur, Chhattisgarh- 492099

Main Campus - ISBM University, Nawapara (Kosmi), Block & Tehsil- Chhura, Gariyaband, Chhattisgarh - 493996

www.isbmuniversity.edu.in (SCAN QR TO VISIT WEBSITE)

## चिंतन

# आंदोलन खत्म, अब सुधारों की बारी

नेशनल एलिजिबिलिटी कम एंट्रेंस टेस्ट (नीट) में कथित अनियमितताओं और पेपर लीक के विरोध में दिल्ली के जंतर-मंतर पर चला छात्रों का आंदोलन आखिरकार केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे के बाद समाप्त हो गया। अब आंदोलन खत्म होने के बाद देश की शिक्षा व्यवस्था में सुधार लागू करने की बारी है, ताकि जवाबदेही तय हो सके और परीक्षाओं में पारदर्शिता आए। परीक्षा प्रणाली में ऐसे ठोस और संस्थागत सुधार किए जाएं, जो भविष्य में इस तरह के संकट की पुनरावृत्ति रोक सकें और करोड़ों विद्यार्थियों का भरोसा फिर से मजबूत करें। अब देश की निगाहें सरकार द्वारा प्रस्तावित परीक्षा सुधारों और उनके प्रभावी क्रियान्वयन पर टिकी हैं। वहीं, केंद्र सरकार सोमवार को लोकसभा में कड़े नकल विरोधी कानून से जुड़ा 'सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) संशोधन विधेयक, 2026' पेश करेगी। प्रस्तावित संशोधनों के तहत दोषियों के लिए 10 वर्ष तक की सजा और 10 करोड़ रुपये तक के जुर्माने का प्रावधान है। यदि संसद से पारित होकर ये प्रावधान प्रभावी ढंग से लागू होते हैं, तो परीक्षा माफिया के खिलाफ एक स्पष्ट और सख्त संदेश जाएगा। मामलों की सुनवाई के लिए विशेष फास्ट ट्रैक अदालतों का प्रस्ताव भी महत्वपूर्ण है। जांच को दो माह के भीतर पूरा करने और आरोप-पत्र दाखिल होने के बाद तीन माह के भीतर सुनवाई समाप्त करने की समय-सीमा तय करना न्याय प्रक्रिया को गति देने का प्रयास है। यदि यह व्यवस्था व्यवहार में भी उतनी ही प्रभावी साबित होती है, तो वर्षों तक लंबित रहने वाले मामलों की समस्या काफी हद तक कम हो सकती है और कानून का भय भी बढ़ेगा। दूसरी तरफ सरकार ने इन्फोसिस के सह-संस्थापक नंदन नीलेकणी की अध्यक्षता में परीक्षा सुधारों के लिए एक हाई पावर्ड टास्क फोर्स का गठन किया है। यह कदम इस बात का संकेत है कि सरकार परीक्षा व्यवस्था में केवल तात्कालिक नहीं, बल्कि दीर्घकालिक और संरचनात्मक बदलाव चाहती है। इस टास्क फोर्स से अपेक्षा है कि वह प्रश्नपत्रों की सुरक्षा, डिजिटल निगरानी, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) आधारित जोखिम पहचान, परीक्षा संचालन, डेटा सुरक्षा और संस्थागत जवाबदेही को मजबूत करने के लिए व्यावहारिक सुझाव देगी। यदि इसकी सिफारिशों को समयबद्ध तरीके से लागू किया जाता है, तो देश की परीक्षा प्रणाली अधिक आधुनिक, सुरक्षित और विश्वसनीय बन सकती है। सरकार ऑनलाइन कंप्यूटर आधारित परीक्षाओं (सीबीटी) के विस्तार, परीक्षा केंद्रों की निगरानी और तकनीकी सुरक्षा तंत्र को मजबूत करने की दिशा में भी आगे बढ़ रही है। प्रतियोगी परीक्षाएं करोड़ों युवाओं के सपनों का आधार होती हैं। यदि उन्हें यह भरोसा नहीं रहेगा कि उनकी सफलता केवल उनकी मेहनत से तय होगी, तो पूरी शिक्षा व्यवस्था पर प्रश्नचिह्न लग जाएगा। इसलिए सुधारों का लक्ष्य केवल अपराधियों को दंडित करना नहीं, बल्कि ऐसी व्यवस्था बनाना होना चाहिए, जिसमें गड़बड़ी की गुंजाइश ही न्यूनतम रह जाए। आंदोलन समाप्त हो चुका है, लेकिन सुधारों की असली परीक्षा अब शुरू हुई है। यदि सरकार घोषित कानूनी, प्रशासनिक और तकनीकी सुधारों को ईमानदारी और समयबद्ध तरीके से लागू करती है, तो यह केवल परीक्षा प्रणाली ही नहीं, बल्कि देश के युवाओं के भविष्य में विश्वास को भी नई मजबूती देगा। अब देश को इस्तीफों से आगे बढ़कर स्थायी सुधारों का परिणाम देखना है।

## इस्तीफा

डॉ. घनश्याम बादल



# सत्ता की सबसे बड़ी परीक्षा चुनाव नहीं, विश्वास

सत्ता कभी यह स्वीकार नहीं करती कि वह दबाव में है। वह निर्णयों को दूरदर्शिता का नाम देती है, परिस्थितियों को सामान्य बताती है और विरोध को राजनीति कहकर खारिज करती है। लोकतंत्र की सबसे बड़ी विशेषता यही है कि कभी-कभी सड़क संसद से अधिक प्रभावशाली हो जाती है। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफ़ा भी उसी सत्य की पुनर्पुष्टि है। यह केवल एक मंत्री के पद छोड़ने की घटना नहीं है। यह उस बेचैनी का राजनीतिक स्वीकार है जो पिछले कुछ समय से देश के युवाओं के मन में उबल रही थी। प्रश्न केवल परीक्षा का नहीं था।

प्रश्न यह था कि क्या इस देश में मेहनत करने वाले छात्र का भविष्य सुरक्षित है? क्या उसकी सफलता उसकी योग्यता तय करेगी या व्यवस्था की लापरवाही? जब ये प्रश्न लाखों युवाओं के भीतर एक साथ उठते हैं, तब उनका उत्तर किसी प्रेस कॉन्फ्रेंस से नहीं, बल्कि राजनीतिक निर्णयों से देना पड़ता है। धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफ़ा उसी उत्तर का पहला वाक्य है, पूरी कहानी नहीं। सबसे दिलचस्प बात यह है कि सरकार ने वह किया, जिसे वह लंबे समय तक करने से बचती रही। पहले सफ़ाइयां दी गईं। फिर जांच बैठी। फिर सुधारों का आश्वासन दिया गया। उसके बाद भी जब आक्रोश शांत नहीं हुआ तो अंततः राजनीतिक उत्तरदायित्व स्वीकार करना पड़ा। यह स्वीकारोक्ति जितनी आवश्यक थी, उतनी ही विलंबित भी। राजनीति में देर से लिया गया सही निर्णय भी कई बार अधूरा साबित होता है। यदि यही कदम तब उठाया जाता, जब युवाओं का विश्वास पहली बार डगमगाया था, तो शायद सड़कों पर उतरने की नौबत ही नहीं आती। सरकार ने अंततः घाव पर मरहम लगाया, लेकिन तब जबकि घाव नासूर बनने लगा था। भाजपा के लिए यह घटना एक गंभीर राजनीतिक संदेश है। पिछले एक दशक में पार्टी ने निर्णायक नेतृत्व और मज़बूत प्रशासन की छवि बनाई है। किंतु निर्णायक नेतृत्व का अर्थ केवल कठोर निर्णय लेना नहीं होता; समय पर सही निर्णय लेना भी होता है। यदि जनता यह मानने लगे कि सरकार केवल दबाव पड़ने पर ही प्रतिक्रिया देती है, तो उसकी सबसे बड़ी राजनीतिक पूंजी-विश्वसनीयता-धीरे-धीरे क्षीण होने लगती है। यहां विपक्ष भी पूरी तरह निर्दोष नहीं है। किसी मंत्री का इस्तीफ़ा लोकतंत्र की अंतिम विजय नहीं होता। यदि विपक्ष इसे केवल राजनीतिक ट्रॉफी बनाकर रख देगा और शिक्षा व्यवस्था के व्यापक सुधारों पर गंभीर विमर्श नहीं करेगा, तो वह भी युवाओं की अपेक्षाओं के साथ न्याय नहीं कर पाएगा। आंदोलन का उद्देश्य व्यक्ति नहीं, व्यवस्था होनी चाहिए। अब सबसे बड़ा प्रश्न जंतर-मंतर पर चल रहे आंदोलन का है। क्या मंत्री के इस्तीफ़े के बाद धरना समाप्त हो जाएगा? यदि ऐसा होता है, तो यह मानना पड़ेगा कि आंदोलन का लक्ष्य व्यक्ति था, व्यवस्था नहीं। लेकिन यदि आंदोलन जारी रहता है और उसकी मांगें परीक्षा प्रणाली में पारदर्शिता, संस्थागत सुधार, जवाबदेही और युवाओं के भविष्य की सुरक्षा तक विस्तृत होती हैं, तब यह भारतीय लोकतंत्र के लिए अधिक परिपक्व संकेत होगा। आंदोलनों की सफलता किसी पदत्याग से नहीं, नीतिगत परिवर्तन से मापी जाती है। आगामी चुनावों पर इसका प्रभाव अवश्य पड़ेगा, पर उसकी तीव्रता सरकार के अगले कदम तय करेंगे। मतदाता भूल भी जाता है, पर युवा अपमान नहीं भूलता। यदि उसे लगे कि उसकी मेहनत का सम्मान लौटा है, तो राजनीतिक क्षति सीमित रह जाएगी। लेकिन यदि यह धारणा बनी कि केवल एक चेहरा बदला गया और व्यवस्था वैसी ही रही, तो यह असंतोष मतदान की चुप्पी में भी दिखाई देगा। इस पूरे घटनाक्रम का सबसे बड़ा सबक शायद यही है कि भारत की नई राजनीति का केंद्र अब जाति और धर्म के साथ-साथ युवा आकांक्षाएं भी बन चुकी हैं। यह पीढ़ी भाषणों से अधिक अवसर चाहती है, नारों से अधिक निष्पक्षता और आश्वासनों से अधिक विश्वसनीय संस्थाएं। जो राजनीति इस बदलाव को नहीं समझेगी, वह धीरे-धीरे अपनी ज़मीन खोती जाएगी। धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफ़ा एक व्यक्ति का राजनीतिक अवसान नहीं है। यह सत्ता के लिए चेतावनी है कि लोकतंत्र में जनता केवल सरकार नहीं चुनती, जवाबदेही भी तय करती है। जब करोड़ों युवाओं का भविष्य दांव पर हो, तब सत्ता की सबसे बड़ी परीक्षा चुनाव नहीं, विश्वास होती है। अब देश की निगाह नए शिक्षा मंत्री पर नहीं, नई शिक्षा व्यवस्था पर है। क्योंकि मंत्री बदलने से राजनीति बदल सकती है, लेकिन व्यवस्था तभी बदलती है, जब सत्ता यह स्वीकार करे कि जनता केवल शासन नहीं, न्याय भी चाहती है।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



## अर्थव्यवस्था

डॉ. जयंतीलाल भंडारी

**अमेरिकी सीनेट में पेश किए गए एक नए विधेयक के तहत एच-1बी वीजा जारी करने पर तीन साल की रोक लगाने का प्रस्ताव रखा गया है। इस कदम से अमेरिका जाने का सपना देख रहे भारतीय आईटी और तकनीकी क्षेत्र के पेशेवरों पर सीधा और बड़ा असर पड़ सकता है। वीजा के लिए नए प्रस्तावों में 1,00,000 डॉलर (लगभग 85-95 लाख रुपये) तक का भारी-भरकम शुल्क और कठोर न्यूनतम वेतन मानदंड शामिल हैं। वीजा के लिए पारंपरिक रैंडम लॉटरी खत्म करके केवल उच्च वेतन और वरिष्ठ स्तर के कर्मचारियों को प्राथमिकता देने की तैयारी है। वीजा धारकों के आश्रितों और परिजनों पर भी कई तरह की पाबंदियां लगाने की चर्चा है।**

# अमेरिका से बढ़ती आर्थिक चुनौतियां

इन दिनों अमेरिका में एच-1बी वीजा रोक की तैयारी और भारत के लिए बढ़ते हुए टैरिफ से संबंधित तीन परिदृश्य भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए नई चुनौतियां के रूप में दिखाई दे रहे हैं। एक, 25 जुलाई को अमेरिकी सीनेट में एच-1बी वीजा पर 3 साल तक रोक लगाने संबंधी एक नया और बेहद सख्त विधेयक पेश किया गया है। दो, 24 जुलाई से धारा 301 के तहत अमेरिका में भारतीय आयातों पर 10 प्रतिशत टैरिफ लागू किया गया है। तीन, 1 अगस्त 2026 से अमेरिका के द्वारा आयात की जाने वाली भारत की जेनेरिक दवाओं पर चरणबद्ध तरीके से 200 प्रतिशत तक टैरिफ का ऐलान किया गया है।

उल्लेखनीय है कि अमेरिकी सीनेट में पेश किए गए एक नए विधेयक के तहत एच-1बी वीजा जारी करने पर तीन साल की रोक लगाने का प्रस्ताव रखा गया है। इस कदम से अमेरिका जाने का सपना देख रहे भारतीय आईटी और तकनीकी क्षेत्र के पेशेवरों पर सीधा और बड़ा असर पड़ सकता है। वीजा के लिए नए प्रस्तावों में 1,00,000 डॉलर (लगभग 85-95 लाख रुपये) तक का भारी-भरकम शुल्क और कठोर न्यूनतम वेतन मानदंड शामिल हैं। वीजा के लिए पारंपरिक रैंडम लॉटरी खत्म करके केवल उच्च वेतन और वरिष्ठ स्तर के कर्मचारियों को प्राथमिकता देने की तैयारी है। वीजा धारकों के आश्रितों और परिजनों पर भी कई तरह की पाबंदियां लगाने की चर्चा है। हालांकि, 1 लाख डॉलर की भारी फीस वाले प्रशासनिक आदेश पर अदालती रोक फिलहाल बरकरार है, फिर भी संसद में पेश इस नए विधेयक ने अनिश्चितता का माहौल बना दिया है। यदि यह कानून लागू होता है, तो भारतीय पेशेवरों और सूचना प्रौद्योगिकी कंपनियों के लिए चुनौतियां काफी बढ़ सकती हैं। शुरुआत में भारत पर 12.5 प्रतिशत शुल्क लगाने का प्रस्ताव था, जिसे घटाकर 10 प्रतिशत किया गया है। भारत द्वारा अपनी विदेश व्यापार नीति में सुधार कर जबरन मजदूरी से बने सामानों पर प्रतिबंध लगाने के कारण यह राहत मिली है।

यह बात महत्वपूर्ण है कि अमेरिका भारत का सबसे महत्वपूर्ण व्यापारिक साझेदार और सबसे बड़ा निर्यात बाजार है। वर्ष 2025-26 में दोनों देशों के बीच लगभग 141 अरब अमेरिकी डॉलर का व्यापार हुआ था, जिसमें भारत का कुल निर्यात 87.3 अरब डॉलर रहा था। भारत के कुल वस्तु निर्यात में अमेरिका की बड़ी हिस्सेदारी होने के कारण वस्त्र उद्योग, रत्न एवं आभूषण, वाहन कलपुर्जे जैसे क्षेत्रों के लाभ मार्जिन पर सीधा प्रहार होगा। इसी परिप्रेक्ष्य में यह भी चिंताजनक है कि 22 जुलाई को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा आयातित जेनेरिक दवाओं पर चरणबद्ध तरीके से टैरिफ लागू करने की घोषणा की गई है। इस नीति के तहत 1 अगस्त 2026 से 31 जुलाई 2028 तक, यानी शुरुआती दो वर्षों के लिए, आयातित जेनेरिक दवाओं को टैरिफ से पूरी तरह मुक्त रखा गया है, ताकि अमेरिकी बाजार में दवा आपूर्ति में तुरंत कोई बाधा न आए। इसके पश्चात, 1 अगस्त 2028 से 31 जुलाई 2029 तक एक वर्ष के लिए दवाओं के मूल्य पर सीधे 100 प्रतिशत का टैरिफ लागू किया जाएगा। अंततः 1 अगस्त 2029 के बाद इस टैरिफ को बढ़ाकर 200 प्रतिशत के उच्चतम स्तर पर पहुंचा दिया जाएगा। ट्रंप द्वारा जेनेरिक दवाओं पर इस कड़े टैरिफ ढांचे




को अपनाने का मुख्य उद्देश्य विदेशी दवा कंपनियों को अमेरिका के भीतर निर्माण इकाइयां स्थापित करने के लिए बाध्य करना है। जो दवा निर्माता दी गई इस समयावधि के भीतर अपना उत्पादन घरेलू स्तर पर अमेरिका में स्थानांतरित नहीं करेंगे, उन पर 200 प्रतिशत का भारी आर्थिक दंडस्वरूप टैरिफ लागू होगा।


अब अमेरिकी टैरिफ की इस नई चुनौती से निपटने के लिए भारत को कई रणनीतिक बिंदुओं पर तुरंत ध्यान केंद्रित करना होगा। अगस्त 2026 से जुलाई 2028 तक मिलने वाली शून्य प्रतिशत शुल्क की अवधि का उपयोग भारतीय कंपनियों और सरकार को दीर्घकालिक रणनीति बनाने में करना चाहिए। बड़ी भारतीय दवा कंपनियों को यह मूल्यांकन करना होगा कि क्या अमेरिका में स्थानीय संयंत्र स्थापित करना या वहां की कंपनियों के साथ रणनीतिक साझेदारी करना आर्थिक रूप से व्यावहारिक है। चूंकि अमेरिका में प्लांट लगाने और एफडीए मंजूरी में भारी निवेश लगता है, इसलिए यह देखना होगा कि टैरिफ लगने के बाद भी क्या भारतीय दवाएं अमेरिकी विकल्पों से सस्ती रह पाती हैं या नहीं। भारत को अपनी निर्भरता केवल अमेरिकी बाजार तक सीमित न रखकर यूरोपीय संघ, लैटिन अमेरिका, अफ्रीका और एशिया के उभरते बाजारों में अपना निर्यात तेजी से बढ़ाना चाहिए। पारंपरिक जेनेरिक दवाओं के स्थान पर अब जटिल जेनेरिक और बायोसिमिलर दवाओं के शोध व विकास पर अधिक ध्यान देना होगा। भारत को अपनी लागत-कुशल उत्पादन रणनीति और दवाओं की विश्वस्तरीय गुणवत्ता पर निरंतर ध्यान देना होगा। सरकार को फार्मा पार्कों के बुनियादी ढांचे को मजबूत करना होगा और दवा उद्योग के साथ आईटी व डिजिटल विशेषज्ञता को एकीकृत करना होगा। स्वदेशी फार्मास्युटिकल अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए दवा अनुमोदन प्रक्रियाओं को सरल, त्वरित और पारदर्शी बनाना होगा तथा वैश्विक नियामक प्राधिकरणों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित करना होगा। यद्यपि पिछले वर्ष ब्रांडेड दवाओं पर लगाया गया टैरिफ भारत के लिए बेअसर साबित हुआ था, लेकिन अब जेनेरिक दवाओं पर टैरिफ की यह नई चुनौती अधिक गंभीर है।

भारत को अपनी फार्मा रणनीति को नए सिरे से गढ़ना होगा। निश्चित रूप से टैरिफ की चुनौतियों के मद्देनजर अमेरिका व भारत के बीच अंतिम आकार ले रहे द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) की अहमियत बढ़ गई है। ऐसा एक औपचारिक और संतुलित व्यापार समझौता भारत के प्रमुख निर्यात उत्पादों जैसे दवाई, रत्न एवं आभूषण, वस्त्र, मसाले और हस्तशिल्प पर अमेरिकी शुल्क दरों को काफी कम या शून्य दर पर ला सकता है। इससे धारा 301 के तहत लगे 10 प्रतिशत टैरिफ और भविष्य में जेनेरिक दवाओं पर लगने वाले भारी टैरिफ का असर स्वतः समाप्त या सीमित हो जाएगा, जिससे भारतीय निर्यातक अमेरिकी बाज़ार में अपनी मजबूत पकड़ बनाए रख सकेंगे। द्विपक्षीय व्यापार समझौते का दूसरा सबसे बड़ा लाभ वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में भारत की केंद्रीय भूमिका के रूप में सामने आएगा। दुनिया के प्रमुख देश अब किसी एक बाज़ार पर अति-निर्भरता समाप्त कर सुरक्षित विकल्पों की तलाश कर रहे हैं। इस समझौते के माध्यम से अमेरिकी कंपनियां इलेक्ट्रॉनिक्स, वाहन कलपुर्जे, सौर ऊर्जा और सेमीकंडक्टर निर्माण के क्षेत्रों में भारत को एक विश्वसनीय और पसंदीदा वैश्विक केंद्र के रूप में चुनेंगी। इससे न केवल देश में बड़े पैमाने पर प्रत्यक्ष विदेशी निवेश को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि घरेलू विनिर्माण क्षमता का भी अभूतपूर्व विस्तार होगा। लॉजिस्टिक्स लागत घटाकर तथा अंतर्राष्ट्रीय गुणवत्ता मानक अपनाकर भारतीय उत्पादों को वैश्विक रूप से प्रतिस्पर्धी बनाना आवश्यक है।

( लेखक अर्थशास्त्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

# योग के सभी सूत्र जीवन की आधारशिला




संकलित

## दर्शन

योग प्राचीन काल से भारतीय आध्यात्मिक संचेतना का केंद्र रहा है। इसके आदिम सूत्रधार परमयोगी भगवान शिव हैं। योग शब्द का प्रयोग विभिन्न अर्थों में होता रहा है। समाधि अर्थ में इसका प्रयोग आत्मा और परमात्मा के मिलन के लिए किया जाता है, जब साधक अपनी साधना की चरमावस्था में परमात्मा से एकाकार होकर उसका साक्षात्कार कर लेता है। अग्निपुराण में भी मन एवं आत्मा तथा आत्मा और परमात्मा के संयोग को योग कहा गया। सांख्यदर्शन के अनुसार प्रकृति और पुरुष का भेद होने पर भी पुरुष का आत्मस्वरूप में स्थित हो जाना योग कहलाता है। कठोपनिषद् के अनुसार, जब इंद्रियां मन के साथ और मन अविचल बुद्धि के साथ स्थिर हो जाता है तो यह अवस्था योग की होती है। गीता में भगवान श्रीकृष्ण ने 'योगः कर्मसु कौशलम्' कहकर योग का जो स्वरूप अजरुन के समक्ष प्रस्तुत किया है वह सामान्य जन के सर्वाधिक निकट है। कोई भी मनुष्य एकाग्रचित्त होकर निष्काम भाव से कर्म करते हुए योग को सिद्ध कर सकता है। योगसूत्र के प्रणोता महर्षि पतंजलि संयमन अर्थ में चित्तवृत्तियों के निरोध को योग कहते हैं। उनके अनुसार यम, नियम, आसन, ध्यान, धारणा आदि आठ अंगों से संपन्न प्राणायाम की विविध क्रियाएं योग कहलाती हैं। इससे चित्त की एकाग्रता बढ़ती है। बुद्धि में स्थिरता आती है। चिंतन उत्कृष्ट होता है। मन में सद्विचारों का उदय होता है। नकारात्मक प्रवृत्तियां स्वतः समाप्त हो जाती हैं। परिणामतः आत्मिक और शारीरिक शक्तियों में वृद्धि होती है।

# अहंकार ही व्यक्ति की समस्याओं का कारण



संकलित

## प्रेरणा

एक बार नारद मुनि ने कामदेव को पराजित कर दिया तो इस बात का घमंड हो गया। इसके बाद नारद जी जहां जाते, वहां अपनी तारीफ करने लगते। ऐसे ही एक दिन वे शिव जी के पास पहुंच गए। नारद जी ने शिव जी के सामने अपनी प्रशंसा करना शुरू कर दी। शिव जी नारद मुनि की बातें सुनकर समझ गए कि इन्हें अहंकार हो गया है। शिव जी से विदा लेकर नारद मुनि विष्णु जी के पास पहुंच गए और विष्णु जी के सामने अपनी तारीफ करनी शुरू कर दी। विष्णु जी के सामने नारद मुनि ने अहंकार दिखाया तो विष्णु जी ने तय किया कि नारद जी भक्त हैं और इनका घमंड करना सही नहीं है। इसके बाद विष्णु जी ने अपनी माया रची। नारद मुनि विष्णु जी के यहां लौट रहे थे तो उन्हें रास्ते में एक सुंदर राज्य दिखा। वे उस राज्य में पहुंचे तो वहां देखा कि एक राजकुमारी का स्वयंवर हो रहा है। राजकुमारी बहुत सुंदर थी। उसे देखकर नारद ही मोहित हो गए और तुरंत ही विष्णु जी के पास पहुंच गए। नारद मुनि ने विष्णु जी से कहा कि आप मुझे सुंदर रूप दे दीजिए। ताकि मैं उस स्वयंवर राजकुमारी से विवाह कर सकूं। इसके बाद नारद मुनि उस स्वयंवर में पहुंच गए। विष्णु जी ने नारद मुनि को बंदर का मुख दे दिया था। स्वयंवर में नारद पहुंचे तो वहां बंदर जैसे मुख की वजह से उनका बहुत अपमान हुआ। गुस्से में नारद मुनि ने विष्णु जी को शाप दे दिया, लेकिन जब उनका मन शांत हुआ तो उन्हें पूरी बात समझ आ गई। जब नारद का घमंड टूटा तो उन्होंने भगवान से क्षमा मांगी।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### आयकर के प्रति गंभीरता जरूरी

24 जुलाई को आयकर दिवस मनाया गया। वर्ष 1860 को सर जेम्स विल्सन ने कर व्यवस्था को शुरू किया था। आयकर दिवस मनाने का मुख्य कारण करदाताओं का देश के विकास में जो महत्वपूर्ण योगदान है, उसके लिए इन्हें सम्मान देना और लोगों को आयकर के प्रति जागरूक करना भी है। जितने भी करदाता हैं, चाहे वो बिजनेसमैन हों, छोटे-बड़े उद्योगपति हों, दुकानदार या अन्य कोई भी, इन सभी का देश के विकास में बहुत बड़ा योगदान है। सरकारें आमजन को जितनी भी मुफ्त की सुविधाएं देती हैं वो भी इन्हीं करदाताओं की बदौलत हैं। देश की आर्थिक व्यवस्था को सुधारने में टैक्स प्रणाली का बहुत बड़ा योगदान होता है। कर देने वालों का सम्मान जरूरी है, ताकि देश में विकास कार्य न रुकें।

*- मनोज वाजपेयी, दुर्ग*

## ट्रेंड

### अनाहत सिंह पर गर्व



2026 वर्ल्ड जूनियर स्क्वैश चैंपियनशिप में एक ऐतिहासिक उपलब्धि। गोल्ड मेडल जीतने और वर्ल्ड जूनियर चैंपियनशिप का खिताब जीतने वाली पहली भारतीय स्क्वैश खिलाड़ी बनने पर अनाहत सिंह पर गर्व है।

**- नरेंद्र मोदी,** प्रधानमंत्री

### निष्पक्षता की मांग



दिल्ली में शांतिपूर्ण विरोध कर रहे छात्रों पर पैलेट गन, लाठी और आंसू गैस का इस्तेमाल किया गया। मैं 19 साल के साहिल लोचब से मिला। पैलेट लगने से उनकी एक आंख जा सकती है। उनका "गुनाह" क्या था? पेपर लीक को खत्म करने और भविष्य के लिए निष्पक्षता की मांग करना।

**- राहुल गांधी,** सांसद, कांग्रेस

### राष्ट्र हित सर्वोपरि



भारतीय सेना की अद्वितीय वीरता, अटूट संकल्प और सर्वोच्च बलिदान राष्ट्र को सदा गौरवान्वित करता रहेगा। हमारे नायकों का साहस, अनुशासन और मातृभूमि के प्रति समर्पण हम सभी को राष्ट्र हितों को सर्वोपरि रखने के लिए सदा प्रेरित करता रहेगा।

**- रेखा गुप्ता,** सीएम, नई दिल्ली

### सीआईडी की विश्वसनीयता




शराब घोटाले, जेएसएससी और ट्रेजरी घोटाले की जांच में सीआईडी के कामकाज को लेकर गंभीर सवाल उठते रहे हैं। अब जेपीएससी मामले में भी वैसी ही आशंकाएं सामने आ रही हैं। जनता के बीच सीआईडी की विश्वसनीयता लगभग खत्म हो चुकी है।

**- बाबूलाल मरांडी,** पूर्व सीएम, झारखंड

## करंट अफेयर

# भारत एनआईडी को वैध यात्रा दस्तावेज की मान्यता दे



नेपाल ने भारत की यात्रा पर आने वाले नेपाली नागरिकों के लिए राष्ट्रीय पहचान पत्र (एनआईडी) को वैध यात्रा दस्तावेज के रूप में मान्यता देने का अनुरोध किया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। इस कदम के लागू होने पर नागरिकता प्रमाणपत्र और पासपोर्ट के साथ-साथ राष्ट्रीय पहचान पत्र का भी यात्रा दस्तावेज के रूप में इस्तेमाल किया जा सकेगा। आव्रजन विभाग के प्रवक्ता टीका राम ढकाल ने बताया कि विभाग ने राजनयिक माध्यमों से यह प्रस्ताव भारत सरकार को भेजा है और भारत की यात्रा के लिए राष्ट्रीय पहचान पत्र को मान्यता देने का अनुरोध किया है। उन्होंने कहा, 'हमने गृह मंत्रालय के माध्यम से यह प्रस्ताव पहले ही विदेश मंत्रालय को भेज दिया था और विदेश मंत्रालय ने इसे भारत के संबंधित अधिकारियों को अग्रेषित कर दिया है।' ढकाल ने कहा, ' 'हम इस मामले में काठमांडू स्थित भारतीय दूतावास के संपर्क में हैं और भारत की ओर से औपचारिक जवाब की प्रतीक्षा कर रहे हैं।' उन्होंने कहा कि यदि इस प्रस्ताव को मंजूरी मिल जाती है तो राष्ट्रीय पहचान पत्र हवाई और सड़क, दोनों मार्गों से भारत की यात्रा करने वाले नेपाली नागरिकों के लिए नागरिकता प्रमाणपत्र और पासपोर्ट के साथ तीसरा वैध पहचान दस्तावेज बन जाएगा।

## ऑफ बीट

# रेन कोट की पानी से बचाव की क्षमता घटने के कारण



तेज बारिश में बाहर निकलने के कुछ ही समय बाद यदि रेन कोट के अंदर कपड़े भीगने लगें, तो अक्सर लगता है कि 'वाटरप्रूफ' कोट ने काम करना बंद कर दिया। लेकिन विशेषज्ञों का कहना है कि आमतौर पर रेन कोट अचानक खराब नहीं होता, बल्कि उसकी बाहरी परत, गंदगी और लंबे उपयोग का असर धीरे-धीरे उसकी क्षमता कम करता है। अधिकतर गुणवत्तापूर्ण रेन कोट के भीतर एक विशेष वाटरप्रूफ मेम्ब्रेन लगी होती है। गोर-टेक्स जैसी तकनीक में पीटीएफई या ईपीटीएफई की अत्यंत पतली परत होती है, जिसमें सूक्ष्म छिद्र बने होते हैं। ये छिद्र पानी की बूंदों को भीतर आने से रोकते हैं, लेकिन शरीर से निकलने वाली जलवाष्प को बाहर जाने देते हैं। कुछ अन्य कोट ठोस, गैर-छिद्रयुक्त मेम्ब्रेन का उपयोग करते हैं, जो नमी को अवशोषित कर अणु-दर-अणु बाहर निकालती हैं। रेन कोट के बाहरी कपड़े पर 'ड्यूरेबल वाटर रिपेलेंट' (डीडब्ल्यूआर) नामक रासायनिक परत लगाई जाती है, जिससे पानी बूंदों के रूप में फिसल जाता है। पहले इन परतों में पीएफएएस जैसे 'फॉरएवर केमिकल्स' का इस्तेमाल होता था, लेकिन पर्यावरणीय चिंताओं के कारण अब सिलिकॉन या हाइड्रोकार्बन आधारित विकल्प अपनाए जा रहे हैं।

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर
फोन: 401050,271016,फैक्स-271018
ई-मेल: haribhoomibsp@gmail.com
वेब-साइट: www.haribhoomi.com

मन की बात में लोगों से किया जल संरक्षण का आग्रह

## पीएम ने सराहा छत्तीसगढ़ के कोरबा के जल संरक्षण प्रयास को

# बारिश की बचाई गई हर बूंद भविष्य की पीढ़ियों के लिए बड़ी पूंजी : मोदी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को लोगों से वर्षा जल का संरक्षण करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि आज बारिश की बचाई गई हर बूंद आने वाली पीढ़ियों के लिए सबसे बड़ी पूंजी है। मोदी ने जल शक्ति मंत्रालय के 'कैच द रेन' अभियान में जनता की सक्रिय भागीदारी की सराहना की। 'कैच द रेन' जल संरक्षण और वर्षा जल संचयन के लिए भारत सरकार का एक राष्ट्रव्यापी अभियान है। इस दौरान उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ के कोरबा, ओडिशा के भुवनेश्वर और आंध्र प्रदेश के विजयनगरम में इस अभियान के उत्साहजनक परिणाम दिखाई दे रहे हैं।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

प्रधानमंत्री मोदी ने अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' में कहा कि चार जुलाई से जारी इस अभियान में गांवों, शहरों, पंचायतों और सामाजिक संगठनों के लोगों की भारी भागीदारी देखकर उन्हें बहुत खुशी हुई है। पीएम मोदी ने छत्तीसगढ़ के कोरबा में जल संरक्षण की दिशा में किए जा रहे कार्यों को उत्साहजनक बताते हुए उनकी सराहना की। कोरबा में वैज्ञानिक पद्धति से जल संरक्षण और भूजल पुनर्भरण के लिए भू-स्थानिक मैपिंग, शैलो एक्विफर मैनेजमेंट, रिचार्ज वेल तथा अन्य आधुनिक तकनीकों का उपयोग किया जा रहा है। इन प्रयासों का उद्देश्य वर्षा जल को अधिकतम मात्रा में संरक्षित करना, भूजल स्तर में सुधार लाना और क्षेत्र में जल उपलब्धता को दीर्घकालिक रूप से सुनिश्चित करना है।

### बारिश की हर बूंद को सहेजने का काम करें : मोदी





मोदी ने कहा कैच द रेन' का संदेश बहुत सरल है-जहां और जब भी बारिश हो, वहीं वर्षा जल का संरक्षण करें। इस पहल के तहत वर्षा जल संचयन, भूजल पुनर्भरण, पुराने जलाशयों के पुनर्जीवन और वृक्षारोपण को नयी गति दी जा रही है। मुझे बहुत खुशी है कि गांव हों या शहर, पंचायतें हों या सामाजिक संस्थाएं हर जगह लोगों ने बढ़-चढ़कर भागीदारी की है। देशभर में कहीं पुराने तालाबों से गाद निकाली जा रही है, तो कहीं कुओं और बावड़ियों को फिर से जीवन दिया जा रहा है।

### कई राज्यों के विभिन्न हिस्सों में उठाए गए सार्थक कदम

उन्होंने मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़ और ओडिशा के विभिन्न हिस्सों में जल संरक्षण के लिए उठाए गए कदमों का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा छत्तीसगढ़ के कोरबा, ओडिशा के भुवनेश्वर और आंध्र प्रदेश के विजयनगरम में इस अभियान के उत्साहजनक परिणाम दिखाई दे रहे हैं।'' उन्होंने कहा, ''आइए, हम भी अपने आसपास किसी एक तालाब, कुएं या बावड़ी की जिम्मेदारी लें - पानी की हर बूंद बचाएं।

### अनेक राज्यों में संवारे गए अमृत सरोवर

मध्यप्रदेश के सीधी जिले में लगभग डेढ़ हजार तालाब बनाए गए हैं। नरसिंहपुर में 'अमृत सरोवरों' को संवारा गया है। महाराष्ट्र के नासिक में बड़ी मात्रा में पानी सहेजने की क्षमता विकसित हुई है।'' मोदी ने कहा, ''आंध्र-प्रदेश के नंद्याल में सभी ग्राम पंचायतें इस अभियान से जुड़ी हैं और पुराने तालाबों को फिर से उपयोगी बनाया गया है। पीएम कहा कि भारत एक विश्वसनीय वैश्विक रक्षा साझेदार के रूप में उभर रहा है और लगातार अपनी रक्षा क्षमताओं को मजबूत कर रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' में कारगिल युद्ध में लड़ने वाले भारतीय सैनिकों को भावभीनी श्रद्धांजलि भी दी।

### छत्तीसगढ़ को मिल रही राष्ट्रीय पहचान : साय



मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा पिछले कुछ महीनों में 'मन की बात' कार्यक्रम में लगातार छत्तीसगढ़ की उपलब्धियों, सांस्कृतिक विरासत और नवाचारों का उल्लेख किया जाना प्रत्येक प्रदेशवासी के लिए गर्व की बात है। साय ने कहा प्रधानमंत्री द्वारा इससे पहले मल्हार की समृद्ध पुरातात्विक विरासत, बस्तर ओलंपिक और बस्तर पंडुम जैसे अभिनव आयोजनों का उल्लेख करना छत्तीसगढ़ के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि है। छत्तीसगढ़ की उपलब्धियों से यहां के नागरिकों का भी उत्साह बढ़ता है।

विदेश जाने वाले भारतीयों को बड़ा झटका

# अब ईरान-बोल्विया समेत 4 देशों में नहीं मिलेगी वीजा-फ्री एंट्री!

एजेंसी ▶▶| जबलपुर

भारतीयों के बीच विदेश घूमने का ट्रेंड तेजी से बढ़ रहा है। ऐसे में वीजा-फ्री एंट्री और वीजा ऑन अराइवल जैसी सुविधाएं यात्रियों के लिए काफी आसान होती हैं। इससे पहले से वीजा लेने की जरूरत नहीं पड़ती और पेपरवर्क भी कम हो जाता है, लेकिन 2026 में कुछ देशों ने भारतीय पासपोर्ट वालों के लिए अपने नियम बदल दिए हैं। ईरान, बोलीविया, केप वर्डे और निकारागुआ ने भारतीय यात्रियों की एंट्री से जुड़े नियमों में बदलाव किया है।

### ईरान ने भारतीयों की वीजा-फ्री एंट्री रोकी

ईरान भारतीय यात्रियों के लिए पहले आसान ट्रैवल डेस्टिनेशन में शामिल था। भारतीय बिना पहले वीजा लिए ईरान जा सकते थे लेकिन अब यह सुविधा खत्म हो चुकी है। ईरान ने नवंबर 2025 में आम भारतीय पासपोर्ट धारकों के लिए अपना वीजा-फ्री प्रोग्राम रोक दिया था।

### बदले भारतीयों के लिए वीजा नियम




### बोलीविया- केप वर्डे ने भी हटाई वीजा ऑन अराइवल सुविधा

केप वर्डे अपने शांत माहौल और खूबसूरत समुद्र तटों के लिए यात्रियों के बीच लोकप्रिय हो रहा है लेकिन इस देश ने भी भारतीयों के लिए यहां का वीजा नियम बदल दिया। केपवर्डे ने भारत सहित 96 देशों के नागरिकों के लिए वीजा ऑन अराइवल की सुविधा खत्म कर दी है। अब यात्रा से पहले वैध वीजा जरूरी है। पहले यात्री वहां पहुंचने पर वीजा ले सकते थे।

### निकारागुआ में पहले से लेनी होगी मंजूरी

निकारागुआ ने भी में भारतीय यात्रियों के लिए एंट्री नियम कड़े किए हैं। लागू नए नियमों के तहत भारतीय पासपोर्ट धारकों को अब वीजा ऑन अराइवल की सुविधा नहीं मिलती। यात्रा शुरू करने से पहले निकारागुआ के इमिग्रेशन अधिकारियों से मंजूरी लेनी होगी। भारतीयों को केटेगरी सी यानी कंस्ल्टेड वीजा कैटेगरी में रखा गया है।

### भारत की पासपोर्ट रैंकिंग में भी बदलाव

नई पासपोर्ट रैंकिंग के अनुसार, भारत अब 81वें नंबर पर है। फरवरी 2026 की रैंकिंग में भारत 75वें स्थान पर था. इस समय भारतीय पासपोर्ट धारकों को दुनिया के 55 देशों में वीजा-फ्री या वीजा ऑन अराइवल की सुविधा मिलती है. पिछले साल यह संख्या 57 थी. यानी अब कुछ देशों में भारतीय यात्रियों को पहले से वीजा या मंजूरी लेने की जरूरत पड़ रही है.

## खबर संक्षेप

### ठाणे की इमारत में आग 80 लोगों का रेस्क्यू



**ठाणे।** महाराष्ट्र के ठाणे शहर में रविवार को 16 मंजिला एक आवासीय इमारत की विद्युत डक्ट में आग लग गई, जिससे वहां अफरा-तफरी मच गई। हालांकि, आपातकालीन दलों ने समय रहते सभी निवासियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया और किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों के अनुसार, शिलफाटा क्षेत्र स्थित इमारत से 70 से 80 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। वहीं, लिफ्ट में फंसे एक व्यक्ति को दमकल कर्मियों और आपदा प्रबंधन दल ने सकुशल बचा लिया। अधिकारियों के अनुसार, प्रारंभिक जांच में विद्युत डक्ट में शॉर्ट सर्किट को आग लगने का कारण माना जा रहा है। एहतियात के तौर पर इमारत की बिजली आपूर्ति अस्थायी रूप से बंद कर दी गई है।

### दान राशि में गबन, आठ कर्मचारी निलंबित

**कोयंबटूर।** कोयंबटूर के अरुलमिगु कोनियम्मन मंदिर में हुंडी (दानपात्र) की राशि के गबन के मामले में आठ अधिकारियों और कर्मचारियों को रविवार को निलंबित कर दिया गया।
हिंदू धार्मिक एवं धर्मार्थ बंदोबस्त मंत्री पी. के. शेखर बाबू के आदेश पर की गई इस कार्रवाई में चोरी के आरोप का सामना कर रहे चार कर्मचारियों के अलावा गंभीर प्रशासनिक लापरवाही के आरोप में चार पर्यवेक्षी अधिकारियों को भी निलंबित किया गया है। यह कार्रवाई 15 जुलाई को मंदिर की हुंडी में प्राप्त दानराशि की निर्धारित गणना के दौरान कथित अनियमितताओं की एचआर एंड सीई विभाग के क्षेत्रीय संयुक्त आयुक्त रमेश कुमार द्वारा की गई जांच के बाद की गई। गिरफ्तार कर्मचारियों की पहचान टिकट कलेक्टर ए. बालासुब्रमणियन (52), कार्यालय सहायक वी. सरवनन (34), सफाई कर्मचारी पी. प्रदीप कुमार (31) और मंदिर के पुजारी एस. कृष्णराज (56) के रूप में हुई है। यह निलंबन उक्कडम पुलिस द्वारा 25 जुलाई को चोरी को अंजाम देने के आरोप में मंदिर के चार कर्मचारियों को गिरफ्तार किए जाने के एक दिन बाद हुआ।

# नोटरीकृत समझौते से हिंदू विवाह और तलाक नहीं होते वैध

एजेंसी ▶▶| जबलपुर

मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने स्पष्ट किया कि हिंदू विवाह को न तो केवल नोटरीकृत समझौते के आधार पर संपन्न माना जा सकता है और न ही ऐसे समझौते के जरिए वैध रूप से समाप्त किया जा सकता है। अदालत ने कहा कि हिंदू कानून के तहत विवाह कोई अनुबंध नहीं है, इसलिए केवल नोटरीकृत विवाह समझौते से वैध विवाह नहीं माना जाएगा। यह टिप्पणी जस्टिस जी.एस. अहलूवालिया और जस्टिस अनुराधा शुक्ला की खंडपीठ ने एक मामले की सुनवाई के दौरान की।

***महिला की मौत के बाद नौकरी से जुड़ा है मामला :*** *सुमन बाई से जुड़ा था जो जनजातीय एवं अनुसूचित जाति कल्याण विभाग में चौकीदार के पद पर स्थायी कर्मचारी थीं। सेवा के दौरान उनका निधन हो गया। उनके निधन के बाद अपीलकर्ता राम कृपाल ने स्वयं को उनका पति बताते हुए पेंशन और अन्य सेवा संबंधी लाभों की मांग की। हालांकि, राज्य सरकार ने दावा किया कि सेवा अभिलेखों के अनुसार कोक सिंह ही सुमन बाई के पति थे, इसलिए राम कृपाल इन लाभों के हकदार नहीं हैं। एकल पीठ ने यह कहते हुए राम कृपाल की याचिका खारिज कर दी थी कि वह सुमन बाई से अपने वैध विवाह को साबित नहीं कर सके। इसी आदेश को चुनौती देते हुए उन्होंने खंडपीठ में अपील दायर की थी।*




### महिला का तलाक नोटरीकृत समझौते से हुआ

राम कृपाल की ओर से दलील दी गई कि सुमन बाई का पहला विवाह कोक सिंह से हुआ था लेकिन वर्ष 1998 में दोनों ने नोटरीकृत तलाक समझौता कर लिया था। इसके बाद सुमन बाई और राम कृपाल ने कथित रूप से विवाह कर लिया। अदालत ने पाया कि कोक सिंह और सुमन बाई के बीच केवल नोटरीकृत तलाक समझौता हुआ था लेकिन हिंदू विवाह अधिनियम की धारा 13 के तहत कभी भी सक्षम अदालत में तलाक की याचिका दायर नहीं की गई और न ही कोई तलाक की डिक्री पारित हुई।

### विवाह कोई अनुबंध नहीं : अदालत

हिंदू कानून के तहत विवाह कोई अनुबंध नहीं है। इसलिए केवल नोटरीकृत विवाह समझौते के आधार पर विवाह संपन्न नहीं माना जा सकता। पीठ ने कहा कि उपलब्ध तथ्यों के आधार पर राम कृपाल और सुमन बाई के बीच अधिकतम सहजीवन (लिव-इन संबंध) माना जा सकता है। हालांकि, केवल इस आधार पर उन्हें वैध पति का कानूनी दर्जा या सेवा संबंधी लाभ नहीं दिए जा सकते। इन टिप्पणियों के साथ मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने राम कृपाल की अपील खारिज की। अदालत ने कहा कि केवल नोटरीकृत तलाक समझौता कर लेने से तलाक प्रभावी नहीं हो जाता। जब तक सक्षम अदालत तलाक की डिक्री पारित नहीं करती, तब तक वैवाहिक संबंध समाप्त नहीं माने जा सकते। सुमन बाई और राम कृपाल के कथित विवाह पर अदालत ने कहा कि उनके बीच कोई न्यायालयीन विवाह भी नहीं हुआ था। विवाह संबंधी नोटरीकृत दस्तावेज में यह उल्लेख जरूर था कि समाज में इस प्रकार विवाह करने की प्रथा है, लेकिन अपीलकर्ता ऐसी किसी प्रथा का एक भी विश्वसनीय उदाहरण या कानूनी मान्यता प्रस्तुत नहीं कर सके।

# मुंबई एयरपोर्ट में पकड़ा गया 15 किलो सोना व 5 करोड़ की ड्रग्स

**मुंबई।** मुंबई के एयरपोर्ट पर जांच एजेंसियों ने कार्रवाई करते हुए जहां 15 किलो से ज्यादा सोना जब्त किया वहीं एक कूरियर एजेंसी के दो पार्सलों की जांच में एनसीबी ने 5 करोड़ से ज्यादा 11 किलो एफेड्रिन बरामद कर एक बड़े अंतर्राष्ट्रीय ड्रग्स नेटवर्क का भंडाफोड़ किया। वहीं सोने की तस्करी में लिप्त हवाई अड्डे के कुछ कर्मचारियों सहित 8 यात्रियों को हिरासत में लिया गया। ड्रग्स मले में चेन्नई के एस. हमीद को गिरफ्तार किया गया है, जिसे इस पूरे नेटवर्क की अहम कड़ी माना जा रहा है। पुलिस ने बताया कि बेडशीट, फोटो फ्रेम और फ्लोर मैट जैसे रोजमर्रा के सामान के बीच बड़ी चालाकी से छिपाकर न्यूजीलैंड भेजी जा रही करीब 11 किलो एफेड्रिन को नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने जब्त कर एक बड़े अंतरराष्ट्रीय ड्रग्स नेटवर्क का पर्दाफाश किया है। तस्करों ने



कूरियर एजेंसियों और जांच एजेंसियों को चकमा देने के लिए ड्रग्स को इस तरह पैक किया था कि सामान्य जांच में उस पर किसी को शक न हो। जब्त ड्रग्स की कीमत करीब पांच करोड़ रुपये है।

**23 करोड़ से ज्यादा का सोना जब्त-** मुंबई एयरपोर्ट पर अधिकारियों ने 2 ऐसे गिरोहों का खुलासा किया है, जो कुल 15.764 किलोग्राम विदेशी सोना देश में लाने की फिराक में थे। इस सोने की कीमत करीब 23.63 करोड़ रुपये आंकी गई है। इस मामले में 22 से 24 जुलाई के बीच 8 लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

*नीट पेपर लीक को लेकर पटना में उपद्रव*

# छात्र प्रदर्शन में हिंसा, तेजप्रताप 14 दिन की न्यायिक हिरासत में

एजेंसी ▶▶| पटना

जनशक्ति जनता दल के प्रमुख तेज प्रताप यादव को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। बिहार की राजधानी पटना में नीट पेपर लीक विरोध प्रदर्शनों में शामिल होने के बाद उन्हें हिरासत में लिया गया था। इसके बाद देर रात उन्हें कोर्ट में पेश किया गया, जहां कोर्ट ने उन्हें न्यायिक हिरासत में बेउर जेल भेज दिया। पटना में प्रदर्शन के दौरान हिंसा देखने को मिली थी। इस दौरान कई जगह झड़प हुई। इसमें गांधी मैदान थानाध्यक्ष अखिलेश मिश्रा समेत कई पुलिसकर्मी घायल हो गए थे। इसी मामले में तेज प्रताप को गिरफ्तार किया गया।



**छात्रों के लिए जान भी देने को तैयार : तेजप्रताप :** हिरासत में तेज प्रताप ने कहा, हम छात्रों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं। अगर जरूरत पड़ी, तो मैं छात्रों के अधिकारों के लिए जान देने को भी तैयार हूं। मैं छात्रों के साथ हूं और उनके हक के लिए मर-मिटने को तैयार हूं। बिहार बंद के दौरान तेज प्रताप हाथ में तिरंगा लिए प्रदर्शन का नेतृत्व करते नजर आए। शाम करीब 8 बजे उन्हें गिरफ्तार किया गया।

सहायक तकनीक से आत्मनिर्भर जीवन की ओर

प्रधानमंत्री दिव्याशा वयोश्री केंद्र (PMD-VK)

भारत सरकार की एडिप एवं राष्ट्रीय वयोश्री योजना के अंतर्गत दिव्यांगजन एवं वरिष्ठ नागरिकों को सहायक उपकरण, कृत्रिम अंग पुनर्वास सेवाएँ, परामर्श तथा विक्रय उपरांत सहायता जैसी सभी सुविधाएँ एक ही स्थान पर उपलब्ध।




पीएमडी-वीके में उपलब्ध सुविधाएं
- व्यक्तिगत परामर्श एवं मार्गदर्शन
- दिव्यांगजन एवं वरिष्ठ नागरिकों को आवश्यकता अनुसार सहायक उपकरण उपलब्ध कराना।
- कृत्रिम अंग एवं ऑर्थोटिक उपकरणों का माप, फिटिंग एवं प्रशिक्षण।
- श्रवण यंत्रों की फिटिंग एवं उपयोग
- विक्रय उपरांत उपकरण मरम्मत सहायता
- उपकरणों के उपयोग एवं रखरखाव संबंधी जानकारी

किनके लिए
- दिव्यांगजन (सभी श्रेणियां)
- वरिष्ठ नागरिक
- विशेष आवश्यकता वाले बच्चे

मध्य क्षेत्र के पीएमडी-वीके संपर्क

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| देहरादून 9836489071 | एम्स ऋषिकेश 9634496532 | आगरा 7701905707 | नैनीताल 8077431934 | लखनऊ 7905283518 | गोरखपुर 9335040570 | चित्रकूट 9905121712 | बदायूं 9305781030 |
| वाराणसी 8917768284 | फतेहपुर 8604131967 | भोपाल 6393620047 | एएपीसी उज्जैन 8369503791 | सीहोर 8145196338 | छतरपुर 6370536797 | ग्वालियर 9654931277 | डीडीआरसी बरेली 9354684886 |
| डीडीआरसी देवरिया 9565288150 | डीडीआरसी पीलीभीत 7505830721 | राजनंदगांव 6371154802 | एएपीसी जबलपुर 9968048517 | डीडीआरसी बालाघाट 8299491926 | डीडीआरसी सतना 7752923901 | डीडीआरसी श्योपुर 8871209715 | |
| डीडीआरसी टीकमगढ़ 8737958744 | डीडीआरसी बिलासपुर 7325993395 | डीडीआरसी रुड़की हरिद्वार 8278782933 | कानपुर 7205811268 | मिर्जापुर 7084238381 | आरडीजीएम कालेज उज्जैन 9452735126 | | |

भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम (एलिम्को)
(भारत सरकार का उद्यम)
दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार
मुख्यालय- नारामऊ, जी.टी. रोड, कानपुर-209217, ई-मेल : pmdk.hq@alimco.in
संपर्क : 9519268833, 9519538833, 1800 180 5129 (टोल फ्री)
हमारे केन्द्रों की जानकारी के लिए स्कैन करें
www.alimco.in @alimcohq @ALIMCOHQ www.youtube.com/alimcohq

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना
भारत सरकार एवं छत्तीसगढ़ शासन द्वारा संचालित
मौसम - खरीफ 2026
फसल बीमा कराओ, सुरक्षा कवच पाओ!
HDFC ERGO

अधिसुचित फसलें:
खरीफ: धान असिंचित, धान सिंचित, उड़द, मूंग, मूंगफली, कोदो, कुटुकी, मक्का, अरहर/तुअर, रागी, सोयाबीन

जरूरी दस्तावेज:
● नवीनतम आधार कार्ड कॉपी (पंजीयन केन्द्र पर दिखाने के लिए) ● नवीनतम भूमि प्रमाण पत्र (बी-1, पी-2) की कॉपी ● बैंक पासबुक के पहले पन्ने की कॉपी जिस पर एकाउंट नंबर/आईएफएससी कोड/बैंक का पता साफ दिख रहा हो ● फसल बुवाई प्रमाण-पत्र अथवा प्रस्तावित फसल बोने के आशय का स्वघोषणा पत्र ● किसान का वैध मोबाईल नंबर ● बटाईदार/कास्तकार/साझेदार किसानों के लिए फसल साझा/कास्तकार का घोषणा पत्र।

● किसान भाईयों से आग्रह है कि फसल बीमा की खरीफ मौसम के लिए अंतिम तिथि **31.07.2026** से पूर्व निकटतम राष्ट्रीयकृत बैंक शाखा/क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक/जिला सहकारी बैंक/प्राथमिक सहकारी समितियाँ/लोक सेवा केन्द्र (CSC)/भारत सरकार की बीमा पोर्टल के माध्यम से फसल का बीमा करा सकते हैं।
● योजना के संबंध में अधिक जानकारी के लिए कृषि अधिकारी/राजस्व अधिकारी/बैंक/CSC एवं एचडीएफसी क्षेत्रीय/जिला/तहसील कार्यालय से संपर्क करें।

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना मौसम खरीफ 2026 के अन्तर्गत जिलावार/फसलवार बीमित राशि एवं कृषक द्वारा देय प्रीमियम राशि (रु./हे.)
(खरीफ 2026 मौसम के अन्तर्गत एचडीएफसी एर्गो को अधिकृत जिलों के अधिसूचित फसलों में बीमा के लिए देय प्रीमियम दर बीमित राशि का 2%)

स्थानीय आपदाएँ एवं फसल कटाई उपरान्त नुकसान होने पर 72 घंटों के भीतर अपनी फसल के नुकसान की सूचना यहाँ दें:
● राष्ट्रीयकृत बैंक शाखा/क्षेत्रिय ग्रामीण बैंक/जिला सहकारी बैंक/प्राथमिक सहकारी समितियाँ ● लोक सेवा केन्द्र (CSC)
● भारत सरकार की क्रॉप इंश्योरेंस ऐप। ● जिला/विकसखण्ड/तहसील स्तर के कृषि/राजस्व कार्यालय ● शिकायत निवारण पोर्टल टोल फ्री नम्बर 14447



फसल बीमा माह 1-31 जुलाई, 2026
फसल बीमा सप्ताह अब बना फसल बीमा माह
70655 14447

टोल फ्री नंबर: 14447 ई-मेल: pmfby.chhattisgarh@hdfcergo.com वेबसाइट: https://pmfby.gov.in/farmer

नियम एवं शर्तें लागू, एचडीएफसी अर्गो जनरल इंश्योरेन्स कंपनी लिमिटेड. आईआरडीएआई रजि. नं. 146, CIN: U66030MH2007PLC177117. पंजीकृत व कार्पोरेट कार्यालय: 6वीं मंज़िल, लीला बिजनेस पार्क, अंधेरी कुर्ला रोड, अंधेरी (पू.), मुंबई - 400059. जोखिम घटकों, नियमों व शर्तों के बारे में अधिक जानकारी के लिए, कृपया बिक्री के समापन से पूर्व सेल्स ब्रोशर/प्रॉसपैक्टस को पढ़ लें. UIN: HDFC ERGO Pradhan Mantri Fasal Bima Yojana (PMFBY) - IRDAN125RP0003V01201617. UID: 19627.

CVRU DR. C.V.RAMAN UNIVERSITY

# DR. C.V. RAMAN UNIVERSITY

A part of aisect india

Bilaspur, Chhattisgarh

Approved by : PCI | AICTE | NCTE | BCI | Member of : AIU | Recognized by : UGC | NAAC Accredited University

## JOIN A NAAC 'A' GRADE UNIVERSITY

## AI ENABLED CAMPUS WITH GLOBAL OPPORTUNITIES

### Approvals & Recognition From Regulatory Bodies

(University Grant Commission) Act 1956 | The AICTE (All India Council of Technical Education) | The NCTE (National Council for Teacher Education) | The BCI (Bar Council of India) | Dr. C.V. Raman University is the member of the Association of Indian Universities (AIU) | The University is Approved by CGPURC | The PCI (Pharmacy Council of India, a statutory body constituted under the Pharmacy Act, 1948) | University Grants Commission (UGC) Distance Education Bureau

Google Cloud Certified Digital Campus Elite Tier

futureskills prime — A MeitY - NASSCOM Digital Skilling Initiative

## Programme Offered — ADMISSION OPEN (2026-27)

### FACULTY OF ENGINEERING & TECHNOLOGY

#### B.TECH.

**B. Tech in Computer Science Engineering** (AI and Data Science) In Association with IBM
**B. Tech in Computer Science Engineering** (AI and ML) In Association with Google
**B. Tech in Mechanical Engineering** (Global Certification in Mechanical Design) In Association with Ethnotech Academy
**B. Tech in Civil Engineering** (Global Certification in 3D Design) In Association with Ethnotech Academy
**B. Tech in Electronics & Communication Engineering** (Global Certification in Electric Vehicle) In Association with Ethnotech Academy
**B. Tech Electrical Engineering/ Electrical & Electronics Engineering** (Global Certification in Electric Vehicle) In Association with Ethnotech Academy

#### POLYTECHNIC DIPLOMA

- Civil Engineering
- Mechanical Engineering
- Computer Science Engg.
- Electrical Engineering

#### M.TECH

- Digital Communication
- Power System
- Computer Science Engineering
- Production Engineering
- VLSI •Software Engineering

#### UG DIPLOMA IN FIRE SAFETY MANAGEMENT

(Admission to Engineering & Pharmacy programmes will be based on the regulations of the DTE, Chhattisgarh.)

### FACULTY OF COMMERCE & MANAGEMENT

**MBA** Marketing | Finance | HR | Production | IT | Retail Tourism and hospitality management
**BBA** as per (AICTE Model Curriculum)
**BBA** (Business Analytics with AI)
**PGDBM** (PG Diploma in Business Management)
**B.Com** Banking & Finance in Association with IIBF
**M.Com** Banking & Finance in Association with IIBF
**D.B.F.** (Diploma in Banking and Finance) in Association with IIBF

### Information & Technology

**M.Sc. (IT, CS)** ( AI/ Data Science/ Cyber Security) in Association with Nasscom/NPTEL
**BCA** (AI & ML/ Data Science) in Association with Google/Nasscom/EthnoTech Academy
**B.Sc. (CS)** (AI/ Data Science/ Cyber Security) in Association with Nasscom/Google
**B.Sc. (IT)** (AI/ Data Science/ Cyber Security) in Association with Nasscom/Google
**PG Diploma in Computer Application (PGDCA)** with AI
**Diploma in Computer Application (DCA)** with AI
**Diploma in Artificial Intelligence** (DAI)

### Science

**Bachelor of Science (B.Sc.)** Integrated with **PSC** Coaching
Physics | Chemistry | Maths | Microbiology
Biotech | Botany | Zoology | Computer Science
Rural Technology | UG Nutrition & Dietetics
**Master of Science (M.Sc.)** Integrated with **PSC** Coaching
PCM | Botany | Microbiology | Biotech | Zoology
Rural Tech | Electronics | Applied Physics
**PG Diploma in Rural Development (PGDRD)**

### Law

**B.A. (LLB) | B.Com. (LLB) | L.L.B. | L.L.M.**

### Education & Physical Education

**Bachelor of Education (B.Ed)**
**Master of Education (M.Ed)**
**Bachelor of Physical Education and Sports (BPES)**
**Master of Physical Education and Sports (MPES)**
**Master of Arts in Yoga (MA Yoga)**

### Bachelor of Vocational ( B.Voc)

**Automobile Servicing | IT Application Development**
**House Keeping | Production Technology**
**Banking, Financial Services and Insurance**
**Home Care | Construction | AC & Refrigeration**
**Multimedia & Animation | Hospital Administration**
**Fashion Designing | Interior Designing**
**Fire & Safety (Industrial & Construction)**

### Pharmaceutical Sciences

**Bachelor of Pharmacy (B.Pharm)- 4 Years**
**Master of Pharmacy (M.Pharm)-2 Years**
**Diploma of Pharmacy (D.Pharm)-2 Years**

### Arts

**Bachelor of Arts (BA)** Integrated with **PSC** Coaching
**B.A. (Geography)** Remote Sensing and Geographical Information Systems (GIS).
**B.A. (History)** Digital Tools and Techniques in Historical Studies.
**B.A. (Economics)**
**B.A. (Sociology)** Digital Society, AI and Cyber Sociology.
**B.A. (Political Science)** Cyber Security and Governance.
**B.A (Sanskrit)** Vedic studies, Dharamshastra & Karmkand, IKS, Sanskrit Natya Shastra, and Vastu & Jyotish Science.
**B.A. (English)**
**B.A. (Hindi)**
**Master of Arts (MA)** Integrated with **PSC** Coaching
Hindi | English | Chhattisgarhi | Sanskrit | History
Geography | Economics | Political Science
Sociology | Education | Rural Development
UG Diploma in Foreign Language
PG Diploma in Geospatial Technology
Diploma in Pourohit (Karmakand)
**Bachelor of Library Science (B.Lib)**
**Master of Library Science (M.Lib)**
**Master of Social Work (MSW)**
**Bachelor of Journalism | Master of Journalism**
**Performing Fine & Folk Arts:**
**BPA (Dance, Instrumental, Vocal) | MPA**
**Certificate Courses:**
Indian Music (Vocal), Kathak, Tabla, Guitar

**Research Programmes Ph.D.**

## AWARD AND ACCOLADES


Mr. Abhishek Pandit, CVRU, receiving the Swachha Campus Ranking Award from Mr. Prakash Javadekar, former Union Minister of Ministry of Human Resource Development and Higher Education Secretary, Mr. R. Subramaniam


Professor Pradeep Kumar Ghosh, Vice-Chancellor of Dr. C.V. Raman University, Bilaspur, was honored with the 'Eminence Award' for his remarkable contributions to the fields of education, research, innovation, and academic excellence. by former Chief Minister and Assembly Speaker Dr. Raman Singh.


Excellence in Education Award presented by the Hon'ble Chief Minister, organized by Haribhumi & In Media Group


Dr. C.V. Raman University Vice- Chancellor Dr. P.K Ghosh Received Awarded The University secured the 2nd rank among private and deemed multi-disciplinary universities in the East Zone, as per The Week Education Conclave 2025


Dr. C.V. Raman University was Honored by Chhattisgarh Media Group IBC-24 The Honored was presented by the Governor of the state CG, Biswabhusan Harichandan to the Director IODE, Dr. C.V. Raman University Dr. Arvind Tiwari


Dr. Arvind Tiwari, Registrar of Dr. CV Raman University has been honored by Shiksha Samman by the Chhattisgarh Chief Minister Vishnu Dev Sai.

THE WEEK: **Ranked 2nd** in the Best Private Law University (Central India) | **Ranked 8th** in the Multi-Disciplinary Private University in the West Zone | **Ranked 1st** in the Multi-Disciplinary Private University in Chhattisgarh

CAREERS360: Rated **AAA** among State Private Universities

### Awards and Recognitions

- 9th FICCI Higher Education Excellence (HEE) Awards-2023
- CSR National Award 2023 CVRU, CG
- Perennial Assistance Award A Flagship Programme of Ministry of Education Govt of India 2020
- Felicitated for the Pioneering Initiative of Accepting NIELIT Qualifiers for Higher Courses
- World Education Summit Award for Innovation in open & Distance Learning
- World Education Award 2016 (Dubai)

### BEST FACILITIES FOR GREAT EXPERIENCES


Research Lab


Volleyball Ground


90.4 Radio Raman


CVRU - Incubation Center (i-TBI)


Centre Library


Bharat Scouts & Guides


Boys Hostel


Skill Development Centre


University Buses


Wi-Fi Campus


National Cadet Corps


International Students

www.cvru.ac.in Follow us on:




### CENTRE FOR DISTANCE AND ONLINE EDUCATION (CDOE)

Scan QR Code to Create Academic Bank of Credit (ABC) ID

**Programmes Offered :**

**BBA | MBA | B.Com | M.Com | B.Lib.I.Sc. | M.Lib.I.Sc. | B.A. (General) M.A. (Hindi) | M.A. (English) | M.A. (Sanskrit) | M.A. (History)**

दूरस्थ शिक्षा में प्रवेश के लिए विद्यार्थी का ABC-ID & DEB-ID होना अनिवार्य है।

Scan QR Code to Create Distance Education Bureau (DEB) ID

### VARIOUS ACTIVITIES OF OUR UNIVERSITY



### HELP DESK FOR ENQUIRY

- **RAIPUR** : 2ND FLOOR "ACE GLOBAL" OPP.MINOCHA PETROL PUMP G.E.ROAD TELIBANDHA, RAIPUR, RAIPUR, CHHATTISGARH Pin: 492006 Ph: 07714022197, 07716611111 Mob: 9165550308
- **JAGDALPUR** : 2ND FLOOR DUBEY COMLPEX NEAR PUNJAB BHAWAN RAUTPARA PANDIT DINDAYAL UPADHAYAY WARD, JAGDALPUR, BASTAR, CHHATTISGARH Pin: 494001 Ph: 07782225223, 07782291005 Mob: 7772044779
- **BHILAI** : NEAR EKTA PARK MAITRI VIHAR RADHIKA NAGAR SUPELA, BHILAI, DURG, CHHATTISGARH Pin: 490023, Ph:07882295617, 07882294009 Mob: 6261639787
- **RAJNANDGAON** : C/O AISECT PMKK RAJANANDGAON G.E.ROAD, NEAR SBI COLLECTORATE BRANCH, INFORNT OF DOMINOS, SAKTI NAGAR, RAJNANDGAON, RAJNANDGAON, CHHATTISGARH Pin: 491441 Ph: 07744228568 Mob: 7828343001
- **BILASPUR** : INFRONT OF PALLAW BHAWAN, GAURAV PATH, BILASPUR, CHHATTISGARH Pin: 495001 Ph: 07752448799, Mob: 9827482380, 9109028878
- **AMBIKAPUR** : 1ST FLOOR ANAND SHREE CPLX. NR.MULTIPURPOSE H.S. SCHOOL COLLECTOR BUNGLOW ROAD GUDRI CHOWK DC ROAD, AMBIKAPUR, SURGUJA, CHHATTISGARH Pin: 497001 Ph: 07774221363 Mob: 8463079985, 9644773322
- **KORBA** : PLOT NO. 238, AMAR PLACE NEAR NIRMALA SCHOOL, KOSABADI CHOWK, KORBA, CHHATTISGARH PIN: 495677, Ph:-07759222002 Mob: 9770214616
- **RAIGARH** : OPPOSITE JMJ MORNING STAR HOSPITAL NEAR DEGREE COLLEGE PAHAD MANDIR ROAD LOCHAN NAGAR, RAIGARH, CHHATTISGARH Pin: 496001, Mob: 9893770334, 7999581884

### Special Features:

- Accredited by NAAC
- Chhattisgarh's first private university
- Skill Courses offered by PMKK in the University
- 100+ Industry Collaborations for a strong industry academia relationship.
- Fully Automated Central Library
- 12 Centre of Excellence in the field of Art & Culture, Biotechnology, Green Energy, Performing Arts, Future & high end skills and many more
- Sprawling 70-acre campus surrounded by lush greenery
- Diverse student base from 8 states
- Career Advancement – Upgrade skills, get promotions, and grow in your career.
- Flexible Timings – Ideal for working professionals, homemakers, and rural learners.
- Rich Study Material – Printed self-learning books, e-books, and interactive video lectures.
- Affordable Fee Structure – Quality education at a low cost
- Counselling & Support – Guidance from expert faculty through online/offline modes.
- Technology-Enabled Learning – Online classes, e-resources, and digital libraries for modern education.
- Learner Support Division – Dedicated academic and administrative support through counselling and helplines.
- Inclusive Education – Empowering rural learners, women, and differently-abled students through equal opportunities.
- PSC Coaching integrated UG/PG Programme
- Google Cloud Certified Digital Campus.

### TOP RECRUITERS OF AGU

More than **500 companies** for Placements and Internships Offering up to **10 Lakh Package**

wipro | vedanta | BAJAJ FINSERV | ICICI Bank | SGS | Reliance Retail | Paytm | Reliance Jio | vivo | Deloitte. | INMOVIDU | Dinomiac | ICICI Prudential | collegedunia | Fullerton India | BYJU'S | IndusInd Bank | Justdial | kotak | Apollo | Manappuram Finance Limited | ESAF Small Finance Bank | airtel | Birla Sun Life Insurance | BulMalo | CMC

**ADMISSION HELPLINE FOR REGULAR PROGRAMMES** 6261-900581, 6261-900588

**ADMISSION HELPLINE FOR DISTANCE EDUCATION** 9302969342, 9617772312

Kargi Road, Kota, Dist.- Bilaspur (C.G.) Ph.+91-7753-253801, 07753-253851, E-Mail : info@cvru.ac.in, lsd@cvru.ac.in, admissions@cvru.ac.in

AdPRAYAS

# राज्य में आईएफएस का टोटा, स्वीकृत 195 में से 153 भारतीय वनसेवा के अधिकारी

## 15 आईएएफएस अधिकारी प्रतिनियुक्ति पर अन्य जगह सेवा दे रहे, इस माह चार आईएफएस अफसर हो रहे सेवानिवृत्त

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

वन विभाग पिछले लंबे अरसे से अफसरों की कमी से जूझ रहा है। इस बीच इस माह चार आईएफएस अफसर सेवानिवृत्त हो जाएंगे। ऐसे में वन विभाग में सीनियर आईएफएस अफसरों का टोटा हो जाएगा। सेवानिवृत्त होने वाले अफसरों में प्रेम कुमार, अनिल कुमार साहू, आलोक तिवारी एवं राजेश चंदेले शामिल हैं। प्रेम कुमार वन विकास निगम के एमडी हैं, जबकि अनिल कुमार साहू लघु वनोपज संघ के एमडी हैं। बहरहाल अगले महीने वन मुख्यालय भी बदला-बदला नजर आएगा। कुछ अफसर इधर से उधर हो सकते हैं। रायपुर रेंज से भी अफसरों को स्थानांतरित करने की खबर है।

वन विभाग में आईएएफएस अफसरों के स्वीकृत पद 195 हैं। जितने स्वीकृत पद हैं, उस लिहाज से महज 153 आईएफएस अधिकारी वर्तमान में हैं। जितने अधिकारी हैं, उनमें से 10 प्रतिशत अधिकारी अन्य विभागों में प्रतिनियुक्ति पर हैं। तेंदूपत्ता संघ और वन विकास निगम भले ही वन विभाग से अलग और स्वतंत्र विंग है, लेकिन दोनों जगह एमडी के पद पीसीसीएफ रैंक के हैं। दोनों संस्थाओं में एमडी (प्रबंध निदेशक) के पद खाली हो जाएंगे। नियमानुसार इन पदों पर पीसीसीएफ स्तर के अधिकारियों की नियुक्ति होती है, लेकिन विभाग में 30 वर्ष की अनिवार्य सेवा अवधि पूरी करने वाले पात्र अधिकारियों की कमी की स्थिति बन रही है।




पीसीसीएफ पद के लिए 30 साल सेवा का मापदंड है। वर्तमान में ओपी यादव के बाद एक भी आईएफएस ऐसे नहीं हैं, जिनकी सेवा के 30 साल पूरे हो चुके हैं। ऐसे में सरकार को इन दोनों पदों पर प्रभारी व्यवस्था का सहारा लेना पड़ेगा, यानी 30 साल से कम सेवा वाले अफसरों को प्रभारी एमडी बनाना पड़ेगा। संजीता गुप्ता सबसे वरिष्ठ अधिकारियों में शामिल हैं।

उनके बाद अमरनाथ प्रसाद, प्रणीता पॉल और राजेश पॉल का नाम आता है। अमरनाथ प्रसाद वर्तमान में शासन में सचिव की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं, जबकि प्रणीता पॉल और राजेश पॉल दूसरे राज्यों में प्रतिनियुक्ति पर पदस्थ हैं।

### प्रतिनियुक्ति पर 15 आईएफएस अधिकारी

राज्य के साथ केंद्र के अलग-अलग विभागों में जिन 15 भारतीय वन सेवा के अफसरों को प्रतिनियुक्ति पर भेजा गया है, उनमें अमरनाथ प्रसाद, प्रणीता पॉल, राजेश कल्लाजे, सोमा दास, विवेक आचार्य, राजू आगसिमानी, विश्वेश कुमार, जे. श्रीराम, सतोविशा समाजदार, विजया रात्रे, प्रियंका पाण्डेय, प्रणय मिश्रा, नायर विष्णु राज के नाम शामिल है।

## सरकार गरीब प्रभावितों के साथ न्याय करे, कांग्रेस हर स्तर पर लड़ाई लड़ेगी

# बैज ने की सरकार से मांग- नकटी तोड़फोड़ स्थल एवं आसपास की भूमि का राजस्व ऑडिट सार्वजनिक करें

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

नकटी गांव में प्रभावित परिवारों को न्याय दिलाने एवं प्रकरण की वर्तमान स्थिति की समीक्षा के लिए प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा गठित जांच समिति की बैठक में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, नकटी प्रभावितों के मामले में राज्य सरकार पूरी तरह उदासीन बनी हुई है। लगभग एक माह बीत जाने के बाद भी प्रभावित परिवारों के पुनर्वास और न्याय के संबंध में कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया है। कांग्रेस कलेक्टर से लेकर राज्यपाल तक लगातार गुहार लगा चुकी है, लेकिन सरकार का रवैया असंवेदनशील बना हुआ है। बरसात में प्रभावित परिवार खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर हैं। उन्होंने कहा, तोड़फोड़ स्थल एवं आसपास की भूमि का राजस्व ऑडिट सार्वजनिक किया जाए।



बैठक में लिए गए निर्णय के बारे में उन्होंने बताया कि नकटी प्रभावितों के न्याय एवं पुनर्वास के लिए राज्यपाल को पुनः पत्र लिखा जाएगा। कांग्रेस के विधि विभाग के पांच सदस्यीय दल का गठन किया जाएगा, जो प्रभावित परिवारों की ओर से न्यायालयीन लड़ाई की रणनीति तैयार करेगा। प्रभावित परिवारों का उसी स्थान पर सम्मानजनक पुनर्वास कर मकान उपलब्ध कराया जाए। तोड़फोड़ स्थल एवं आसपास की भूमि का राजस्व ऑडिट सार्वजनिक किया जाए, ताकि यह स्पष्ट हो सके कि किन प्रभावशाली लोगों के हितों की रक्षा के लिए गरीब परिवारों के मकान तोड़े गए। कांग्रेस का आंदोलन आगे भी निरंतर जारी रहेगा तथा प्रदेश सरकार पर लोकतांत्रिक तरीके से दबाव बनाया जाएगा। जांच समिति के संयोजक एवं पूर्व मंत्री धनेंद्र साहू ने कहा, नकटी प्रकरण केवल पुनर्वास का नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय और संवैधानिक अधिकारों का विषय है। कांग्रेस पार्टी प्रभावित परिवारों को न्याय दिलाने के लिए कानूनी, राजनीतिक एवं लोकतांत्रिक सभी माध्यमों से संघर्ष जारी रखेगी। जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण के अध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे ने कहा, नकटी के पीड़ित परिवार पिछले एक महीने से अधिक समय से अत्यंत कठिन परिस्थितियों में जीवनयापन कर रहे हैं। बरसात में खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर इन परिवारों की सुध लेने के बजाय सरकार मौन बनी हुई है। जिला कांग्रेस कमेटी प्रभावित परिवारों के साथ मजबूती से खड़ी है और गांव में ही सम्मानजनक पुनर्वास, दोषी अधिकारियों की जवाबदेही तथा पीड़ितों को न्याय मिलने तक संघर्ष निरंतर जारी रहेगा।

### ये रहे मौजूद

बैठक में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज विशेष रूप से उपस्थित रहे। जांच समिति के संयोजक धनेंद्र साहू, पूर्व मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया, जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण के अध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे, रायपुर शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्रीकुमार शंकर मेनन, पूर्व विधायक विकास उपाध्याय, सुशील आनंद शुक्ला, पंकज शर्मा, भावेश बघेल, आशीष वर्मा सहित समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

## भाजपा बोली- आयुष्मान योजना को लेकर भ्रम फैला रही कांग्रेस

भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता डॉ. विजय शंकर मिश्रा ने रविवार को एक बयान जारी कर आयुष्मान योजना को लेकर कांग्रेस द्वारा लगाए गए आरोपों का खंडन किया। उन्होंने कहा, कांग्रेस की बुनियाद झूठ की राजनीति पर टिकी हुई है, मुद्दाविहीन कांग्रेस आयुष्मान योजना को लेकर अनर्गल प्रलाप कर रही और जनता में भ्रम फैलाने की कोशिश कर रही है। डॉ. मिश्रा ने कहा, वास्तविक स्थिति यह है कि वित्तीय वर्ष 2026-27 में राज्य शासन द्वारा योजना के अंतर्गत उपचार प्रदान करने वाले निजी अस्पतालों को 451 करोड़ रुपए राशि का भुगतान किया जा चुका है, वहीं निजी अस्पतालों के 379 करोड़ रुपए के दावों का भुगतान प्रक्रियाधीन है, इसके लिए सरकार ने 287 करोड़ राशि जारी गई है, जिससे भुगतान की कार्यवाही निरन्तर जारी है। डॉ. मिश्रा ने कहा कि अस्पतालों को दावा राशि का भुगतान एक सतत एवं नियमित प्रक्रिया है, जो उपलब्ध बजटीय संसाधनों एवं स्वीकृत दावों के आधार पर किया जाता है। डॉ. मिश्रा ने कहा कि राज्य की विष्णुदेव साय सरकार गरीब एवं जरूरतमंद नागरिकों के इलाज के प्रति पूर्णतः संवेदनशील है। स्वास्थ्य विभाग एवं राज्य नोडल एजेंसी का निरंतर प्रयास है कि प्रदेश के प्रत्येक पात्र परिवार को गुणवत्तापूर्ण, निःशुल्क एवं सम्मानजनक स्वास्थ्य सेवाएं समय पर उपलब्ध हों और इसके लिए अस्पतालों को भी नियमानुसार शीघ्र भुगतान सुनिश्चित किया जा रहा है। डॉ. मिश्रा ने कहा कि कांग्रेस की आदत रही है कि वह जनकल्याणकारी योजनाओं में अड़ंगा लगाए और अफवाह फैलाए, जब राज्य सरकार गरीबों को समय पर इलाज और अस्पतालों को समय पर भुगतान सुनिश्चित कर रही है, तब कांग्रेस झूठे और मनगढ़ंत आंकड़े पेश कर प्रदेश जनता को गुमराह करने की नाकाम कोशिश कर रही है।

## हाईकोर्ट का बड़ा फैसला, शादीशुदा बेटी को भी अनुकंपा नियुक्ति पाने का अधिकार



**बिलासपुर।** अनुकंपा नियुक्ति के मामले में छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने अहम टिप्पणी करते हुए कहा है कि शादीशुदा बेटी को महज इस वजह से बाहर नहीं किया जा सकता कि उसकी शादी हो चुकी है और वह अपने पति पर निर्भर है। कोर्ट ने कहा कि निर्भरता तय करने के लिए सबूत देखे जाने चाहिए, न कि सिर्फ अनुमान लगाए जाएं। इसी के साथ बैंक को याचिकाकर्ता के आवेदन पर 30 दिन के भीतर दोबारा फैसला लेने को कहा गया है।

याचिकाकर्ता के पिता बैंक ऑफ महाराष्ट्र में डिप्टी मैनेजर के पद पर कार्यरत थे। उनके निधन के बाद बेटी ने अनुकंपा के आधार पर नौकरी के लिए आवेदन दिया। बैंक ने आवेदन यह कहते हुए खारिज कर दिया कि शादी हो जाने के कारण अब वह पति पर निर्भर है, इसलिए दिवंगत कर्मचारी की आश्रित नहीं मानी जा सकती। कोर्ट ने कहा कि शादीशुदा होना अपने आप में किसी बेटी को अनुकंपा नियुक्ति से बाहर करने का आधार नहीं हो सकता, जब तक नीति में उसे स्पष्ट रूप से मना न किया गया हो। बैंक की नीति की जांच में पाया गया कि "आश्रित परिवार के सदस्य" की परिभाषा में बेटी शामिल है। इसमें शादीशुदा और अविवाहित बेटियों के बीच कोई अंतर नहीं किया गया।

### सिर्फ शादी के आधार पर अनुमान लगाया

याचिकाकर्ता ने कहा था कि वह पिता पर निर्भर थी। बैंक ने इसके विपरीत कोई सबूत नहीं दिया, बल्कि सिर्फ शादी के आधार पर अनुमान लगाया। सुप्रीम कोर्ट के फैसले का हवाला देते हुए हाईकोर्ट ने कहा कि वैवाहिक स्थिति के आधार पर शादीशुदा बेटियों को बाहर रखना लिंग-आधारित रूढ़िवादी सोच है। यह संविधान के अनुच्छेद 14 और 15(1) का उल्लंघन है। कोर्ट ने कहा कि सिर्फ शादीशुदा होने के आधार पर बाहर करना मनमाना है। हाईकोर्ट ने बैंक ऑफ महाराष्ट्र को निर्देश दिया कि वह सुप्रीम कोर्ट के फैसले को ध्यान में रखते हुए याचिकाकर्ता के आवेदन पर 30 दिन के भीतर नए सिरे से विचार करे और कानून के अनुसार निर्णय ले।

### स्मार्ट मीटर हटाओ अभियान, कांग्रेस की जिला स्तरीय बैठक

**रायपुर।** जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण के जिला अध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे के नेतृत्व में शनिवार को बिरगांव में जिला स्तरीय बैठक एवं कैंडल मार्च का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता शामिल हुए। महापौर निवास, बिरगांव में आयोजित बैठक में स्मार्ट मीटर हटाओ, जनआवेदन अभियान की विस्तृत रणनीति बनाई गई। बैठक में निर्णय लिया गया कि बिरगांव नगर निगम के सभी 40 वार्डों में कांग्रेस कार्यकर्ता घर-घर जाकर आम उपभोक्ताओं से जन आवेदन प्राप्त करेंगे तथा स्मार्ट मीटर के कारण बढ़े हुए बिजली बिलों, तकनीकी खामियों और उपभोक्ताओं की समस्याओं को लेकर व्यापक जनजागरण अभियान चलाया जाएगा।

## राशिफल

**मेष** धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाइयों का साथ मिलेगा।

**वृष** वाणी में मधुरता तो रहेगी, परन्तु मन परेशान रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

**मिथुन** शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा, परन्तु लाभ में कुछ कमी आ सकती है। क्रोध पर नियंत्रण रखें।

**कर्क** आत्मविश्वास में कमी आएगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कुटुम्ब के बुजुर्ग के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा।

**सिंह** सम्पत्ति में वृद्धि के योग बन रहे हैं। परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। किसी नए कारोबार की शुरुआत करेंगे।

**कन्या** किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ सकती है। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। संबंधों में निकटता आएगी।

**तुला** मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं।

**वृश्चिक** शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है।

**धनु** आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। वाणी पर नियंत्रण रखें।

**मकर** व्यर्थ के क्रोध से बचें। लाभ में वृद्धि होगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। सुखद समाचार मिलेगा।

**कुंभ** मन अशान्त हो सकता है। संयत रहें। आलस्य भी बढ़ सकता है। सन्तान सुख में वृद्धि होगी। कारोबार में कुछ सुधार होगा।

**मीन** परिवार की समस्या परेशान कर सकती है। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। नौकरी में कोई नई जिम्मेदारी मिल सकती है।

# बदलते मौसम में वायरल अटैक, अस्पतालों में मरीजों की भीड़, ज्यादा शिकायतें बुखार और कमजोरी की

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

बदलते मौसम के कारण राजधानी समेत आसपास के इलाकों में वायरल अटैक की शिकायत बढ़ गई है। सप्ताहभर से आंबेडकर और जिला अस्पताल के साथ निजी क्लीनिकों में बुखार, बदन दर्द, कमजोरी की समस्या वाले मरीजों की संख्या काफी बढ़ गई है। राजधानी के दो बड़े सरकारी अस्पतालों के मेडिसिन विभाग में आने वाले 40 फीसदी मरीज मौसमी समस्या से पीड़ित हैं। बारिश के मौसम में सक्रिय होने वाले बैक्टीरिया के स्वरूप में अभी बदलाव नहीं दिख रहा है इसलिए मरीज तीन से पांच दिन की दवा के खुराक से ठीक हो रहे हैं।

चिकित्सकों के मुताबिक, बारिश के मौसम में शरीर की प्रतिरोधक क्षमता थोड़ी कमजोर हो जाती है, वहीं मौसमी वायरस ताकतवर हो जाते हैं, जो बच्चों, अधिक आयु और कम इम्युनिटी वाले लोगों पर हमला कर उन्हें बीमार कर देते हैं। अभी बारिश और बीच में ब्रेक जैसी स्थिति बन रही है, जिसका विपरीत असर लोगों के स्वास्थ्य पर हो रहा है। पिछले एक सप्ताह में गली-मोहल्ले के क्लीनिकों के साथ सरकारी अस्पतालों में मरीजों की संख्या बढ़ने लगी है। रेनी सीजन में ज्यादातर जलजनित समस्याएं होती हैं, मगर बीच में होने वाले ब्रेक के दौरान बुखार, सर्दी, खांसी के साथ कमजोरी और बदन दर्द जैसी समस्या भी सामने आने लगती है।

अस्पताल पहुंचने वाले मरीजों की समस्या कुछ इसी तरह की है, जिन्हें लक्षण के आधार पर जांच के बाद चिकित्सक दवा दे रहे हैं। आंबेडकर अस्पताल के मेडिसिन विभाग से जुड़े चिकित्सकों के मुताबिक यहां सामान्य दिनों में ओपीडी में प्रतिदिन ढाई से तीन सौ मरीज पहुंचते हैं। इनमें सौ से सवा सौ मरीज मौसमी बीमारी से संबंधित है। अच्छी बात यह है कि बुखार की समस्या ज्यादा दिनों तक परेशान नहीं कर रहा है। सामान्यतः तीन से पांच दिन की नियमित खुराक से समस्या ठीक हो जा रही है।

बारिश के मौसम में पेयजल के दूषित होने और इसके असर पेट संबंधित बढ़ने के मामले सामने आते हैं। पिछले दिनों राज्य में हुई बारिश के दौरान विभिन्न जलस्त्रोतों में बारिश का पानी मिल गया, जो लोगों के पेट से संबंधित तकलीफों का कारण बनने लगा है। अस्पतालों में पेट दर्द सहित अन्य तरह की समस्या लेकर भी काफी संख्या में मरीज पहुंच रहे हैं। डाक्टरों का तर्क है कि इस तरह की समस्या से बचने के लिए इस मौसम में पानी उबालकर पीने और गर्म भोजन करना चाहिए।

### बारिश में डेंगू जैसा खतरा भी

पानी बरसने के बाद घरों में मच्छरों की शिकायतें भी बढ़ने लगी हैं। विशेषज्ञों की मानें तो बरसात के सीजन में अगस्त से सितंबर के बीच जल जमाव वाले इलाके में डेंगू के मच्छरों के पनपने की आशंका अधिक होती है। इसे ध्यान में रखते हुए स्वास्थ्य विभाग सप्ताह में एक दिन जागरूकता अभियान चलाता है। पिछले दो साल से डेंगू के मामले में कमी आई है, इसके पूर्व रायपुर में थोक में इसके मरीज मिले थे। इस दौरान डेंगू के बढ़ते मामले और आयुष्मान से इलाज पर भी निजी अस्पतालों पर सवाल उठे थे।

### सावधानी बरतने की जरूरत

बारिश के मौसम में थोड़ी-सी चूक बीमारी का कारण बन सकती है। बचाव के लिए खानपान के साथ पेयजल की स्वच्छता का ध्यान रखना आवश्यक है। बीमार होने पर बिना देर किए अस्पतालों में जाकर दवा लेनी चाहिए। मौसमी बीमारियों के इलाज के लिए सरकारी अस्पतालों में दवाओं की निशुल्क व्यवस्था है।

**- डॉ. मिथिलेश चौधरी,** सीएमएचओ

# अनुज शर्मा को राहत, सोशल मीडिया पर प्रचारित आपत्तिजनक सामग्री को हटाने का आदेश

बिलासपुर। डिजिटल प्लेटफॉर्म पर बढ़ते ट्रोलिंग और ऑनलाइन मानहानि के मामलों के बीच छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने एक महत्वपूर्ण आदेश जारी किया है। पद्मश्री से सम्मानित छत्तीसगढ़ी अभिनेता एवं विधायक अनुज शर्मा द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए न्यायालय ने सोशल मीडिया पर प्रसारित कथित मानहानिकारक, आपत्तिजनक और मॉर्फ्ड सामग्री को गंभीरता से लिया है। हाईकोर्ट ने संबंधित सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म और सामग्री पोस्ट करने वाले पक्षों को नोटिस जारी करते हुए आपत्तिजनक कंटेंट को तत्काल हटाने के निर्देश दिए हैं। न्यायमूर्ति अमितेंद्र किशोर प्रसाद की एकलपीठ ने याचिका क्रमांक 3836/2026 पर सुनवाई की। अदालत ने प्रथम दृष्टया मामले को गंभीर मानते हुए याचिका स्वीकार की और कथित तौर पर अनुज शर्मा तथा उनके परिवार को निशाना बनाकर प्रसारित किए गए अश्लील पोस्ट, गाली-गलौज, मॉर्फ्ड वीडियो, एडिटेड तस्वीरों और कैरिकेचर पर कड़ी आपत्ति जताई। याचिका में कहा गया था कि फेसबुक, इंस्टाग्राम, एक्स (पूर्व में ट्विटर) और यूट्यूब जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर कई फर्जी अकाउंट्स के जरिए अनुज शर्मा के खिलाफ सुनियोजित अभियान चलाया गया। आरोप है कि उनकी पुरानी फिल्मों और गीतों के अंशों को संपादित कर आपत्तिजनक रूप में प्रसारित किया गया, मॉर्फ्ड वीडियो और तस्वीरों के माध्यम से उनकी छवि को नुकसान पहुंचाने की कोशिश की गई तथा उनके परिवार को भी अभद्र टिप्पणियों का निशाना बनाया गया। याचिका के अनुसार यह मामला केवल राजनीतिक आलोचना तक सीमित नहीं है, बल्कि व्यक्तिगत गरिमा, प्रतिष्ठा और निजता पर हमला है।

- हाईकोर्ट ने जारी किया आदेश, विस्तृत जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश


### व्यक्तित्व अधिकार और अनुच्छेद-21 का हवाला

याचिकाकर्ता की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता वाई.सी. शर्मा ने पैरवी की। उनकी ओर से अधिवक्ता समीर रिगरी, अंजय मिश्रा सहित अन्य अधिवक्ताओं ने न्यायालय के समक्ष तर्क रखा कि अनुज शर्मा की पहचान, छवि, आवाज और व्यक्तित्व का बिना अनुमति उपयोग कर डिजिटल माध्यमों पर सामग्री तैयार करना उनके पर्सनैलिटी राइट्स (व्यक्तित्व अधिकार) और संविधान के अनुच्छेद-21 के तहत प्रदत्त गरिमा एवं प्रतिष्ठा के अधिकार का उल्लंघन है। वकीलों ने यह भी तर्क दिया कि किसी व्यक्ति की पहचान का उपयोग कर व्यूज, क्लिक या अन्य लाभ अर्जित करने के उद्देश्य से मॉर्फ्ड अथवा भ्रामक सामग्री तैयार करना कानूनन गंभीर विषय है।

### नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया

सुनवाई के बाद हाईकोर्ट ने संबंधित सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म और प्रतिवादियों को निर्देश दिए। इसमें कोर्ट ने कहा कि अनुज शर्मा और उनके परिवार से संबंधित कथित आपत्तिजनक, मॉर्फ्ड और मानहानिकारक पोस्ट, वीडियो, कैरिकेचर एवं अन्य सामग्री को तत्काल हटाने या उनकी पहुंच प्रतिबंधित करने के निर्देश दिए गए। संबंधित सोशल मीडिया अकाउंट संचालकों, चैनल एडमिन और कंटेंट क्रिएटर्स को नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है। इसके साथ ही बिना अनुमति अनुज शर्मा की पहचान, छवि और व्यक्तित्व का संपादन, मॉर्फिंग अथवा व्यावसायिक उपयोग करने के आरोपों पर विस्तृत जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए गए हैं।

## शब्द पहेली - 6299



**बाएँ से दाए**
1. ईष्ट कृपा, वर-4
3. मान का विलोम-4
8. शैतानी करना-4,3
10. झगड़ा, बैर-3
11. जंगल, वन-3
13. सर्दी से बचने के लिये जलाई गई लकड़ियों का ढेर-3
15. जलने के बाद बचे अवशेष-2
17. कार्य-2
18. पतवार-2
19. नमाज से पहले हाथ-पांव धोना-2
21. नमस्कार-3
25. बूंद-3
26. जिज्ञासा, लगन-3
27. आत्मोत्सर्ग करना-4,3
30. मां के माता-पिता-2,2
31. रपटना-4

**ऊपर से नीचे**
2. वलय, घेरा-3
4. तीन घंटे का समय-3
5. खिसकना-4
6. उन्मादी, मदमस्त-4
7. यज्ञ, होम-3
8. नगर-3
9. तिरस्कृत-3
12. रूप अभिमान-3
13. शांति-3
14. प्रतिज्ञा-3
16. सहभोज-3
20. मोजा, पायताबा-3
22. उदारता-4
23. परवरिश करना-3
24. वचन तोड़ना-4
25. लेखनी-3
28. लिखावट-3
29. अमीर, धनवान-3

**शब्द पहेली- 6298 का हल**



## सूडोकु नवताल - 6309

सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | | | | 1 | | | |
| 5 | 4 | | | 6 | 8 | | 1 | 3 |
| | | 1 | | 7 | | 9 | 5 | |
| | 8 | 9 | | 5 | 3 | | 4 | 7 |
| | | | | | | | | |
| 6 | 1 | | 4 | 9 | | 2 | 3 | |
| | 3 | 4 | | 1 | | 8 | | |
| 7 | 5 | | 8 | 3 | | | 2 | 4 |
| | | | 6 | | | | 7 | 9 |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 6308 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 6 | 2 | 3 | 4 | 1 | 7 | 5 | 8 |
| 1 | 4 | 8 | 9 | 7 | 5 | 6 | 2 | 3 |
| 5 | 7 | 3 | 2 | 6 | 8 | 1 | 4 | 9 |
| 3 | 2 | 1 | 6 | 9 | 4 | 8 | 7 | 5 |
| 4 | 8 | 7 | 5 | 1 | 2 | 9 | 3 | 6 |
| 6 | 9 | 5 | 8 | 3 | 7 | 4 | 1 | 2 |
| 8 | 3 | 4 | 7 | 2 | 6 | 5 | 9 | 1 |
| 2 | 1 | 6 | 4 | 5 | 9 | 3 | 8 | 7 |
| 7 | 5 | 9 | 1 | 8 | 3 | 2 | 6 | 4 |

# नेपाल ने नोटबंदी के बाद भारतीय मुद्रा पर लगे अंकुश हटाए

एजेंसी ⏭ काठमांडू

नेपाल ने भारतीय और नेपाली नागरिकों को नौ नवंबर, 2016 या उसके बाद जारी 200 और 500 रुपये के भारतीय नोट देश में लाने और बाहर ले जाने की अनुमति दे दी है, लेकिन इसकी अधिकतम सीमा 25,000 रुपये रखी गई।

- देश में नोट लाने और बाहर ले जाने की अधिकतम सीमा 25,000 रुपए

भारत द्वारा 2016 में नोटबंदी किए जाने के बाद सिर्फ 100 रुपये के नोट को ही लाने ले-जाने की अनुमति थी। नेपाल राष्ट्र बैंक (एनआरबी) ने बृहस्पतिवार को जारी एक सूचना में कहा कि नौ नवंबर, 2016 से पहले जारी 500 रुपये और 1,000 रुपये के भारतीय नोट नेपाल में प्रतिबंधित रहेंगे।

## नेपाल ने 200, 500 के नोट को भी दी अनुमति

### अन्य देश से नेपाल में भारतीय मुद्रा नहीं ले जा सकते

नेपाल राष्ट्र बैंक ने इन प्रावधानों को 11 फरवरी को नेपाल राजपत्र में प्रकाशित अधिसूचना जारी कर पहले ही लागू कर दिया था। इसके बावजूद केंद्रीय बैंक ने बृहस्पतिवार को नियमों को दोहराते हुए और उनके क्रियान्वयन को स्पष्ट करने के लिए नया नोटिस जारी किया। नए नियमों की व्याख्या करते हुए एनआरबी के प्रवक्ता गुरु प्रसाद पौडेल ने शनिवार को कहा कि नेपाली नागरिक भारत के अलावा किसी अन्य देश से नेपाल में भारतीय मुद्रा नहीं ला सकते।



*नोटबंदी के बाद नेपाल ने लगाया था प्रतिबंध : नोटबंदी के बाद नेपाल ने पुरानी भारतीय मुद्रा के उपयोग और लेनदेन पर कड़े प्रतिबंध लगा दिए थे। इस कदम से दोनों देशों के बीच यात्रा और सीमा पार लेनदेन अधिक सुगम हो सकेगा।*

### सीमा शुल्क अधिकारियों के समक्ष करनी होगी घोषणा

यदि यह राशि 5,000 अमेरिकी डॉलर से अधिक होती है, तो आगमन के समय सीमा शुल्क अधिकारियों के समक्ष उसकी घोषणा करना अनिवार्य होगा। भारत ने आठ नवंबर, 2016 को 500 और 1,000 रुपये के नोट को बंद कर दिया था। इसके बाद 500 रुपये और 2,000 रुपये के नए नोट जारी किए गए थे। बाद में 2,000 रुपये के नोट भी वापस ले लिए गए।

अधिसूचना के अनुसार, मौजूदा नियमों के तहत नेपाली और भारतीय नागरिक नौ नवंबर, 2016 के बाद जारी 200 और 500 रुपये के भारतीय नोट नेपाल ला सकते हैं या वहां से ले जा सकते हैं, लेकिन इसकी अधिकतम सीमा प्रति व्यक्ति 25,000 रुपये रहेगी।

### व्यापार करने वाले नेपाली नागरिकों को होगी सुविधा

इसी प्रकार, वे भारत को छोड़कर किसी अन्य देश में नेपाल से भारतीय मुद्रा नहीं ले जा सकते। उन्होंने कहा कि नए प्रावधान से नेपाल आने वाले भारतीय पर्यटकों तथा भारत के साथ व्यापार करने वाले नेपाली नागरिकों को काफी सुविधा होगी। अधिसूचना में यह भी कहा गया है कि नेपाली नागरिक और विदेशी पर्यटक बिना सीमा शुल्क घोषणा के 5,000 अमेरिकी डॉलर या अन्य विदेशी मुद्राओं में उसके बराबर राशि तक नेपाल ला सकते हैं।

## खबर संक्षेप

### बैंक ऑफ इंडिया का लाभ बढ़कर 3,068 करोड़ रुपए

**मुंबई।** बैंक ऑफ इंडिया का चालू वित्त वर्ष 2026-27 की अप्रैल-जून तिमाही में एकल आधार पर शुद्ध लाभ 36.23 प्रतिशत बढ़कर 3,067.90 करोड़ रुपये रहा। बैंक के लाभ में वृद्धि मुख्य रूप से गैर-ब्याज आय में बढ़ोतरी के कारण हुई। 2025-26 की समान तिमाही में 2,252.12 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था।

### एनटीपीसी का लाभ 13% बढ़कर 6897 करोड़ रुपए




**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की बिजली कंपनी एनटीपीसी का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही में लगभग 13 प्रतिशत बढ़कर 6,896.44 करोड़ रुपये रहा। कंपनी का लाभ बढ़ा है। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि 30 जून, 2025 को समाप्त तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 6,108.46 करोड़ रुपये था।

### आयातित तेलों के भाव में गिरावट, सरसों में सुधार



**नई दिल्ली।** लागत से नीचे दाम पर की जाने वाली बिकवाली की वजह से बीते सप्ताह देश के तेल-तिलहन बाजारों में आयातित तेलों के दाम गिरावट के साथ बंद हुए। वहीं आगामी त्योहारी मौसम की मांग की सुगबुगाहट के कारण सरसों एवं मूंगफली तेल तिलहन तथा बिनौला तेल के दाम में मामूली सुधार आया।

### पूंजीकरण में एचडीएफसी बैंक को सबसे ज्यादा नुकसान

**नई दिल्ली।** स्थानीय शेयर बाजार में कमजोरी के रुख के बीच बीते सप्ताह सेंसेक्स की 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से नौ के बाजार पूंजीकरण में सामूहिक रूप से 2.74 लाख करोड़ रुपये की गिरावट आई। सबसे ज्यादा नुकसान एचडीएफसी बैंक को हुआ। पिछले सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 2,091.68 अंक यानी 2.67 प्रतिशत टूट गया।

### एबीडीएल को आमदनी में 15 प्रतिशत वृद्धि की उम्मीद

**नई दिल्ली।** शराब बनाने वाली कंपनी अलाइड ब्लेंडर्स एंड डिस्टिलर्स लिमिटेड (एबीडीएल) को वित्त वर्ष 2026-27 में राजस्व और बिक्री मात्रा में 15 प्रतिशत (मिड-टीन) स्तर की वृद्धि की उम्मीद है। कंपनी को प्रीमियम उत्पादों पर बढ़ते ध्यान, निर्यात कारोबार के विस्तार और उत्पादन क्षमता बढ़ने से यह वृद्धि मिलने की उम्मीद है।

### पीएनबी को 20,000 करोड़ रुपए से अधिक के लाभ की उम्मीद




**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के पीएनबी के सीईओ अशोक चंद्र ने कहा है कि बैंक को पिछली लगातार चार तिमाहियों के मजबूत वित्तीय प्रदर्शन के बल पर चालू वित्त वर्ष 2026-27 में 20,000 करोड़ रुपये से अधिक का शुद्ध लाभ हासिल होने की उम्मीद है। पीएनबी ने पिछले वित्त वर्ष 2025-26 में 16,904 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ कमाया था। चंद्र ने कहा कि वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही से बैंक प्रत्येक तिमाही में 5,000 करोड़ रुपये से अधिक का शुद्ध लाभ अर्जित कर रहा है।

## अंतरराष्ट्रीय गैस संघ की रिपोर्ट में यह बात कही गई

# गैस की मांग बढ़ाने को सिर्फ एलएनजी आयात क्षमता बढ़ाना पर्याप्त नहीं : रिपोर्ट

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

अंतरराष्ट्रीय गैस संघ (आईजीयू) की एक रिपोर्ट में यह बात कही गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत ने एलएनजी री-गैसीफिकेशन टर्मिनल की क्षमता तो बढ़ाई है, लेकिन गैस के परिवहन और वितरण से जुड़ा बुनियादी ढांचा उसी गति से विकसित नहीं हो पाया है। इससे देश की गैस खपत बढ़ाने की क्षमता पर सीधा असर पड़ा है।

### भारत बड़े पैमाने पर आयात पर निर्भर

आईजीयू ने हालिया होर्मुज जलडमरूमध्य संकट का उल्लेख करते हुए कहा कि इस घटना ने भारत की गैस आपूर्ति श्रृंखला की कमजोरियों को उजागर किया है। भारत अपनी प्राकृतिक गैस और एलपीजी की जरूरतों के लिए बड़े पैमाने पर आयात पर निर्भर है।

### एलपीजी की 60 से 65 फीसदी मांग आयात से पूरी

घरेलू उत्पादन कुल गैस मांग का लगभग 50-52 प्रतिशत ही पूरा कर पाता है, जबकि शेष आवश्यकता कतर, ऑस्ट्रेलिया, अमेरिका और रूस से एलएनजी आयात से पूरी होती है।तरलीकृत पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) के मामले में भी देश अपनी 60-65 प्रतिशत जरूरत आयात के जरिये पूरी करता है। रिपोर्ट कहती है कि भारत का अधिकांश एलएनजी और एलपीजी आयात होर्मुज जलडमरूमध्य से होकर आता है।

भारत में प्राकृतिक गैस की दीर्घकालिक मांग बढ़ाने के लिए केवल तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) आयात क्षमता बढ़ाना ही पर्याप्त नहीं होगा। इसके साथ-साथ गैस पाइपलाइन और वितरण नेटवर्क का विस्तार, गैस आधारित उद्योगों में निवेश तथा बाजार, नियमन और मूल्य निर्धारण प्रणाली में व्यापक सुधार भी जरूरी होंगे।

- गैस पाइपलाइन और वितरण नेटवर्क का विस्तार जरूरी
- मूल्य निर्धारण प्रणाली में व्यापक सुधार भी जरूरी होंगे
- परिवहन और वितरण का बुनियादी ढांचा उस गति से विकसित नहीं



*गैस पाइपलाइन का तेजी से विस्तार करना होगा : आईजीयू ने सुझाव दिया है कि भारत को एलएनजी टर्मिनल तक अधिक खुली पहुंच, प्रणाली प्रवेश शुल्क में सुधार और बाजार के उदारीकरण जैसे कदम उठाने चाहिए, ताकि खरीदार कम कीमतों का लाभ उठा सकें और आयात टर्मिनल का बेहतर उपयोग हो सके।*

### खाड़ी युद्ध तनाव ने ऊर्जा सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ाई

हालिया पश्चिम एशिया तनाव के दौरान इस मार्ग पर आई बाधाओं ने भारत की ऊर्जा सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ा दी। हालांकि, दीर्घकाल में स्थिति बेहतर होने की संभावना जताई गई है। रिपोर्ट के अनुसार, इस दशक के शेष वर्षों में वैश्विक स्तर पर नई एलएनजी निर्यात परियोजनाओं के शुरू होने से आपूर्ति बढ़ेगी, जिससे अंतरराष्ट्रीय बाजार में एलएनजी की कीमतों पर दबाव पड़ेगा और भारत के लिए गैस का उपयोग अधिक किफायती हो सकेगा।

### थोक गैस सस्ती होने से खपत नहीं बढ़ेगी

प्रतिस्पर्धी परिवहन शुल्क और मजबूत पारेषण नेटवर्क से गैस की लागत कम होगी और नए उपभोक्ताओं को जोड़ना आसान होगा। आईजीयू का मानना है कि केवल थोक गैस सस्ते दाम पर उपलब्ध होने से खपत नहीं बढ़ेगी। इसके लिए बुनियादी ढांचे में निवेश, गैस मूल्य निर्धारण प्रणाली में सुधार, व्यावसायिक अनुबंधों को सरल बनाने और व्यापक बाजार सुधारों की भी आवश्यकता होगी।

### आयात के स्रोत बढ़ाने होंगे

रिपोर्ट कहती है कि खाड़ी क्षेत्र के संकट ने एलएनजी आयात की विश्वसनीयता पर सवाल जरूर खड़े किए हैं, लेकिन विभिन्न देशों से आयात के स्रोत बढ़ाकर इन जोखिमों को काफी हद तक कम किया जा सकता है।

# भारतीय स्मार्टफोन ब्रांड बनाने में जुटी एआई प्लस

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



- एआई प्लस को वैश्विक कंपनियों के मुकाबले खड़ा करने की योजना
- कंपनी को 7,500 करोड़ रु. के कारोबार का लक्ष्य

स्मार्टफोन उद्योग में दो दशक से अधिक का अनुभव रखने वाले नेक्स्टक्वांटम शिफ्ट टेक्नोलॉजी के संस्थापक माधव सेठ भारतीय स्मार्टफोन ब्रांड 'एआई प्लस' को वैश्विक कंपनियों के मुकाबले खड़ा करने की योजना पर काम कर रहे हैं।

सेठ ने कहा कि चीन के स्मार्टफोन बाजार और आपूर्ति श्रृंखला से मिली सीख का इस्तेमाल वह भारत में एक मजबूत घरेलू ब्रांड बनाने में कर रहे हैं। सेठ ने बातचीत में कहा कि उनकी कंपनी ने सितंबर, 2025 में अपना पहला स्मार्टफोन बाजार में उतारा था। कंपनी ने अपने पहले ही वित्त वर्ष में 965 करोड़ रुपये का कारोबार किया। सेठ ने कहा कि चालू वित्त वर्ष कंपनी का पहला पूर्ण परिचालन वर्ष होगा और इस दौरान कारोबार कई गुना बढ़कर 7,500 करोड़ रुपये से अधिक पहुंचने की उम्मीद है। नेक्स्टक्वांटम शिफ्ट टेक्नोलॉजी पूरी तरह भारतीय कंपनी है। सेठ ने कहा कि रियलमी जैसे ब्रांड को चीनी बाजार में स्थापित करने के अनुभव और चीन की मजबूत आपूर्ति श्रृंखला से मिली सीख के आधार पर कंपनी भारत में अपना स्मार्टफोन ब्रांड खड़ा कर रही है।

*किसी भी भारतीय स्मार्टफोन की वैश्विक पहचान नहीं*

*सेठ ने कहा कि भारत में स्मार्टफोन बाजार की संभावनाएं बहुत बड़ी हैं। देश में स्मार्टफोन की मांग तेजी से बढ़ रही है, लेकिन अभी तक कोई भी भारतीय स्मार्टफोन ब्रांड वैश्विक स्तर पर अपनी मजबूत पहचान नहीं बना पाया है।*

### देश में कलपुर्जों का तंत्र विकसित करने की जरूरत

सेठ ने कहा, ''भारत में कलपुर्जों का पूरा पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करने के लिए जरूरी है कि यहां से कोई मजबूत भारतीय ब्रांड खड़ा हो। मौजूदा समय में इस क्षेत्र पर विदेशी कंपनियों का दबदबा है, जिससे घरेलू स्तर पर पुर्जों के निर्माण का विकास मुश्किल रहा है।''

# फेड के ब्याज दर पर निर्णय से तय होगी शेयर बाजार की दिशा

- कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव भी बाजार पर डालेगा असर

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



स्थानीय शेयर बाजार की दिशा इस सप्ताह पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव, कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव और अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व के ब्याज दर पर निर्णय से तय होगी।

विश्लेषकों ने यह राय जताई है। विश्लेषकों के अनुसार, इसके साथ ही चालू वित्त वर्ष की जून तिमाही के कंपनियों के नतीजों पर भी निवेशकों की नजर रहेगी। रेलिगेयर ब्रोकिंग लि. के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजित मिश्रा ने कहा, अमेरिका-ईरान संघर्ष, होर्मुज जलडमरूमध्य से होने वाली जहाजों की आवाजाही और कच्चे तेल की कीमतों में बदलाव वैश्विक बाजारों की धारणा को प्रभावित करेंगे। वहीं, अमेरिकी फेडरल रिजर्व की मौद्रिक समीक्षा बैठक में ब्याज दरों और महंगाई पर दिए जाने वाले संकेत निवेशकों के लिए अहम रहेंगे। उन्होंने कहा कि घरेलू स्तर पर निवेशक जून महीने के औद्योगिक उत्पादन (आईआईपी) के आंकड़ों पर भी नजर रखेंगे, क्योंकि इससे अर्थव्यवस्था की रफ्तार का संकेत मिलेगा।

## सेल का लाभ दोगुने से अधिक होकर 1,644 करोड़ रुपए




**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) का एकीकृत शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष की जून तिमाही में दोगुने से अधिक होकर 1,644.05 करोड़ रुपये रहा। मुख्य रूप से खर्च में कमी आने से कंपनी का लाभ बढ़ा है। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि पिछले साल की इसी तिमाही में उसका शुद्ध मुनाफा 744.58 करोड़ रुपये था। सेल की कुल आय आलोच्य तिमाही में बढ़कर 26,451.21 करोड़ रुपये हो गई जो एक साल पहले इसी तिमाही में 26,083.90 करोड़ रुपये थी। वहीं, खर्च 24,146.32 करोड़ रुपये रहा, जो पिछले वित्त वर्ष की अप्रैल-जून तिमाही में 25,189.19 करोड़ रुपये था।

# टाटा टेक्नोलॉजीज को चालू वित्त वर्ष में 'बड़ी छलांग' की उम्मीद

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली




- सीईओ ने कहा, चालू वित्त वर्ष ब्रेकआउट ईयर होगा साबित
- कंपनिया नए उत्पादों के विकास में बढ़ा रही निवेश

वैश्विक उत्पाद इंजीनियरिंग और डिजिटल सेवा कंपनी टाटा टेक्नोलॉजीज को भरोसा है कि चालू वित्त वर्ष 2026-27 उसके लिए 'बड़ी छलांग' (ब्रेकआउट ईयर) वाला साल साबित होगा। कंपनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) एवं प्रबंध निदेशक वॉरेन हैरिस ने कहा कि दुनिया भर की वाहन विनिर्माता कंपनियां नए उत्पादों के विकास में निवेश बढ़ा रही हैं और अधिक से अधिक कार्य बाहरी कंपनियों को सौंप रही हैं, जिसका सीधा लाभ टाटा टेक्नोलॉजीज को मिल रहा है। हैरिस ने कहा कि कंपनी ने चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में कई पूर्ण वाहन कार्यक्रम परियोजनाएं हासिल की हैं। इनमें टेनेको के साथ 10 करोड़ अमेरिकी डॉलर का अनुबंध भी शामिल है। इसके अलावा एक प्रमुख जापानी मूल उपकरण विनिर्माता (ओईएम) ने कंपनी को पूर्ण वाहन इंजीनियरिंग कार्यक्रम सौंपा है, जबकि एक यूरोपीय लक्ज़री वाहन विनिर्माता के साथ बहुवर्षीय समझौता भी हुआ है।

### कंपनी ने पहले तिमाह में 1664 करोड़ का परिचालन राजस्व पाया

कंपनी ने पहली तिमाही में 1,664.6 करोड़ रुपये का परिचालन राजस्व हासिल किया है, जो पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में 33.8 प्रतिशत अधिक है। हैरिस ने इसे कंपनी के लिए 'बड़ी उपलब्धि'' और आने वाले वर्षों की मजबूत वृद्धि का संकेत बताया।

# आम लोगों के हित के लिए काम करें आयकर अधिकारी : सीतारमण

एजेंसी ⏭ मुंबई



- लोगों को अपने वैध कार्यों के लिए दर-दर भटकना न पड़े
- नियमों के दायरे में रहते हुए जनता के कार्यों का करे निपटारा

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आयकर विभाग के अधिकारियों से आम नागरिकों के हित में कार्य करने की अपील करते हुए कहा है कि लोगों को अपने वैध कार्यों के लिए 'दर-दर भटकने' पर मजबूर नहीं होना चाहिए।

वित्त मंत्री ने अधिकारियों से नियमों के दायरे में रहते हुए जनता के कार्यों का समयबद्ध और संवेदनशील तरीके से निपटारा करने का आग्रह किया। मुंबई के नरीमन पॉइंट स्थित 13 मंजिला 'आयकर सिंधु' भवन के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए वित्त मंत्री ने रविवार को कहा कि इस भवन के निर्माण के लिए आवश्यक अनुमतियां प्राप्त करने में स्वयं आयकर विभाग के अधिकारियों को भी कई दिक्कतों का सामना करना पड़ा। सीतारमण ने कहा कि यदि विभाग के अधिकारी ऐसी कठिनाइयों का अनुभव कर सकते हैं, तो उन्हें आम नागरिकों की समस्याओं का भी बेहतर ढंग से एहसास होना चाहिए। सीतारमण ने सरकारी विभागों की सुस्त कार्यशैली पर चिंता जताते हुए कहा कि इसी कारण सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे और अतिक्रमण जैसी समस्याएं पैदा होती हैं। वित्त मंत्री ने बताया कि जिस भूमि पर नया भवन बनाया गया है, वह वर्ष 1973 से आयकर विभाग के पास थी, इसके बावजूद उस पर अवैध कब्जे हो गए, जो प्रशासनिक लापरवाही का उदाहरण है।

### *ईमानदारी ही कर प्रशासन की आधारशिला*

*अपने संबोधन के अंत में सीतारमण ने कहा कि ईमानदारी ही कर प्रशासन की सबसे महत्वपूर्ण आधारशिला है। उन्होंने सभी अधिकारियों से निष्पक्ष, पारदर्शी और ईमानदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने का आह्वान किया।*

### भूमि हस्तांतरण की प्रक्रिया तेज करने का दिया भरोसा

साथ ही उन्होंने सरकारी विभागों के बीच भूमि हस्तांतरण और अन्य मंजूरियों की प्रक्रिया को तेज करने का भरोसा दिया, ताकि भविष्य में कार्यालय भवनों का निर्माण समय पर पूरा हो सके। वित्त मंत्री ने अधिकारियों को बीएसएनएल की उपलब्ध भूमि के उपयोग की संभावनाएं तलाशने का सुझाव भी दिया और कहा कि इस संबंध में वह संबंधित मंत्री से बातचीत करेंगी।

# मारुति चालू वित्त वर्ष में नौ लाख सीएनजी वाहन बेचेगी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



- ईंधन की कीमतें बढ़ने से सीएनजी वाहनों मांग तेजी से बढ़ी
- कंपनी ने पहली तिमाही में 2 .2 लाख सीएनजी वाहन बेचे

देश की सबसे बड़ी कार विनिर्माता कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया (एमएसआई) ने चालू वित्त वर्ष में करीब नौ लाख सीएनजी वाहन बेचने का लक्ष्य रखा है।

कंपनी का मानना है कि पश्चिम एशिया में जारी युद्ध के बाद ईंधन की कीमतों में बढ़ोतरी से सीएनजी वाहनों की मांग तेजी से बढ़ी है। मारुति सुजुकी इंडिया के वरिष्ठ कार्यकारी अधिकारी (विपणन एवं बिक्री) पार्थो बनर्जी ने बताया कि चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में कंपनी ने विभिन्न मॉडल श्रेणियों में 2.2 लाख सीएनजी वाहन बेचे हैं, जो पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में 58 प्रतिशत अधिक है। उन्होंने कहा कि पश्चिम एशिया युद्ध के बाद ईंधन के दाम बढ़ने से सीएनजी वाहनों की मांग बढ़ी है। चालू वित्त वर्ष के लिए सीएनजी वाहन बिक्री लक्ष्य के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि पहली तिमाही के आंकड़े को देखते हुए हम करीब नौ लाख इकाई की बिक्री की उम्मीद कर रहे हैं। बीते वित्त वर्ष 2025-26 में कंपनी ने सात लाख से ज्यादा सीएनजी वाहन बेचे थे।

## इस दौरान जेप्टो, टूहॉम और लॉजिस्टिक मंच की कंपनियां का निर्गम

# अगले महीने दर्जनभर से ज्यादा कंपनियां लाएगी आईपीओ

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली


- कंपनियां आईपीओ से कुल मिलाकर 25,000 करोड़ से अधिक जुटाएगी

अगले महीने यानी अगस्त में आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) बाजार में काफी गतिविधियां देखने को मिलेंगी। इस दौरान जेप्टो, टूहॉम फाइनेंस और लॉजिस्टिक मंच शिपरॉकेट सहित एक दर्जन से अधिक कंपनियां अपना आईपीओ लाने की तैयारी में हैं।

इन कंपनियों के आईपीओ से कुल मिलाकर 25,000 करोड़ रुपये से अधिक राशि जुटाए जाने की उम्मीद है। मर्चेंट बैंकरों के अनुसार, आगामी आईपीओ में नए शेयर जारी करने के साथ-साथ मौजूदा शेयरधारकों की ओर से बिक्री पेशकश (ओएफएस) भी शामिल होगी। इक्विरस कैपिटल के प्रबंध निदेशक और निवेश बैंकिंग प्रमुख भावेश शाह ने कहा कि बाजार में स्थिरता और निवेशकों की बेहतर धारणा के चलते वे कंपनियां भी अब आगे बढ़ रही हैं, जो पहले आईपीओ योजनाओं को टाल रही थीं।

### इस साल अब तक 36 आईपीओ आ चुके

इस साल अब तक 36 कंपनियां आईपीओ ला चुकी हैं, जिनमें नौ कंपनियां इसी महीने बाजार में सूचीबद्ध हुई हैं। आने वाले दिनों में मणिपाल हेल्थ एंटरप्राइजेज और जूनिपर ग्रीन एनर्जी के आईपीओ क्रमशः 29 और 30 जुलाई को खुलने वाले हैं। इसके अलावा एमवी इलेक्ट्रोसिस्टम्स भी अगले सप्ताह अपना आईपीओ लाने की तैयारी कर रही हैं।




### मिल्की मिस्ट 1553 करोड़ का आईपीओ लाने तैयार

वहीं, एलिवेट कैंपसेज 2,550 करोड़ रुपये के आईपीओ के तहत पूरी तरह नए शेयर जारी करेगी। शिपरॉकेट ने 2,342.35 करोड़ रुपये के आईपीओ के लिए दस्तावेज दाखिल किए हैं, जिसमें 1,100 करोड़ रुपये का नया निर्गम और 1,242.35 करोड़ रुपये का ओएफएस शामिल है। अन्य कंपनियों में इनोवेटिवव्यू इंडिया 2,000 करोड़ रुपये तक और मिल्की मिस्ट डेयरी फूड 1,553 करोड़ रुपये का आईपीओ लाने की तैयारी में हैं।

### सबसे बड़ा आईपीओ वाणिज्य मंच जेप्टो का

सबसे बड़े प्रस्तावित आईपीओ में त्वरित वाणिज्य मंच जेप्टो का नाम प्रमुख है। कंपनी नए शेयर जारी कर 8,010 करोड़ रुपये तक जुटाने की योजना बना रही है। इसके अलावा वह 11.34 करोड़ इक्विटी शेयरों की बिक्री पेशकश भी लाएगी। आवास वित्त कंपनी टूहॉम फाइनेंस 3,000 करोड़ रुपये का आईपीओ लाने की तैयारी में है। इसमें 1,500 करोड़ रुपये का नया निर्गम और इतनी ही राशि का ओएफएस शामिल होगा।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### राज्य में 95 लाख गाड़ियां, 45 लाख बिना...

करोड़ वाहन बिना बीमा के चल रहे हैं। यह भारतीय सड़कों पर दौड़ रहे कुल वाहनों का 44 से 54 प्रतिशत हिस्सा है। बीमा रिन्यूअल नहीं कराने की लापरवाही को देखते हुए केंद्र सरकार ने नए नियम लागू किए हैं, जिसके तहत नई गाड़ियों की बिक्री पर अब एक साथ 4 साल का बीमा पैकेज (पहले साल फर्स्ट पार्टी और अगले 3 साल थर्ड पार्टी बीमा) अनिवार्य कर दिया है। बीमा रिन्यूअल नहीं होने से एक्सीडेंट या किसी तरह से हादसा होने पर बीमा क्लेम करने के समय गाड़ी मालिक को क्लेम करने के समय परेशानी का सामना करना पड़ता है।

दो प्रकार के बीमा में से कोई एक बीमा अनिवार्य

गाड़ी मालिक बीमा रिन्यूअल नहीं कराने की कार्रवाई से तभी बच सकते हैं, जब उनके पास फर्स्ट या थर्ड पार्टी बीमा होना चाहिए। फर्स्ट पार्टी होने पर एक्सीडेंट या हादसा होने पर गाड़ी मालिक को ही बीमा का लाभ मिलेगा। थर्ड पार्टी बीमा होने पर एक्सीडेंट होने पर घायल या मृतक के परिवार को बीमा कंपनी मुआवाजा देगी। थर्ड पार्टी बीमा नहीं होने पर गाड़ी मालिक को हर्जाने की रकम देना होगा।

### पेपर लीक रोकने आज लाएंगे कठोर...

ने कहा कि केंद्र सरकार छात्रों के भविष्य के लिए लगातार विभिन्न कदम उठा रही है। उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया, वे जेल में हैं। इसके लिए पहले ही फास्ट-ट्रैक कोर्ट स्थापित किए जा चुके हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार संसद में ऐसे नए कानून की दिशा में भी आगे बढ़ रही है, जिसमें कड़े कानूनी प्रावधान शामिल होंगे।

हाई पावर्ड टास्क फोर्स की भूमिका क्या होगी?

प्रधानमंत्री ने बताया कि यह टास्क फोर्स परीक्षा सुधारों पर काम करेगी। इसकी रिपोर्ट के आधार पर जल्द से जल्द आवश्यक कदम उठाए जाएंगे, ताकि आने वाली परीक्षाओं की विश्वसनीयता सुनिश्चित की जा सके।

### मलेरिया से 24 घंटे में दो मासूमों की मौत..

निगरानी और उपचार अभियान तेज कर दिया है। कांकेर जिला मुख्यालय से लगे ग्राम मर्दापोटी के छात्रावास में रहने वाले एक छात्र की रविवार को एमसीएच अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। इससे एक दिन पहले शनिवार को डोमाहर्रा निवासी आठ वर्षीय छात्रा करीना विश्वकर्मा ने भी दम तोड़ दिया था। लगातार दो बच्चों की मौत के बाद स्वास्थ्य विभाग और जिला प्रशासन में हड़कंप मच गया है। जानकारी के अनुसार डोमाहर्रा निवासी करीना विश्वकर्मा की तबीयत अचानक बिगड़ने पर 25 जुलाई को उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धनेली कन्हार ले जाया गया था। हालत गंभीर होने के कारण उपचार के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। इसके बाद मर्दापोटी छात्रावास में बच्चों के बीमार होने की सूचना पर स्वास्थ्य विभाग की जिला एवं ब्लॉक स्तरीय टीम ने तत्काल जांच अभियान चलाया। मर्दापोटी छात्रावास में रहने वाले 36 बच्चों की जांच में आठ बच्चे मलेरिया पॉजिटिव पाए गए, जबकि समीप स्थित इरादाह छात्रावास के 45 विद्यार्थियों में से दो बच्चे संक्रमित मिले। इस प्रकार दोनों छात्रावासों में कुल 10 बच्चे मलेरिया से प्रभावित पाए गए। संक्रमित छात्रों में से तीन को एमसीएच अस्पताल कांकेर में भर्ती कराया गया था। इनमें चौथी कक्षा के छात्र सुभाष की रविवार सुबह उपचार के दौरान मौत हो गई। वहीं गंभीर रूप से बीमार विक्रम मंडावी और तामेश्वर भास्कर को बेहतर उपचार के लिए रायपुर रेफर किया गया है। अन्य सात बच्चों को चिकित्सकीय निगरानी में रखा गया है।

### चार का टमाटर, बेंगलुरु से...

के टमाटर को रायपुर तक पहुंचने में दस रुपए प्रति किलो के हिसाब से भाड़ा लग रहा है। ऐसे में रायपुर की मंडी में इसके दाम थोक में चार सौ रुपए क्रेट यानी 16 रुपए किलो हैं। चिल्हर में इसके दाम ज्यादातर सब्जी मंडियों में 20 रुपए हैं। कुछ स्थानों पर जरूर इसके दाम 25 रुपए तक हैं।

अपने प्रदेश में इस समय टमाटर की लोकल फसल समाप्त हो गई है। गर्मी में नगरी क्षेत्र में कुछ किसान फसल ले रहे हैं, लेकिन यह फसल भी अब समाप्त हो गई है। इसके बाद से ही अब टमाटर की पूरी आवक बेंगलुरु हो रही है। हमेशा ही लोकल फसल के समाप्त होने के बाद ज्यादातर टमाटर बेंगलुरु से ही आते हैं। राजधानी रायपुर के साथ ही प्रदेश की सभी छोटी-बड़ी मंडियों में बेंगलुरु से ही टमाटर आता है। रोज की 80 से 100 ट्रकों की आवक होती है।

### चिल्हर में दाम ज्यादा...

मुताबिक वे 16 रुपए किलो में टमाटर लेकर आते हैं तो दो रुपए तो भाड़ा ही लग जाता है। ऐसे में टमाटर उनको 18 रुपए किलो पड़ता है। ऐसे में इसको 20 रुपए में बेचना संभव नहीं होता है। इसलिए इसके दाम 25 रुपए लेते हैं। 25 रुपए दाम जो कारोबारी लेते हैं, उनके टमाटर बहुत बिकते हैं, लेकिन जिन कारोबारियों के यहां ज्यादा बिक्री होती है, उनके यहां दाम 20 रुपए रहते हैं। ज्यादा बिक्री के कारण इनको कम मुनाफा पोसा जाता है।

### पलक झपकते एक करोड़...

जेवरों से भरा बैग लेकर फरार हो गए। लुटेरों ने इस घटना को इतनी फुर्ती से अंजाम दिया कि किसी को समझने का मौका ही नहीं मिला। जब तक उठाईगिरी का एहसास होता आरोपी जेवरों से भरा बैग लेकर फरार हो चुके थे। इस घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। उठाईगिरी की यह घटना सीसीटीवी में कैद हो गई जिसमें दो बाइक सवारों के साथ ही नकाबपोश महिला नजर आई है। एसएसपी राजेश अग्रवाल के साथ ही पुलिस व साइबर सेल की टीम मौके पर पहुंची है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है लेकिन अब तक उठाईगिरी करने वालों का कोई सुराग नहीं मिल सका है।

बताया जा रहा है कि सोनतराई निवासी अरुण सोनी का एनएच 43 निकारे काशी विश्वनाथ ज्वेलर्स के नाम से जेवर की दुकान संचालित है। सर्राफा कारोबारी अरुण सोनी शाम को दुकान बंद करने के बाद अपने सोने के जेवरों को घर लेकर चले जाते है और अगले दिन दुकान लेकर आते है। रविवार को सुबह 11.30 बजे भी अरुण सोनी सोने के जेवरों से भरा बैग लेकर दुकान खोलने के लिए पहुंचे थे और आभूषणों से भरा बैग स्कूटी पर टंगा हुआ छोड़कर दुकान का ताला खोल रहे थे। इस दौरान पहले से ही घात लगाकर बैठे दो बाइक सवार लुटेरे आए और उनमें से एक आरोपी आभूषणों से भरा बैग उठाकर भाग निकला। आरोपियों ने इतनी तेजी से वारदात को अंजाम दिया कि किसी को कुछ समझने का मौका नहीं मिला। जब दुकान संचालक को उठाईगिरी का एहसास हुआ तक तब लुटेरे बाइक से फरार हो चुके थे। इस घटना के बाद हड़कंप मच गया। सर्राफा व्यवसायी ने घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा घटना की जांच की जा रही है। इधर इस घटना के बाद व्यवसायी परिवार सदमें में है। वहीं इस घटना के बाद लोगों में रोष का माहौल है। दिनदहाड़े एनएच किनारे दुकान से उठाईगीरी की इस घटना से क्षेत्र में कानून व्यवस्था भी सवालों के घेरे में आ गई है। इस संबंध में थाना प्रभारी अखिलेश सिंह ने कहा कि पुलिस सीसीटीवी के आधार पर अपराधियों की तलाश में जुट गई है। पुलिस हर पहलुओं पर नजर रखे हुए हैं ताकि अपराधियों की गिरफ्तारी जल्द से जल्द हो सके।

### व्यवसायियों में आक्रोश...

उनके हौसले काफी बुलंद है। यही वजह है कि लुटेरों ने नगर की सुरक्षा व्यवस्था को चुनौती देते हुए दिनदहाड़े इस घटना को अंजाम दे दिया। इस घटना के बाद व्यापारी संघ समेत नगरवासियों ने दिनदहाड़े हुई उठाईगिरी पर चिंता जताते हुए पुलिस की कार्यप्रणाली को सवालों के कठघरे में ला खड़ा किया है।

### रेकी कर दिया वारदात को अंजाम...

बदमाश लंबे समय से क्षेत्र में घूम घूम कर वारदात को अंजाम देने के लिए रेकी कर रहे थे। उन्हें इस बात की जानकारी थी कि व्यवसायी प्रतिदिन अपने दुकान से सोने के गहने लेकर जाते है और अगली सुबह दुकान लेकर आते है। इसी बीच ताला खोलने के दौरान उन्हें उठाईगिरी का मौका मिला। इस वारदात में कई लोगों के शामिल होने की बात भी कही जा रही है।

### ईरान पर बड़े हमले से पीछे हटे...

को लेना होगा कि वह प्रस्तावित समझौते को स्वीकार करते हैं या नहीं। हालांकि अमेरिकी सेना ने संभावित बड़े सैन्य अभियान की तैयारियां पूरी तरह बंद नहीं की हैं। सेना को कम समय में दोबारा कार्रवाई के लिए तैयार रहने को कहा गया है।

पिछले दो सप्ताह से हर दोपहर अमेरिकी सैन्य अधिकारी ट्रंप के सामने हमलों की योजना पेश कर रहे थे और कुछ ही घंटों में उन पर कार्रवाई हो जाती थी। शुक्रवार को भी ऐसी ही योजना उनके सामने रखी गई, लेकिन इस बार ट्रंप ने मंजूरी देने से इनकार कर दिया। व्हाइट हाउस में पत्रकारों से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि अमेरिका चाहे तो ईरान की हर सैन्य क्षमता को खत्म कर सकता है, लेकिन उनके अनुसार सबसे समझदारी भरी रणनीति समझौता करना है। ट्रंप ने कहा, हम अभी ईरानियों से बातचीत कर रहे हैं। मुझे लगता है कि वे हर गुजरते दिन के साथ ज्यादा गंभीर हो रहे हैं। हम पूरी तरह तैयार हैं, लेकिन बातचीत भी जारी है।

# जालसाजों ने ठगी के पैसों से खरीदा सोना, कारोबारी का अकाउंट ब्लॉक

हरिभूमि न्यूज : रायपुर




ठगी करने वालों ने शातिराना तरीके से एक सराफा कारोबारी को ठगी का शिकार बनाया है। जालसाजों ने पहले कारोबारी की दुकान से एक लाख रुपए का सोने का सिक्का तथा सोने का टुकड़ा खरीदा। भुगतान होने के दो दिन बाद कारोबारी को बता चला कि जिन लोगों ने उन्हें ऑनलाइन पेमेंट किया है, उस पेमेंट की वजह से उनकी रकम होल्ड हो गई है और अकाउंट ब्लॉक हो गया है। घटना टिकरापारा थाना क्षेत्र की है।

संजय नगर में अजय ज्वेलर्स के नाम से ज्वेलरी शॉप संचालित करने वाले अजय सोनी ने ठगी की शिकायत दर्ज कराई है। कारोबारी ने पुलिस को बताया कि दो स्कूटी सवार युवक उनकी दुकान पर आए। उन्होंने छह ग्राम सोने का सिक्का खरीदने की बात की। कारोबारी के पास पांच ग्राम सोने का सिक्का था। युवकों ने कारोबारी के पास से पांच ग्राम सोने की सिक्का खरीदने के बाद अलग से 1.6 ग्राम सोने का टुकड़ा खरीदा। दोनों का अलग-अलग ऑनलाइन भुगतान करने के कुछ देर बाद युवक वापस लौटे और सोने का टुकड़ा वापस कर दिए। फिर रकम वापस अपने अकाउंट में ट्रांसफर कराकर लौट गए। कारोबारी के अकाउंट में जिस यूपीआई से पेमेंट किया गया था। वह जगदम्बा टीसी के नाम से था।

कारोबारी ने पुलिस को बताया कि जो लड़के सोने की बिस्किट खरीदकर ले गए थे। उनके एक आदमी ने तीन दिन बाद 20 जुलाई को कारोबारी को कॉल कर कहा कि उनके अकाउंट में उनके लड़कों ने साढ़े तीन लाख रुपए ट्रांसफर कर दिए हैं। कारोबारी ने अपना अकाउंट चेक किया तो भुगतान की गई राशि में से 21 हजार रुपए और माइनस हो गए थे। बैंक जाकर पता करने पर कारोबारी को पता चला कि उनके अकाउंट में जो राशि आई है, उसे होल्ड कर दिया गया है। कारोबारी ने अपने यहां लगे सीसीटीवी कैमरे से लड़कों के बारे में जानकारी जुटाई तो उन्हें पता चला है कि जिन लड़कों ने उनके साथ ठगी की है, उनका नाम साहिल और आयुष साहू है।

#### स्कैनर भेज रकम ट्रांसफर कराई

कारोबारी के यहां जिन लड़कों ने सोना खरीदा था, उन लोगों ने कारोबारी के यूपीआई का क्यूआर कोड किसी दूसरे को भेज कारोबारी के अकाउंट में रकम ट्रांसफर कराई थी। पुलिस पड़ताल कर रही है कि कारोबारी के अकाउंट में जो रकम ट्रांसफर की गई है, वह कहां और किस बैंक अकाउंट के यूपीआई से भेजी गई है। पुलिस को जानकारी मिली है कि जिन लड़कों ने कारोबारी के साथ ठगी की है, उन्होंने एक अन्य व्यापारी को भी इसी तरह ठगी का शिकार बनाया है।

## सहायक शिक्षकों के 2300 रिक्त पदों पर नियुक्ति की मांग को लेकर धरना

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

छत्तीसगढ़ डीएड संघ के आव्हान पर प्रदेशभर के डीएड प्रशिक्षित अभ्यर्थी सहायक शिक्षकों के 2300 रिक्त पदों पर तत्काल नियुक्त किए जाने की मांग को लेकर नवा रायपुर के तूता धरनास्थल पर आंदोलन किया जा रहा है। इनका कहना है कि 24 दिसंबर 2025 से वे लगातार अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे हैं, इसके बाद भी शासन-प्रशासन उनकी सुध नहीं ले रहा है। अपनी लंबित मांग के प्रति शासन का ध्यान आकर्षित कराने वे क्रमिक आंदोलन कर रहे हैं। धरना-प्रदर्शन कर रहे डीएड अभ्यर्थियों ने प्रदेश में शिक्षक भर्ती के 2300 रिक्त पदों पर नियुक्ति की मांग को लेकर 17 जुलाई को तूता धरनास्थल से छत्तीसगढ़ विधानसभा की ओर कूच करके दंडवत प्रणाम यात्रा भी निकाली, पर पुलिस प्रशासन ने इन्हें बीच रास्ते में ही रोक दिया। उच्च न्यायालय और सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों का पालन कराने डीएड अभ्यर्थी तूता धरनास्थल पर डटे हुए हैं। धरना प्रदर्शन में शामिल डीएड अभ्यर्थी संजय कुमार ने बताया कि 30 जुलाई को डीएड अभ्यर्थी प्रतिनिधिमंडल नई दिल्ली जाकर जंतर-मंतर पर धरना प्रदर्शना का नेतृत्व कर रहे अभिजीत दीपके से मुलाकात कर उन्हें छत्तीसगढ़ की राजधानी में डीएड अभ्यर्थियों के आंदोलन का समर्थन देने का आग्रह करेगा। साथ ही उन्हें नवा रायपुर के तूता धरनास्थल पर डीएड संघ के आंदोलन में अभ्यर्थियों के हौसला-अफजाई करने आमंत्रित करेगा। आंदोलकारी पिछले 215 दिनों से तूता धरनास्थल पर अपने हक की आवाज बुलंद करने डटे हुए हैं। दूरदराज से आए डीएड अभ्यर्थी धरनास्थल परिसर में ही अपनी रसोई खुद बनाकर आंदोलन जारी रखे हुए हैं।

## रक्षाबंधन पर सैनिकों के सम्मान में शुरू हुआ 'ऑपरेशन सिपाही रक्षासूत्र अभियान-2026'

हरिभूमि न्यूज : रायपुर

रक्षाबंधन के पावन पर्व पर देश की सीमाओं की रक्षा में तैनात वीर जवानों के प्रति सम्मान, कृतज्ञता और आत्मीयता प्रकट करने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ में 'ऑपरेशन सिपाही रक्षा-सूत्र अभियान-2026' का शुभारंभ किया गया है। महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने प्रदेश की सभी माताओं, बहनों और बच्चों से इस अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील करते हुए इसे सैनिकों के प्रति सम्मान का एक बड़ा जनआंदोलन बनाने का आव्हान किया है। मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने कहा कि सीमाओं पर दिन-रात तैनात वीर सैनिकों के अदम्य साहस, समर्पण और त्याग के प्रति सम्मान व्यक्त करना प्रत्येक नागरिक का नैतिक दायित्व है। रक्षाबंधन केवल एक पर्व नहीं, बल्कि सुरक्षा, विश्वास और भावनात्मक जुड़ाव का प्रतीक है। इस अभियान के माध्यम से छत्तीसगढ़ की माताओं, बहनों और बच्चों का प्यार और स्नेह सीधे देश के वीर जवानों तक पहुंचेगा।

मंत्री श्रीमती राजवाड़े ने प्रदेशवासियों से आग्रह किया है कि वे अपने हाथों से सुंदर राखी तैयार करें, उसके साथ सैनिकों के नाम शुभकामना संदेश लिखें और विजय तिलक के लिए अपने आंगन की एक चुटकी पावन मिट्टी लिफाफे में रखें। यह मिट्टी मातृभूमि के आशीर्वाद और छत्तीसगढ़ की आत्मीय भावनाओं का प्रतीक बनेगी।

### 30 जुलाई तक जमा कर सकेंगे लिफाफा

मंत्री ने समयसीमा की जानकारी देते हुए बताया कि हस्तनिर्मित राखी, शुभकामना संदेश एवं पावन मिट्टी का लिफाफा 30 जुलाई 2026 तक निकटतम आंगनबाड़ी केंद्र अथवा महिला एवं बाल विकास विभाग के परियोजना कार्यालय में अनिवार्य रूप से जमा कराया जाए। अभियान के तहत एकत्रित सभी रक्षा-सूत्र 'पूर्व सैनिक महासभा' के माध्यम से नई दिल्ली स्थित सेना मुख्यालय भेजे जाएंगे, जहां से इन्हें देशभर के विभिन्न मोर्चों पर तैनात सैनिकों तक पहुंचाया जाएगा।

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों एवं महिलाओं का अस्पताल
» प्रसूति » नवजात » शिशु रोग
» बांझपन » सोनोग्राफी » आयुष्मान कार्ड
» बच्चों एवं बड़ों के आपरेशन » अनुभवी डॉक्टर्स प्रतिदिन
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.), 9826182221, 9301744425

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यूं जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल
डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA
भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, फोन : 0771-4060929, मो. 7389485756

HMS ARSH-RAHAT
आयुर्वेदिक हानिरहित बवासीर का दवा
अर्श-राहत
बवासीर की समस्त समस्याओं से 5 दिनों में छुटकारा दिलाता है व दुबारा होने से भी रोकता है।
आपरेशन के खर्च व तकलीफ से बचना चाहते है तो अर्श-राहत का इस्तेमाल करें
HMS देखकर खरीदें
असली केंदवा मलहम
दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिए।
ढक्कन पर केंदवा मलहम लिखा देखें।
94060-21769

epaper- www.haribhoomi.com
हरिभूमि Classified
Email- hbclassified375@gmail.com
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact For Advertisement Booking
Ring Road No.-2, Gourav Path, Bilaspur
Mo.- 9826782100

## आवश्यकता है

आवश्यकता है- यश सुपर बाजार में कार्य हेतु लड़कों की अतिशीघ्र आवश्यकता है अनुभवी को वेतन 10000 से प्रारम्भ तत्काल सम्पर्क करें- रिंग रोड नं.2 गौरव पथ हरिभूमि प्रेस के पास बिलासपुर (41502)

आवश्यकता है- साड़ी एवं रेडीमेड दुकान में काम करने हेतु अनुभवी लड़कियों एवं लड़कों की आवश्यकता है वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- आकांक्षा स्टोर बिलासा चौक शनिचरी बाजार बिलासपुर 98279 16580, 9827887934 (41506)

आवश्यकता है-सिद्धि विनायक सिक्योरिटी सर्विसेज राजेन्द्र नगर, बिलासपुर में सुरक्षा टीम सुरक्षागार्ड सुपरवाईजर फील्ड ऑफिसर, ऑफिस कार्य- कम्प्यूटर ई-टेंडरिंग, इंग्लिश में दक्ष कुशल स्टाफ अनुभवी माली चाहिए सम्पर्क करें- 9111175190 9098318675 (41464)

Advertisement Booking Time 10.30 AM To 4.00 PM

आवश्यकता है- एफएमसीजी एवं वेलनेस एजेन्सी में ऑनलाइन कम्प्यूटर बिलिंग करके और प्रोडक्ट देने के लिए लड़का चाहिए। वेतन योग्यता अनुसार+ आकर्षक इंसेंटिव। जो कम्प्यूटर कोर्स किया हो बायोडाटा व्हाट्सएप करें- 7067124226 (41503)

आवश्यकता है- टायर एण्ड सर्विस दुकान में कार्य करने हेतु अनुभवी एलाइनमेन्ट टेक्नीशियन, कार वाशिंग हेतु मेहनती लड़के चाहिए वेतन योग्यता अनुसार सम्पर्क करें- गुरुकृपा टायर्स एण्ड सर्विसेज गाँधी चौक बिलासपुर 9827168468 (41497)

आवश्यकता है-सुरक्षा गार्ड- 17000 सुपरवाइजर- 18000 फील्ड अधिकारी- 16000 कंप्यूटर ऑपरेटर- 15000 वेतन योग्यतानुसार मेस सुविधा आवास भोजन फ्री संपर्क- अलर्ट एसजीएस प्राइवेट लिमिटेड, कार्यालय 06 जे.शुक्ला कॉम्प्लेक्स पचपेड़ी नाका रायपुर 7746000016, 7747000016, 7747000019, 7746000019 (891)

आवश्यकता है- कम्प्यूटर ऑपरेटर चाहिए (कम्प्यूटर एवं ऑफिस कार्य एवं ई-मेल चेक कर जवाब देने का अनुभव रखने वालों को प्राथमिकता) कार्य स्थल- सिरगिट्टी, बिलासपुर। अपना रिज्यूम व्हाट्सएप्प नंबर 9111035252 पर भेजे। (41486)

आवश्यकता है- घर हेतु अनुभवी रसोइया चाहिए केवल शाकाहारी भोजन बनाने में दक्ष, साफ सफाई का विशेष ध्यान रखने वाला तथा ईमानदार हो, आकर्षक वेतन कार्यस्थल- न्यू सरकंडा, बिलासपुर सम्पर्क करें- 7000549730 (41496)

आवश्यकता है- घर में रहकर झाड़ पोछा एवं साफ सफाई कार्य करने हेतु पुरुष कर्मचारी या लड़के की आवश्यकता है। दोपहर 12बजे के बाद सम्पर्क करें- 9827195555 (41485)

आवश्यकता है- दुकान में काम करने के लिए सेल्समैन लड़का एवं सेल्स गर्ल लड़की की आवश्यकता है सम्पर्क करें- अमित थ्रेड गोल बाजार बिलासपुर 982792350 (41494)

आवश्यकता है- शहर के प्रतिष्ठित गर्ल्स हॉस्टल में अनुभवी वार्डन, अकाउंटेंट, ड्राइवर एवं महिला सफाई कर्मचारियों की तुरन्त आवश्यकता है। आकर्षक वेतन। इच्छुक व्यक्ति सम्पर्क करें- 7000390346, 7987562430, 9755996699 (41501)

आवश्यकता है- सुरक्षा एजेन्सी के अन्तर्गत कार शोरुम में इच्छुक गार्ड (आयु 30 वर्ष से 45वर्ष एवं ऊंचाई 5'-5" हो तथा योग्यता 12वीं पास होना चाहिए। वेतनमान 11500 से शुरु इच्छुक व्यक्ति सम्पर्क करें- सुबह 10बजे से शाम 6बजे तक उमा सिक्युरिटी सर्विसेज बहतराई स्टेडियम चौक 9981630084 9981630042 (41495)

आवश्यकता है- थोक दवा दुकान में दवाइयाँ निकालने, पैकिंग कार्य के लिए सिर्फ ब्वॉयज की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार। सम्पर्क करें- मेलाराम हेमन्त कुमार, शॉप नं.-54, मेडिकल कॉम्प्लेक्स, तेलीपारा, बिलासपुर 7999934599 (2753)

आवश्यकता है- बॉयज हॉस्टल में चौकीदार एवं पुस्तक दुकान में कार्य हेतु युवक चाहिए (ड्राइविंग लाइसेंस हो) वेतन 9000 पता- देवांगन बुक स्टाल E-15 सिटी सेन्टर कॉम्प्लेक्स शिव टॉकीज रोड, बिलासपुर 6262227355 (41480)

आवश्यकता है- कार चलाने हेतु अनुभवी ड्राइवर (वेतन- 11000 से 12000 सुबह 9बजे से शाम 7बजे) आफिस रिसेप्शनिष्ट लड़की/युवती (वेतन 9000 से 10000) सम्पर्क- JBS Infra Property jp Residency तोरवा 9300000195 (41498)

आवश्यकता है- मेडिकल सर्जिकल ऑफिस में कार्य हेतु लड़कियों (योग्यता 12वीं से ग्रेजुएट) एवं साफ सफाई हेतु लड़कियों की आवश्यकता है (कार्य समय- 10घंटे) सम्पर्क- श्रीविनायक सेल्स ए/158, अज्ञेय नगर बिलासपुर 9893367787 (41493)

अब आप पायेंगे अपना एक सच्चा हमसफर
हरिभूमि वैवाहिकी (प्रति रविवार)
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश में आपका वैवाहिकी विज्ञापन प्रकाशित किया जायेगा।

आवश्यकता है- मशरूम स्पान (बीज) बनाने हेतु 8वीं पास 18वर्ष से 25वर्ष के लड़के एवं लड़कियां चाहिए। सम्पर्क करें- श्याम मशरूम एण्ड एग्रो, अशोक नगर चौक, सीपत रोड, सरकंडा बिलासपुर 8085730725 (41489)

## बेचना है

बेचना है- बिलासपुर सीपत मेन रोड पंधी में नयनतारा कॉलेज से पहले 112×127, 61×127, मध्य नगरी चौक श्रीराम ज्वेलर्स के सामने 1800 वर्गफुट कमर्शियल प्लॉट, बिलासपुर तखतपुर मेन रोड कानन पेंडारी 100×156, 50x156, सत्यम चौक लिंक रोड से मगरपारा चौक मेन रोड पर 36×50, 18×50 अपोलो हॉस्पिटल के सामने कृष्णा लॉज के पास 24×64 सम्पर्क- 9827896182, 9827955199 (41504)

बेचना है- 10×10= 100 फुट दुकान छत नहीं मेन रोड बाजार के पास सिंधी कालोनी में प्राइम लोकेशन में मेंस वेयर हेतु उपयुक्त दुकान बेचना है। (कीमत 14लाख) सम्पर्क करें- 9131242092, 9827938236 (41505)

बेचना है- मकान बिक्री हेतु सर्वसुविधायुक्त तीन मंजिला मकान 1860 वर्गफीट में निर्मित निकलेश्वरम कॉलोनी मार्क हॉस्पीटल के पास, बिलासपुर में स्थित को बेचना है। सम्पर्क करें- उत्तमकुमार दास 9993154482, 9826182703 (41484)

बेचना है- बिलासपुर नगर निगम सीमा से मात्र 8KM दूर पर गनियारी में डायवर्टेड प्लॉट– 600/- प्रति वर्गफुट, बिना डायवर्टेड प्लॉट- 500/-, 450/-, 400/- 350/- प्रति वर्गफुट (उपलब्धता अनुसार) पहले आएँ, पहले पाएँ। केवल वास्तविक इच्छुक खरीदार ही सम्पर्क करें- 7898333307 (41499)

बेचना है- बाबजी नगर, तिफरा स्थित 2BHK 713 वर्गफुट में निर्मित फ्लेट नम्बर A-6 तत्काल बेचना है। सम्पर्क करें- 9329560365, 9993771201 (41487)

Advertisement Booking Time 10.30 AM To 4.00 PM

## किराया

किराया - रामालाइफ में C-156 डुप्लेक्स 3BHK मुंगेली रोड जैन इन्टरनेशनल स्कूल के सामने। संपर्क करें मो. 9993025228, 9300398385 (41490)

किराया - बिलासपुर नेहरू नगर में सर्वसुविधायुक्त 2BHK फर्स्ट फ्लोर में किराए से देना है गाड़ी रखने के लिये पोर्च उपलब्ध है। शासकीय कर्मचारी को प्राथमिकता सम्पर्क करें- 9827153281 (41491)

## प्रवेश प्रारंभ

प्रवेश प्रारम्भ-फेल विद्यार्थी समय बचाए पत्राचार, ओपन, प्राईवेट, द्वारा 10वी, 12वी पास करे B.Ed, B.A, B.Com B.Sc,Bca,Mca Bba, Llb, M.A, M.Com M.Sc, Mba, Msw, B.Lib, M.Lib, Dca, Pgdca, Polytechnic, B.tech M.tech अपनी अधूरी पढ़ाई एक साल में पूरी करे सभी कोर्सेस मान्यता प्राप्त युनिवर्सिटी द्वारा सम्पर्क करें-Bharti Education Academy Sec.-6, Bhilai 9826196515, 9826896515 (4157)

## फायनेंस

फाइनेन्स-राज्य ग्रामीण बैंकों द्वारा विभिन्न प्रकार के लोन उपलब्ध बिजनेस, कृषि, होम एवं प्रॉपर्टी लोन 1% वार्षिक ब्याज एवं 40% सब्सिडी के साथ प्राप्त करें डाउन सिबिल स्कोर वालों के लिए भी सुविधा सम्पर्क करें-7988465321, 7988465321 (048)

फाइनेन्स - विनायिका फाइनेन्स कम्पनी समस्त प्रकार के लोन कृषि, बिजनेस, समूह लोन, पर्सनल, लेबर कार्ड, डेयरी फार्म, होम लोन, आधार कार्ड पर 40000 से 50लाख तक 2% ब्याज, 30% छूट सम्पर्क करें- 7489545029 (4401)

## हरिभूमि में लघु विज्ञापन देने हेतु सम्पर्क करें

- जिला कार्यालय कोरबा:- बी.ब्लॉक, कॉमर्शियल काम्पलेक्स, ट्रांसपोर्ट नगर, जिला कोरबा (छ.ग.) मो. 9644018888, 7581808267
- जिला कार्यालय मुंगेली:- थाना के सामने गली, गोल बाजार, जिला- मुंगेली (छ.ग.) मो. 9303508230
- शिवम एड एजेंसी & पब्लिसिटी:- मो. 9993567380, 8770837744
- एड प्रयास:- मो. 9826701269, 9926003943
- श्यामनानी एडवरटाईजर्स:- मो. 9827168452, 9300625174
- रिद्धीसिद्धी एडवरटाइजर्स & पब्लिसिटी:- मो. 9826129386, 8319503386
- जे.जे. एडवरटाइजर्स:- मो. 9300659628
- रौनक पब्लिसिटी:- मो. 9300328290, 9981658490
- भार्गव एडवरटाइजर्स:- मो. 9827167997
- श्रीसिद्धि विनायक एडवरटाइजर्स:- मो. 9826705603
- एम.जी.आर. एडवरटाइजर्स:- मो. 9827180896, 9131155033
- श्री श्याम पब्लिसिटी:- मो. 9425540759
- अमित पब्लिकेशन:- मो. 9826304304, 9827124304
- विप्रा विज्ञापन सेवा:- मो. 9302462506
- माधवास & कम्पनी:- मो. 9977185123, 9893115084
- बालाजी एडवरटाइजर्स:- मो. 9827466133, 9907047586
- हिबिस्कस मार्केटिंग एण्ड एडवर्टाइजमेंट:- मो. 8109229025

सूचना। पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेंवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# ऋषिकांत सिंह ने वेटलिफ्टिंग में स्नैच रिकॉर्ड के साथ जीता सिल्वर मेडल

एजेंसी ▶▶| ग्लास्गो

क्लीन एवं जर्क में अंतिम दो प्रयास में चूकने के बाद भारत के ऋषिकांत सिंह चानमबम को रविवार को राष्ट्रमंडल खेलों की पुरुषों की 60 किग्रा भारोत्तोलन स्पर्धा में रजत पदक से संतोष करना पड़ा।

मणिपुर के ऋषिकांत ने कुल 264 किग्रा (121 और 143 किग्रा) वजन उठाया। उन्होंने स्नैच में शानदार प्रदर्शन करते हुए 121 किग्रा वजन उठाकर राष्ट्रमंडल खेलों के रिकॉर्ड की बराबरी की। हालांकि क्लीन एवं जर्क में वह अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सके, जिसके कारण दूसरे स्थान पर रहे।

## स्नैच में ऋषिकांत ने बनाया नया रिकॉर्ड

ऋषिकांत ने स्नैच में 121 किग्रा वजन उठाकर खेलों का नया रिकॉर्ड बनाया। हालांकि क्लीन एवं जर्क में वह केवल 143 किग्रा वजन ही उठा सके। मलेशिया के बिन कसदान मोहम्मद अनीक ने कुल 273 किग्रा वजन उठाकर स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने स्नैच में 121 किग्रा वजन उठाने के बाद क्लीन एवं जर्क में खेलों का रिकॉर्ड 152 किग्रा वजन उठाया। कीनिया के जोशुआ अमुंगा एमबोया ने कुल 260 किग्रा वजन उठाकर कांस्य पदक जीता। उन्होंने स्नैच में 115 जबकि क्लीन एवं जर्क में 145 किग्रा वजन उठाया।

## स्नैच में 121 किग्रा वजन उठाकर की रिकॉर्ड की बराबरी



## सक्षम खिलाड़ियों के बीच भारत का पहला पदक

स्नैच में ऋषिकांत ने सफलतापूर्वक 116 किग्रा वजन उठाकर शुरुआत की और फिर 119 किग्रा और आखिर में 121 किग्रा वजन उठाया। क्लीन एवं जर्क में ऋषिकांत ने पहले प्रयास में 143 किग्रा वजन सफलतापूर्वक उठाया लेकिन दूसरे प्रसास में 148 और तीसरे प्रयास में 151 किग्रा वजन उठाने में नाकाम रहे और स्वर्ण पदक जीतने से चूक गए। ऋषिकांत का यह पदक मौजूदा खेलों में सक्षम खिलाड़ियों के बीच भारत का पहला पदक है।

## महिला वॉल्ट फाइनल में प्रतिष्ठा सामंता



भारत की प्रतिष्ठा सामंता ने राष्ट्रमंडल खेलों की जिम्नास्टिक प्रतियोगिता की महिला वॉल्ट स्पर्धा के क्वालीफाइंग में पांचवें स्थान पर रहकर फाइनल में जगह बनाई। पश्चिम बंगाल की 22 वर्षीय खिलाड़ी प्रतिष्ठा ने अपने दोनों वॉल्ट में 13.025 अंक हासिल करके शीर्ष आठ खिलाड़ियों में जगह पक्की की। भारत की ही प्रणति नायक हालांकि मामूली अंतर से क्वालीफाई करने से चूक गई। वह 12.555 अंकों के साथ 11वें स्थान पर रहकर तीसरी रिजर्व खिलाड़ी रहीं। भारत की अन्य खिलाड़ियों में इशिता रेवाले 11.725 अंकों के साथ 15वें, जबकि निशिका अग्रवाल 11.075 अंकों के साथ 19वें स्थान पर रहीं। आलराउंड प्रतियोगिता में प्रतिष्ठा और इशिता दोनों ही फाइनल में जगह नही बना पाई।

## खबर संक्षेप



### अब्दुल्ला शफीक पाकिस्तानी टेस्ट टीम में शामिल

**कराची।** पाकिस्तान ने वेस्टइंडीज के खिलाफ चल रही टेस्ट श्रृंखला और और उसके बाद इंग्लैंड दौरे में होने वाले तीन टेस्ट मैचों के लिए सलामी बल्लेबाज अब्दुल्ला शफीक और सऊद शकील को अपनी राष्ट्रीय टीम में शामिल किया है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने कहा कि शफीक को चोटिल अब्दुल्ला फजल के स्थान पर टीम में शामिल किया गया है, जबकि शकील को विदेशी दौरों पर पाकिस्तान की बल्लेबाजी को मजबूती देने के लिए टीम में जोड़ा गया है। शफीक वेस्टइंडीज में टीम से जुड़ गए हैं। वह गयाना में ग्लोबल टी20 लीग में खेल रहे थे।

### स्कॉटिश ओपन: शीर्ष 10 में जगह बनाने के करीब दीक्षा



**डुनडोनाल्ड लिंक्स।** गोल्फर दीक्षा डागर तीसरे दौर में दो अंडर 70 के स्कोर से महिला स्कॉटिश ओपन गोल्फ टूर्नामेंट में संयुक्त रूप से 11वें स्थान पर हैं। तीन दौर के बाद दीक्षा का कुल स्कोर एक ओवर है। लेडीज यूरोपीय टूर पर दो बार की विजेता दीक्षा ने बारिश और तेज हवाओं के बीच 18वें होल में बर्डी का मौका गंवा दिया लेकिन इसके बावजूद अंडर पार का स्कोर बनाने में सफल रहीं। इससे पहले भारत की अवनि प्रशांत और प्रणवी उर्स कट हासिल करने में नाकाम रहीं। कोरिया की जेनी शिन 12 अंडर के कुल स्कोर के साथ शीर्ष पर हैं। उन्होंने तीसरे दौर में एक अंडर 71 का स्कोर बनाया।

### निशानेबाजी विश्व कप: पदक से चूके ऐश्वर्य, नीरज



**हांगझोउ।** भारत के दो निशानेबाज ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर और नीरज कुमार आईएसएसएफ विश्व कप (राइफल, पिस्टल, शॉटगन) में पुरुषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजीशन स्पर्धा के फाइनल में पहुंचने के बावजूद पदक जीतने में नाकाम रहे, जिससे देश केवल एक रजत पदक के साथ तालिका में संयुक्त सातवें स्थान पर बना हुआ है। भारतीय राइफल निशानेबाजों की किस्मत एक बार फिर उनका साथ नहीं दे सकी। विश्व चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता ऐश्वर्य और एशियाई चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता नीरज दोनों आठ निशानेबाजों के फाइनल में पहुंचे, लेकिन क्वालीफिकेशन में शानदार प्रदर्शन को पदक में नहीं बदल सके। ऐश्वर्य ने 314.3 अंकों के साथ छठा स्थान हासिल किया जबकि नीरज 303.4 अंकों के साथ सातवें स्थान पर रहे।

## वैभव की विस्फोटक पारी और मयंक की घातक गेंदबाजी

तीसरे टी20 में भारत ने जिम्बाब्वे को 35 रन से हराया

# टीम इंडिया ने जिम्बाब्वे को किया क्लीन स्वीप



### सपना सच होने जैसा : वैभव

वैभव सूर्यवंशी ने कहा, यह सपना सच होने जैसा पल है। अपना पहला मैन ऑफ द मैच और मैन ऑफ द सीरीज अवॉर्ड पाकर मैं बहुत खुश हूं। वैभव ने कहा, हरारे पहुंचने के बाद दो या तीन दिनों तक हमारी तैयारी बहुत अच्छी रही। मैंने यहां अंडर-19 वर्ल्ड कप भी खेला था, इसलिए मुझे इस जगह पर खेलने में बहुत मजा आता है। सभी ने मेरा साथ दिया—कप्तान, कोच, सभी—इसलिए मैं बहुत खुश हूं।






एजेंसी ▶▶| हरारे

भारत ने 15 वर्षीय बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी की परिस्थितियों के अनुरुप खेली गई 81 रन की शानदार पारी और तेज गेंदबाज मयंक यादव (29 रन देकर 3 विकेट) की अगुआई में गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन बदौलत रविवार को तीसरे और अंतिम टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में जिम्बाब्वे को 35 रन से हराकर श्रृंखला 3-0 से अपने नाम की। इंग्लैंड से 0-4 से और आयरलैंड से 0-2 से श्रृंखला गंवाने के बाद यह भारत की शानदार वापसी रही। टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने का फैसला करने के बाद भारत ने 20 ओवर में 5 विकेट पर 192 रन का प्रतिस्पर्धी स्कोर खड़ा किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी जिम्बाब्वे की टीम को धीमी पिच पर बेहद संयमित बल्लेबाजी की जरूरत थी, लेकिन उसके बल्लेबाज ऐसा नहीं कर सके और टीम 7 विकेट पर 157 रन ही बना सकी। रेयान बर्ल ने नाबाद 54 रन की जुझारु पारी खेली लेकिन वह टीम को जीत नहीं दिला सके।

### मयंक ने की भुवनेश्वर की बराबरी

जिम्बाब्वे दौरे पर दो साल बाद वापसी करने वाले मयंक यादव ने अपनी गेंदबाजी से बवाल मचा दिया। मयंक ने तीसरे टी20 मैच की पहली गेंद पर फिर से ब्रायन बेनेट का शिकार किया। इसके साथ ही वह भारत के लिए किसी टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच की पारी की पहली गेंद पर तीन बार विकेट हासिल करने वाले दूसरे गेंदबाज बन गए हैं। इस मामले में उन्होंने भुवनेश्वर कुमार की बराबरी कर ली है।

### वैभव बने प्लेयर ऑफ द मैच और प्लेयर ऑफ द सीरीज

वैभव सूर्यवंशी ने जिम्बाब्वे के खिलाफ तीन मैचों की टी20 सीरीज के तीसरे मैच में 81 रन की पारी खेली और टीम की जीत में बड़ी भूमिका निभाई। वैभव की इस पारी के लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच का खिताब दिया गया और वो पुरुष क्रिकेट में भारत की तरफ से किसी भी प्रारुप में सबसे कम उम्र प्लेयर ऑफ द मैच का खिताब जीतने वाले खिलाड़ी बने और सचिन तेंदुलकर का रिकॉर्ड तोड़ दिया।

### *वैभव ने तोड़ा तेंदुलकर का रिकॉर्ड*

*भारत की तरफ से सबसे कम उम्र में पुरुष क्रिकेट में प्लेयर ऑफ द मैच का खिताब जीतने वाले बल्लेबाज पहले सचिन तेंदुलकर थे। सचिन ने टेस्ट क्रिकेट में 17 साल 112 दिन की उम्र में ये कमाल किया था, लेकिन वैभव ने ऐसा कमाल अब 15 साल 121 दिन की उम्र में कर दिया और सचिन को पीछे छोड़ दिया।*

### प्लेयर ऑफ द मैच का खिताब पाने वाले सबसे युवा क्रिकेटर

- टी20 – वैभव सूर्यवंशी (15 साल 121 दिन)
- टेस्ट – सचिन तेंदुलकर (17 साल 112 दिन)
- वनडे – सचिन तेंदुलकर (17 साल 225 दिन)

### प्लेयर ऑफ द मैच जीतने वाले कम उम्र के भारतीय

- 15 साल 121 दिन – वैभव सूर्यवंशी (बनाम जिम्बाब्वे)
- 17 साल 112 दिन – सचिन तेंदुलकर (बनाम इंग्लैंड)
- 18 साल 295 दिन – रवि शास्त्री (बनाम न्यूजीलैंड)
- 18 साल 300 दिन – युवराज सिंह (बनाम ऑस्ट्रेलिया)
- 18 साल 331 दिन – पृथ्वी शॉ (बनाम वेस्टइंडीज)

## आईसीसी रैंकिंग

# भारत फिर बना टी20 क्रिकेट किंग, इंग्लैंड की बादशाहत खत्म



एजेंसी ▶▶| दुबई

भारत ने हरारे में चल रही तीन मैच की श्रृंखला में जिम्बाब्वे के खिलाफ 2-0 की विजयी बढ़त बनाकर रविवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की पुरुषों की टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में फिर शीर्ष स्थान हासिल कर लिया। मौजूदा टी20 विश्व चैंपियन भारत ने इंग्लैंड को पछाड़ा, जिसने हाल ही में श्रेयस अय्यर की अगुआई वाली टीम को 0-4 से हराकर पांच मैच की श्रृंखला जीती थी। इससे पहले भारत को आयरलैंड के खिलाफ भी 0-2 से शिकस्त झेलनी पड़ी थी।

### भारतीय टीम की जीत की राह पर वापसी

भारतीय टीम ने हालांकि जीत की राह पर वापसी करते हुए हरारे में पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय में जिम्बाब्वे को सात विकेट से हराया और फिर दूसरे मैच में 90 रन की जीत के साथ 2-0 की बढ़त बना ली। दूसरे टी20 में अर्धशतक जड़ने वाले भारत के शीर्ष क्रम के बल्लेबाज इशान किशन बल्लेबाजों की सूची में 892 अंक के साथ शीर्ष पर हैं। उनके बाद अभिषेक शर्मा (858 अंक) का नंबर आता है। किशन की तरह दूसरे टी20 में अर्धशतक जड़ने वाले तिलक वर्मा 733 अंक के साथ आठवें पायदान पर बरकरार हैं। जिम्बाब्वे के खिलाफ श्रृंखला में नहीं खेल रहे स्पिनर वरुण चक्रवर्ती शीर्ष 10 में अकेले भारतीय गेंदबाज हैं। वह 683 अंक के साथ पांचवें स्थान पर बने हुए हैं।

# पाक-वेस्टइंडीज टेस्ट सीरीज : हॉज ने खेली नाबाद पारी, पहले दिन बने 194 रन

एजेंसी ▶▶| तारौबा

कावेम हॉज की नाबाद 83 रन की पारी की मदद से वेस्टइंडीज ने पाकिस्तान के खिलाफ पहले टेस्ट क्रिकेट मैच के बारिश से प्रभावित शुरुआती दिन 3 विकेट पर 194 रन बनाए। बारिश और खराब रोशनी के कारण पहले दिन केवल 67 ओवर ही फेंके जा सके। पहले सत्र में केवल 14.1 ओवर फेंके गए।

वेस्टइंडीज के टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने के फैसले के बाद हॉज ने तीनों सत्र में बल्लेबाजी की। वह नौवें ओवर में क्रीज पर उतरे जब मोहम्मद अब्बास ने ब्रैंडन किंग (12) को आउट किया। जब खिलाड़ी लंच के बाद वापस लौटे बारिश के कारण पिच से गेंदबाजों को मदद मिलने लगी थी लेकिन हॉज डटे रहे। वेस्टइंडीज ने इस बीच सलामी बल्लेबाज तेगनारायण चंद्रपाल (21) और अमीर गांजू (21) के विकेट गंवाए। दिन का खेल समाप्त होने के समय हॉज के साथ शाई होप 39 रन बनाकर खेल रहे थे। यह दोनों चौथे विकेट के लिए अभी तक 88 रन जोड़ चुके हैं।



### उस्मान अली का 33 साल की उम्र में टेस्ट डेब्यू

पाकिस्तान की तरफ से अब्बास ने 44 रन देकर दो विकेट लिए हैं। पाकिस्तान के बाएं हाथ के स्पिनर उस्मान अली ने 33 साल की उम्र में टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया। वेस्टइंडीज के खिलाड़ियों और मैच अधिकारियों ने दिग्गज ऑलराउंडर गारफील्ड सोबर्स की याद में काली पट्टी पहनी, जिनका हाल में 89 वर्ष की उम्र में निधन हो गया था।

# विश्व चैंपियनशिप जीतना मायने रखता है : अनाहत

**नई दिल्ली।** भारत की नंबर एक खिलाड़ी अनाहत सिंह ने कहा कि विश्व जूनियर स्क्वाश चैंपियनशिप जीतना उनके लिए बहुत मायने रखता है। वह यह उपलब्धि हासिल करने वाली पहली भारतीय खिलाड़ी हैं। अनाहत ने कहा, 'यह मेरे लिए बहुत मायने रखता है। मुझे अब भी ऐसा लग रहा है जैसे मैं सपना देख रही हूं।'' दिल्ली की इस 18 वर्षीय खिलाड़ी ने कहा, 'पिछले चार वर्षों से मैं सेमीफाइनल और क्वार्टर फाइनल में हार रही थी। अगर कोई मुझसे पूछे तो मैं हमेशा यही कहती हूं, 'यह टूर्नामेंट मेरे लिए अभिशाप है' और मैं इस प्रतियोगिता में कभी अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई हूं।'अनाहत ने कहा, 'जूनियर स्तर पर यह मेरा आखिरी साल है और इसे जीतने का यह मेरे पास आखिरी मौका था। इसलिए यह मेरे लिए बहुत मायने रखता है।' अनाहत ने कहा कि वह टूर्नामेंट के फाइनल में खेलने के अनुभव का आनंद लेना चाहती थीं।



## कल होगा टीम का ऐलान, वाशिंगटन पहले टेस्ट से बाहर

# श्रीलंका टेस्ट सीरीज से पहले टीम चयन में फिटनेस बनी बड़ी चुनौती

**नई दिल्ली।** भारतीय चयनकर्ता श्रीलंका के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला से पहले चयन को लेकर दुविधा में हैं, क्योंकि वाशिंगटन सुंदर की 15 अगस्त से गॉल में होने वाले पहले मैच के लिए समय पर ठीक होने की संभावना नहीं है, जिससे रिजर्व स्पिनर का स्थान खाली हो जाएगा। श्रीलंका के खिलाफ टेस्ट मैचों के लिए भारतीय टीम की घोषणा मंगलवार को की जाएगी और अजीत अगरकर की अगुवाई वाली चयन समिति के लिए सबसे बड़ी चुनौती फिट टीम का चयन करना है क्योंकि कई खिलाड़ी फिटनेस संबंधी कई समस्याओं से जूझ रहे हैं। सीनियर तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को भी फिटनेस टेस्ट देना होगा। वह चोट लगने के कारण लॉर्ड्स में इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे और अंतिम वनडे में नहीं खेल पाए थे।



**सारांश को मिल सकता है मौका–** सारांश ने हाल में श्रीलंका ए के खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने दो मैचों में छह विकेट लिए और एक मैच में नाबाद 70 रन बनाए। मुख्य कोच गौतम गंभीर बल्लेबाजी क्रम को मजबूत रखने की रणनीति को प्राथमिकता देते रहे हैं और ऐसे में सारांश अच्छे विकल्प हो सकते हैं।

## यूथ हॉकी एशियन चैंपियनशिप में पाकिस्तान को दी मात

# एशियन चैंपियन बनी टीम इंडिया, महिला टीम को रजत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय सब-जूनियर पुरुष टीम ने मस्कट में खेली गई एफआईएच यूथ हॉकी फाइव्स एशियाई चैंपियनशिप के फाइनल में अपने चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को 3-1 से हराकर खिताब जीता लेकिन महिला टीम को रजत पदक से ही संतोष करना पड़ा। भारत की दोनों टीम ने हालांकि पांच-पांच खिलाड़ियों के साथ खेले जाने वाले इस टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचकर एफआईएच यूथ हॉकी फाइव्स विश्व कप के लिए क्वालीफाई कर लिया है। पुरुष वर्ग के फाइनल में भारत ने शुरू से ही पाकिस्तान पर दबदबा बनाए रखा तथा रोमित पाल (पांचवें), कप्तान केतन कुशवाहा (12वें) और शाहरुख अली (13वें मिनट) के गोल की मदद से भारत एशियाई चैंपियन बनने में सफल रहा। इस जीत के साथ ही भारतीय पुरुष टीम एलीट पूल तालिका में शीर्ष स्थान पर पहुंच गई।



### फाइनल में चीन से हारी भारतीय महिला टीम

महिला वर्ग की प्रतियोगिता में भारतीय सब जूनियर टीम ने चीन के खिलाफ फाइनल में कड़े मुकाबले में 2-4 से हार झेलने के बाद रजत पदक जीता। इससे पहले दिन में भारत ने सेमीफाइनल में कजाकिस्तान को 8-1 से हराकर फाइनल में अपनी जगह पक्की की थी। फाइनल में चीन ने जोरदार शुरुआत करते हुए पहले ही मिनट में टोंगटोंग लू के गोल से बढ़त हासिल कर ली। भारत ने 13वें मिनट में नौशीन नाज के गोल से अंतर कम किया लेकिन चेन गे ने 19वें मिनट में चीन को फिर से तीन गोल की बढ़त दिला दी। पुष्पा मांझी ने 20वें मिनट में गोल करके भारत की उम्मीद जगाई लेकिन चीन ने अपनी बढ़त बरकरार रखते हुए खिताब जीत लिया।


**OFFICE OF MUNICIPAL CORPORATION KORBA**

**e-Procurement Tender Notice**

Main Portal : http://eproc.cgstate.gov.in KORBA

NIT No :- 535/2026 Dated : 21.07.2026

| SN | System Tender No. | Name of Work/Description of Work | Probable Amount of Contract |
|---|---|---|---|
| 1. | 195913 (1st Call) | CONSTRUCTION OF HOCKEY TURF AT STADIUM MUNICIPAL CORPORATION KORBA (C.G.) (DMF Fund) | Rs. 1109.78 Lakh |

The details can be viewed directly from the Government of Chhattisgarh http://eproc.cgstate.gov.in from 21.07.2026 at 20.30 Hours. (IST) onwards.

**Commissioner**
**Municipal Corporation**
**Korba (C.G.)**




मानवता को झकझोर देने वाले आयरलैंड के चर्चित 'मदर एंड बेबी होम' मामले में जांच के दौरान एक और अहम जानकारी सामने आई है। खुदाई कर रही फॉरेंसिक टीम को 22 और नवजात बच्चों के कंकाल और अस्थियां मिली हैं। इसके साथ ही अब तक इस परिसर से कुल 99 बच्चों के अवशेष बरामद किए जा चुके हैं, जिनकी सच्चाई से 60 साल बाद परदा उठा है।

# जब कुंवारी मां बनीं लड़कियां तो बच्चों को जमीन में गाड़ा जिंदा

**डबलिन।** जांच एजेंसियों का मानना है कि जमीन के नीचे अभी भी बड़ी संख्या में बच्चों के अवशेष हो सकते हैं और खुदाई का काम आगे भी जारी रहेगा। ताजा बरामदगी उस हिस्से से हुई है, जिसे पुराने दस्तावेजों में कब्रिस्तान के रूप में दर्ज किया गया था। जांच में शामिल अधिकारियों के मुताबिक, बच्चों के अवशेष छोटे-छोटे ताबूतों में मिले हैं। सभी अवशेषों को सुरक्षित तरीके से आधुनिक फॉरेंसिक लैब में भेजा गया है, जहां उनकी वैज्ञानिक जांच की जाएगी।

## 60 साल बाद उठा 99 लाशों की सच्चाई से परदा!

### 62 लोगों ने सौंपे अपने डीएनए नमूने

उनकी मौत किन परिस्थितियों में हुई और उन्हें वहां किस तरह दफनाया गया, इसकी जांच अभी जारी है। एक्सपर्ट पहले इन कंकालों को संरक्षित करेंगे और फिर रेडियोलॉजी, 3डी स्कैनिंग और अन्य तकनीकों की मदद से यह पता लगाने की कोशिश करेंगे कि बच्चों की उम्र क्या थी, उनकी मौत किन परिस्थितियों में हुई और क्या उनकी पहचान स्थापित की जा सकती है। जांच का एक अहम हिस्सा डीएनए टेस्ट भी है। अब तक 62 लोगों ने अपने डीएनए नमूने जांच एजेंसियों को सौंपे हैं, ताकि अवशेषों की पहचान उनके परिवारों से कराई जा सके.



### बच्चों को माताओं से कर दिया जाता था अलग

इस बारे में वरिष्ठ फॉरेंसिक सलाहकार डॉ. नीव मैकुलघ ने कहा कि शुरुआती खुदाई में ही इतनी बड़ी संख्या में अवशेष मिलना इस बात का संकेत है कि परिसर के अन्य हिस्सों में भी और अवशेष हो सकते हैं। उनके अनुसार, एक ही स्थान पर इतने बच्चों को दफनाया जाना गंभीर जांच का विषय है और पूरी साइट की वैज्ञानिक तरीके से पड़ताल की जा रही है। इस मामले ने पहली बार वर्ष 2014 में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ध्यान खींचा था। इतिहासकार कैथरीन कॉर्लेस ने अपने शोध में पाया कि इस संस्थान से जुड़े 796 बच्चों के मृत्यु प्रमाण पत्र तो मौजूद हैं, लेकिन उनके दफनाने का कोई आधिकारिक रिकॉर्ड नहीं मिला।


### बड़ी संख्या में हुई थी बच्चों की मौत

उपलब्ध रिकॉर्ड बताते हैं कि यहां बड़ी संख्या में बच्चों की मौत हुई थी। रिपोर्टों के अनुसार, इनमें से कई मौतें कुपोषण, संक्रमण और ऐसी बीमारियों के कारण हुईं जिनका इलाज उस समय संभव था। आज भी इस पूरे मामले की जांच जारी है। जांच एजेंसियों का कहना है कि खुदाई पूरी होने और सभी वैज्ञानिक परीक्षण खत्म होने के बाद विस्तृत रिपोर्ट जारी की जाएगी, जिसके बाद ही यह स्पष्ट हो सकेगा कि वहां कुल कितने बच्चों के अवशेष मौजूद हैं।

## रोचक खबरें

### ये है दुनिया का सबसे आलसी जानवर हफ्ते में एक बार ही करता है पॉटी

**नई दिल्ली।** दुनिया भर में आलस्य की मिसाल दी जाए तो सबसे पहले स्लॉथ (Sloth) का नाम लिया जाता है। दक्षिण और मध्य अमेरिका के वर्षावनों में पाया जाने वाला यह अनोखा जानवर इतना आलसी है कि उसकी जिंदगी का अधिकांश हिस्सा पेड़ की डाल पर लटके रहने में बीतता है। वैज्ञानिकों का मानना है कि स्लॉथ प्रकृति का सबसे धीमा जानवर है, जिसकी गति इतनी कम होती है कि इंसान आसानी से इसे पकड़ सकता है। लेकिन, इसके आलस्य के पीछे एक गहरा वैज्ञानिक कारण छिपा है। स्लॉथ की सबसे चर्चित आदत है उसका पॉटी करना। सामान्य जानवर रोजाना कई बार शौच करते हैं, लेकिन स्लॉथ हफ्ते में सिर्फ एक बार नीचे उतरकर पॉटी करता है। यह प्रक्रिया उसके लिए इतनी मेहनत भरी होती है कि वह पेड़ से नीचे आता है, पॉटी करता है और फिर तुरंत वापस चढ़ जाता है। दिलचस्प बात यह है कि पॉटी करने के दौरान वह अपनी बॉडी का लगभग एक तिहाई वजन खो देता है। इतना भारी मल त्याग करना उसके लिए खतरनाक भी हो सकता है, क्योंकि जंगल में शेर, जगुआर जैसे शिकारी उसे आसानी से पकड़ सकते हैं। स्लॉथ का मेटाबोलिक रेट बेहद धीमा होता है। मनुष्यों की तुलना में इसकी मेटाबॉलिज्म 40-74% तक कम होती है। यही वजह है कि यह कम खाता है और जो खाता है उसे पचाने में भी बहुत समय लगता है। इसके बालों पर शैवाल उग आते हैं जो हरे रंग के होते हैं, जिससे यह पेड़ों में घुल-मिल जाता है और शिकारियों से बच जाता है।



### डिलीवरी के ठीक बाद बॉस ने मांगी नवजात की सेल्फी, बाद में नौकरी से भी निकाला!

**कुआलालंपुर।** मलेशिया से एक ऐसा मामला सामने आया है, जिसने सोशल मीडिया पर लोगों को सोचने पर मजबूर कर दिया है। एक महिला का आरोप है कि बच्चे को जन्म देने के कुछ ही घंटों बाद उसके बॉस ने आराम करने या हालचाल पूछने के बजाय उससे यह साबित करने के लिए सबूत मांगने शुरू कर दिए कि उसने सच में बच्चे को जन्म दिया है। हैरानी की बात यह है कि सभी दस्तावेज भेजने के बाद भी कंपनी ने उसका कॉन्ट्रैक्ट रिन्यू नहीं किया। महिला ने अपनी कहानी मलेशियाई मीडिया प्लेटफॉर्म एमस्टार के साथ शेयर की। महिला के मुताबिक, उसने 29 अक्टूबर को अपने पहले बच्चे को जन्म दिया। डिलीवरी के बाद वह अस्पताल में भर्ती थी और रिकवरी की प्रक्रिया से गुजर रही थी। इसी दौरान उसके फोन पर ऑफिस से डिलीवरी के सबूत के लिए लगातार कॉल और मैसेज आने लगे। महिला ने बताया कि शुरुआत में उसके पति ने अस्पताल की ओर से जारी बेबी इंफॉर्मेशन कार्ड बॉस को भेज दिया। पति द्वारा भेजे गए कार्ड में महिला का नाम, अस्पताल की जानकारी और बच्चे के जन्म की तारीख दर्ज थी। उन्हें लगा कि इससे सारी औपचारिकताएं पूरी हो जाएंगी, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। कुछ देर बाद बॉस ने और सबूत मांगने शुरू कर दिए। महिला से कहा गया कि वह अस्पताल में भर्ती होने से जुड़े दस्तावेज दिखाए और अपनी तस्वीर भी भेजे। तब उसने अस्पताल के गाउन में अपनी फोटो भेज दी। इसके बावजूद बॉस का शक खत्म नहीं हुआ। महिला का आरोप है कि इसके बाद उससे कहा गया कि वह नवजात बच्चे को गोद में लेकर एक सेल्फी भेजे, ताकि पुष्टि हो सके कि उसने वास्तव में बच्चे को जन्म दिया है। उस समय वह ऑपरेशन और डिलीवरी के बाद दर्द में थी। ऐसे में बार-बार फोटो भेजने की मांग ने परेशानी और बढ़ा दी। महिला का कहना है कि उसे सबसे ज्यादा दुख इस बात का हुआ कि उसके बॉस ने एक बार भी तबीयत के बारे में नहीं पूछा। पूरा ध्यान सिर्फ इस बात पर था कि वह अपनी बात साबित करे।








## जलवायु परिवर्तन

# ग्लेशियरों के पिघलने से बन सकती हैं 56 हजार नई झीलें

### भारत-पाकिस्तान समेत इन देशों में तबाही का खतरा वैज्ञानिकों ने चेताया

**इस्लामाबाद।** दुनिया में 200,000 से 275,000 ग्लेशियर हैं, जिनमें कुल पानी का 69 फीसदी जमा है। ये ऑस्ट्रेलिया के अलावा हर महाद्वीप पर हैं। ये आर्कटिक, अलास्का, अंटार्कटिका के साथ-साथ हिमालय और एंडीज जैसी पर्वत श्रृंखलाओं में बड़ी संख्या में मौजूद हैं। ये ग्लेशियर जलवायु परिवर्तन के कारण पिघलकर एशिया समेत दुनिया के बड़े हिस्से के लिए खतरे का सबब बन सकते हैं। वैज्ञानिकों ने इसको लेकर चेतावनी दी है। नेचर कम्युनिकेशंस में प्रकाशित एक अध्ययन में स्वीडन, अमेरिका, स्विट्जरलैंड और नॉर्वे के शोधकर्ताओं ने ग्रह पर मौजूद सभी ग्लेशियरों के नीचे की जमीन का नक्शा बनाया और चौंकाने वाले नतीजे पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि जब इस बर्फ का कुछ हिस्सा गायब हो जाएगा तो पृथ्वी पर 56,659 नई झीलें बनेंगी, जो अभी पूरी तरह से जमी हुई हैं।



### इस टीम ने किया विश्लेषण

स्वीडन की उप्साला यूनिवर्सिटी, अमेरिका की कार्नेगी मेलन यूनिवर्सिटी, स्विट्जरलैंड की यूनिवर्सिटी ऑफ लॉजेन और नॉर्वे की यूनिवर्सिटी ऑफ ओस्लो के शोधकर्ताओं की टीम ने ग्रीनलैंड और अंटार्कटिका की बड़ी बर्फ की चादरों के बाहर मौजूद ग्लेशियरों का विश्लेषण किया है। उन्होंने जीपीयू और डीप लर्निंग से चलने वाले 'इंस्ट्रक्टेड ग्लेशियर मॉडल' नाम के थ्री-डायमेंशनल आइस फ्लो मॉडल का इस्तेमाल करके ग्लेशियरों के नीचे की जमीन की बनावट का पता लगाया। इस विश्लेषण का मकसद यह समझना था कि अगर ग्लेशियर पूरी तरह से गायब हो जाएंगे तो पृथ्वी की सतह कैसी दिखेगी।

### एशिया में खतरा क्यों ज्यादा

रिसर्चर्स ने एशियाई इलाके में ग्लेशियर के किनारों के पास बड़े गड्ढे देखे। यह इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि ग्लेशियर के सबसे निचले हिस्से के पास बनने वाली झीलें ज्यादा पानी जमा कर सकती हैं। ये आबादी वाली घाटियों, सड़कों, पनबिजली संयंत्रों, खेती वाले इलाकों और गांवों के करीब हो सकती हैं। हाई माउंटेन एशिया में ग्लेशियर के किनारों के बड़े गड्ढे इसका संकेत हैं कि ग्लेशियर की झील फटने से अचानक बाढ़ आने का खतरा है। इस घटना को अंग्रेजी में **GLOF** कहा जाता है। ये तब होती हैं, जब ग्लेशियर की झील खाली हो जाती है और घाटी में बड़ी मात्रा में पानी, बर्फ और तलछट बहने लगती है।

### क्या कहता है अध्ययन

इस स्टडी का मुख्य नतीजा यह था कि भविष्य में 56,659 ऐसी झीलें बन सकती हैं, जिनका कम से कम एरिया 0.05 वर्ग किलोमीटर होगा। ये भविष्य की झीलें 40,647 वर्ग किलोमीटर जगह घेर सकती हैं और इनमें 3,138 घन किलोमीटर तक पानी जमा हो सकता है। यह मात्रा समुद्र के जलस्तर में 7 मिलीमीटर की बढ़ोतरी के बराबर है, जो सीधे महासागरों में बहने के बजाय इन प्राकृतिक जलाशयों में कुछ समय के लिए जमा रहेगा। इसका मतलब है कि बर्फ से मुक्त होने वाली नई जमीन का 6% हिस्सा झीलों से ढका हो सकता है। स्टडी में इस संख्या की तुलना उन इलाकों में झीलों के कवरेज के ग्लोबल औसत से की गई है, जहां ग्लेशियर नहीं हैं। यह औसत लगभग 2 प्रतिशत है। एशिया के पहाड़ी इलाके चिंता का सबब हैं। स्टडी में ऊंचे पहाड़ी एशियाई इलाके को संवेदनशील माना गया है।

## छोटी सी जलन में पति ने 20 साल तक घर में नहीं बोला एक भी शब्द



**टोक्यो।** जापान के नारा शहर में रहने वाले ओटो कातायामा ने अपनी पत्नी युमी से पूरे 20 साल तक सिर्फ, इसलिए बातचीत नहीं की, क्योंकि उन्हें अपने ही नवजात बच्चों से जलन होने लगी थी। साल 1997 से शुरू हुआ यह अजीबोगरीब सिलसिला तब खुला जब उनके 18 वर्षीय सबसे छोटे बेटे योशिकी ने 2017 में एक टेलीविजन रियलिटी शो 'टीवी होक्काइडो' को पत्र लिखकर मदद मांगी। टीवी शो के मेकर्स दोनों को नारा पार्क की उसी पुरानी बेंच पर ले गए जहां दशकों पहले वे अपनी पहली रोमांटिक डेट पर मिले थे। छिपे हुए कैमरों और रोते हुए बच्चों के सामने ओटो ने 20 साल बाद अपना पहला वाक्य बोला- 'कुछ ऐसा समय हो गया है जब हमने आपस में बात की थी।' उन्होंने स्वीकार किया कि पत्नी का पूरा ध्यान बच्चों पर चले जाने से वे खुद को उपेक्षित महसूस कर रहे थे और इसी बचकाने अहंकार में उन्होंने बोलना बंद कर दिया था।

### खामोशी के बीच हुआ तीसरे बच्चे का जन्म

इस दो दशक लंबे गतिरोध के दौरान दोनों एक ही छत के नीचे रहे, तीन बच्चों की परवरिश की और रोज साथ खाना भी खाया। यहां तक कि इस खामोशी के बीच ही उनके तीसरे बच्चे का जन्म भी हुआ था। लेकिन, बातचीत के नाम पर ओटो अपनी पत्नी के सवालों का जवाब कभी वाक्यों में नहीं देते थे। वे केवल अपना सिर हिलाते या सिर्फ 'कूं-कूं') जैसी अधूरी आवाजें निकालकर रह जाते थे।

## अफ्रीका महाद्वीप के बीचों-बीच फटी धरती

**अदीस अबाबा।** उत्तरी इथियोपिया के सुदूर अफार डिप्रेशन में प्रकृति का एक ऐसा दुर्लभ और अद्भुत नजारा देखने को मिल रहा है, जो अमूमन लाखों-करोड़ों सालों में घटित होता है। यहां अफ्रीकी महाद्वीप धीरे-धीरे दो हिस्सों में बंट रहा है और एक नए महासागर का जन्म हो रहा है। आमतौर पर नदियों, समुद्रों और पर्वतों के निर्माण जैसी भूगर्भीय प्रक्रियाएं बहुत धीमी गति से होती हैं, लेकिन हॉर्न ऑफ अफ्रीका के पास अफार ट्राएंगल में यह बदलाव बेहद हैरान करने वाली रफ्तार से देखने को मिला है। सितंबर 2005 में डब्बाहु ज्वालामुखी में हुए विस्फोट और उसके बाद आए तीव्र भूकंपीय झटकों ने पृथ्वी की ऊपरी परत को चीर दिया।



### 100 मीटर तक नीचे धंस गई जमीन

इसके बाद के कुछ महीनों में रेगिस्तान की सतह पर सैकड़ों छोटी-बड़ी दरारें उभरीं और जमीन 100 मीटर तक नीचे धंस गई। इसी दौरान वैज्ञानिकों ने पाया कि धरती की गहराइयों से पिघला हुआ मैग्मा ऊपर आ रहा है, जो आगे चलकर बेसाल्टिक समुद्री तल का रूप ले रहा है।

## अंटार्कटिका की बर्फ में दिखा विशाल विशालकाय पक्षी

**वॉशिंगटन/नई दिल्ली।** नासा और इसरो के सिंथेटिक अपर्चर रडार सैटेलाइट ने पूर्वी अंटार्कटिका की एक शानदार तस्वीर ली है, जिसमें जमी हुई जमीन पर पंख फैलाए एक विशाल पक्षी जैसी आकृति दिखाई दे रही है।निसार के वैज्ञानिकों ने इसे 'हमिंगबर्ड' नाम दिया है। यह अद्भुत आकृति कोई असली पक्षी नहीं है, बल्कि पहाड़, बर्फ और रडार टेक्नोलॉजी का एक अनोखा मेल है जो पृथ्वी के बर्फीले महाद्वीप की छिपी हुई जानकारियों को सामने लाता है। यह आकृति पूर्वी अंटार्कटिका की बर्फ की चादर के ऊपर उठी हुई एक चट्टानी पर्वत चोटी है, जिसे वैज्ञानिक भाषा में 'नुनाटक ज़ातेरजावशिज्जा' कहा जाता है। बर्फ से बाहर निकली ऐसी खुली चोटियों को 'नुनाटक' कहते हैं। जब ग्लेशियर उत्तर-पूर्व की ओर समुद्र की तरफ बहते हैं तो यह उठा हुआ पहाड़ उनके रास्ते में एक बाधा बनता है। इस वजह से इसके आसपास की गतिशील बर्फ पर भारी दबाव पड़ता है। अगस्त 2025 में निसार के एडवांस्ड L-बैंड रडार से ली गई इस तस्वीर में 'नुनातक ज़तेरजावशिज्या' दिखाई दे रहा है।



### तस्वीर में दिखने वाले रंगों का क्या मतलब है?

नासा और इसरो ने बताया है कि यह तस्वीर सूरज के प्रकाश के बजाय माइक्रोवेव संकेतों का उपयोग करके ली गई है, जो विभिन्न प्रकार की बर्फ की सतहों में अंतर दिखाती है। सामान्य उपग्रहों या कैमरों से देखने पर यह पूरा इलाका केवल सफेद बर्फ जैसा दिखता है। लेकिन, निसार की रडार तकनीक ने इसे अलग-अलग रंगों में दिखाया है। यह रंग चिकनी सतहों से टकराकर लौटने वाले सिग्नलों को दर्शाते हैं। वहीं, सफेद क्षेत्र उन गहरी दरारों और खुरदरे हिस्सों को दिखाते हैं, जहां रडार की तरंगें आंतरिक बर्फीली संरचनाओं से टकराकर बिखर जाती हैं।

## हैरानी — फिर भी इसे देखने को बेताब रहते हैं लोग!

# सबसे अकेला घर, चारों ओर सिर्फ समुद्र, न पड़ोसी न सड़क

**न्यूयार्क।** दुनिया में ऐसे कई घर हैं, जो अपनी बनावट, लोकेशन या इतिहास की वजह से लोगों को हैरान कर देते हैं। कहीं पहाड़ की चोटी पर घर बना है, तो कहीं समुद्र के बीच एक छोटा-सा मकान नजर आता है। कुछ घर पेड़ों पर बने हैं, तो कुछ बर्फीले इलाकों में लोगों का ध्यान खींचते हैं। लेकिन, आइसलैंड का एक सफेद रंग का छोटा-सा घर इन सबसे अलग माना जाता है। पहली नजर में इसे देखकर लगता है कि यहां कोई रहस्यमयी अरबपति रहता होगा या फिर यह किसी हॉलीवुड फिल्म का सेट होगा। हालांकि, इसकी असली कहानी इंटरनेट पर फैली अफवाहों से बिल्कुल अलग है। सोशल मीडिया पर इन दिनों यह अनोखा घर एक बार फिर चर्चा में है, जिसे दुनिया के सबसे अकेले घरों में से एक माना जाता है। दरअसल, यह अनोखा घर आइसलैंड के दक्षिणी तट से दूर स्थित एलिडाए नाम के छोटे से द्वीप पर बना हुआ है।



### अकेलेपन का सबसे खूबसूरत प्रतीक

एलिडाए द्वीप पर बना यह छोटा-सा सफेद घर आज आइसलैंड की प्राकृतिक खूबसूरती और शांत जीवन का प्रतीक बन चुका है। यहां न शहरों का शोर है, न ट्रैफिक और न ही भीड़भाड़ सिर्फ समुद्र की लहरों की आवाज, ठंडी हवाएं और प्रकृति का अद्भुत नजारा दिखाई देता है। यही कारण है कि यह घर दुनिया के सबसे अनोखे और सबसे अलग-थलग बने घरों की सूची में हमेशा शामिल रहता है। सोशल मीडिया पर हमेशा ये दावा किया जाता है कि यह घर किसी अरबपति का प्राइवेट घर है या फिर सालों से ये वीरान पड़ा हुआ है। लेकिन सच्चाई इससे बिल्कुल अलग है। यह सफेद घर दरअसल एलीडाए हंटिंग एसोसिएशन का एक हंटिंग लॉज है। इसे 1950 के दशक में बनाया गया था। जब पफिन नाम के समुद्री पक्षियों के शिकार का मौसम आता है, तब इस संस्था के सदस्य कुछ दिनों के लिए यहां रुकते हैं।

### न बिजली, न पानी फिर भी है रहने की व्यवस्था

इस घर की सबसे हैरान करने वाली बात यह है कि यहां आधुनिक सुविधाएं लगभग हैं ही नहीं हैं। घर में न बिजली की लाइन है, न पाइप से आने वाला पानी और न ही सीवर सिस्टम। जरूरत के लिए बारिश का पानी इकट्ठा किया जाता है और उसी का इस्तेमाल किया जाता है। हालांकि, इतनी सादगी के बीच भी यहां एक पारंपरिक सॉना बनाया गया है, जहां ठंड से राहत पाने के लिए लोग बैठते हैं। कठिन परिस्थितियों के बावजूद यह छोटा-सा घर कुछ दिनों तक आराम से रहने लायक सुविधाएं उपलब्ध कराता है।






हरिभूमि कम्युनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रियंक सिंह परिहार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, रिंग रोड नं. 2, गौरवपथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, रिंग रोड नं. 2, गौरव पथ, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)-495001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक: प्रवीण शुक्ला। RNI No. CHHHIN/2001/03764, फोन : 07752-401050, फैक्स : 07752-401052. e-mail : bilaspur@haribhoomi.com